किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 113 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 01 फरवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

गोहाना की जलेबी की मिठास के बीच 39वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले का भव्य शुभारंभ

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने किया उद्घाटन, 'लोकल से ग्लोबल–आत्मनिर्भर भारत' थीम पर आधारित है महोत्सव

समाज जागरण

फरीदाबाद/सूरजकुंड। हरियाणा के फरीदाबाद स्थित ऐतिहासिक सूरजकुंड में 39वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव का भव्य शुभारंभ रविवार को हुआ। गोहाना की प्रसिद्ध जलेबी की मिठास और लोक-संस्कृति की रंगत के बीच भारत के उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन ने 'लोकल से ग्लोबल-आत्मनिर्भर भारत' थीम पर आधारित इस विश्वप्रसिद्ध महोत्सव का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, विरासत एवं पर्यटन मंत्री श्री अरविंद कुमार शर्मा सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

दीप प्रज्वलन के साथ हुआ औपचारिक शुभारंभ, मोबाइल ऐप भी लॉन्च

सूरजकुंड पहुंचने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का स्वागत किया। इसके पश्चात उपराष्ट्रपति ने दीप प्रज्वलित कर शिल्प महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन किया।

इस मौके पर सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला आधारित एक विशेष मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया गया, जिससे दर्शकों को मेले से जुड़ी जानकारियां डिजिटल रूप से उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम के दौरान मंचासीन अतिथियों का स्वागत गोहाना की प्रसिद्ध जलेबी खिलाकर पारंपरिक अंदाज में किया गया।

लोक कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां

उद्घाटन समारोह के बाद देश-विदेश से आए लोक कलाकारों और सांस्कृतिक दलों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। नृत्य, संगीत और लोककलाओं की रंगीन छटा ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया।

यह अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला 15 फरवरी तक चलेगा। आयोजन हरियाणा पर्यटन निगम द्वारा केंद्रीय पर्यटन, वस्त्र, संस्कृति एवं विदेश मंत्रालय के सहयोग से किया जा रहा है।

सीएम नायब सैनीः सूरजकुंड मेला कला और शिल्प का महाकुंभ

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सूरजकुंड मेला कला और शिल्प का ऐसा महाकुंभ है, जिसकी पहचान केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में है।

उन्होंने कहा कि यह मेला हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक सोच का अद्भुत संगम है। (इनपुटः आईएएनएस)

'लोकल टू ग्लोबल' थीम पीएम मोदी के विजन का सजीव उदाहरण

मुख्यमंत्री ने कहा कि 39वें सूरज कुंड मेले की थीम 'लोकल टू ग्लोबल' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन को दशार्ती है, जिसके माध्यम से देश के कोने-कोने में मौजूद कारीगरों और शिल्पकारों को वैश्विक बाजार से जोड़ा जा रहा है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक गर्व और परंपराओं से जुड़ी चेतना भी है।

दरभंगा: DMCH में इमरजेंसी सेवा ठप्प, डॉक्टरों और मरीज के परिजनों के बीच मारपीट से बिगड़ा मामला

दरभंगाः बिहार के दरभंगा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल यानी डीएमसीएच में इमरजेंसी सेवा ठप हो गई है. यहां मामला इतना बिगड़ गया कि जूनियर डॉक्टर और मरीज के परिजनों के बीच मार पीट हो गई. इससे मामला ज्यादा बिगड़ गया. मरीज के परिजनों ने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही करने और शिकायत करने पर पिटाई करने का आरोप लगाया है. इस मामले में डॉक्टरों ने अपनी सफाई में मरीज के परिजनों पर आरोप लगाया है. डॉक्टरों ने इलाज के बावजूद मरीज के परिजनों पर हंगामा करने का आरोप लगाया है. हंगामे के बाद मरीज के परिजनों को जूनियर डॉक्टरों ने कमरे में बंद कर दिया. मौके पर पहुंची पुलिस मामले को समझने और हंगामा शांत कराने में जुटी है. इससे पहले हाल ही में डीएमसीएच मेडिसिन इमरजेंसी में इलाज को लेकर पीजी डॉक्टरों और एक मरीज के परिजन के बीच तीखी नोकझोंक हो गई थी.

अरुणाचल में सेना-आईटीबीपी का संयुक्त अभ्यास 'अग्नि परीक्षा', युद्ध तैयारियों को मिली नई धार

फेज-II में स्पीयर कॉर्प्स और आईटीबीपी जवानों ने दिखाया दम, यथार्थपरक युद्ध परिस्थितियों में बढ़ा तालमेल और आपसी विश्वास

समाज जागरण

अरुणाचल प्रदेश/नई दिल्ली। भारतीय सेना और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने अरुणाचल प्रदेश के तेजू क्षेत्र में चार दिवसीय संयुक्त फायरिंग अभ्यास 'अग्नि परीक्षा' का दूसरा चरण सफलतापूर्वक संपन्न किया।

यह अभ्यास 25 से 28 जनवरी के बीच आयोजित हुआ और इसका उद्देश्य दोनों बलों के बीच समन्वय बढ़ाना तथा युद्धक तैयारियों को और अधिक मजबूत करना था।

चार दिन चले इस अभ्यास में स्पीयर कॉर्प्स के स्पीयरहेड गनर्स, आर्टिलरी रेजिमेंट, इन्फैंट्री बटालियनों और आईटीबीपी जवानों ने हिस्सा लिया। इस दौरान लाइव आर्टिलरी फायरिंग के जरिए संयुक्त फायरपावर प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

गैर-गनर कर्मियों को प्रशिक्षण और तालमेल

अभ्यास का प्रमुख फोकस गैर-गनर कर्मियों को आर्टिलरी प्रक्रियाओं और विभिन्न फायरिंग मिशनों से परिचित कराना रहा। अनुभवी गनर्स की निगरानी में इन्फैंट्री और आईटीबीपी जवानों ने स्वतंत्र रूप से कई आर्टिलरी फायरिंग ड्रिल का प्रशिक्षण लिया।

लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत के अनुसार, इस प्रशिक्षण ने यथार्थपरक युद्ध परिस्थितियों में बलों के बीच आपसी विश्वास, समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को बढ़ाया।

लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत का बयान

"इस अभ्यास से अंतर-बल तालमेल और युद्धक क्षमता को मजबूती मिली है। हम भविष्य में किसी भी उभरती परिचालन चुनौती का सामना और प्रभावी ढंग से कर सकते हैं।"

पहले चरण (19-24 जनवरी) का अभ्यास पूर्वी सियांग जिले के सिगार क्षेत्र में आयोजित हुआ था। छह दिवसीय फेज-कमें भारतीय सेना और आईटीबीपी ने संयुक्त परिचालन और इंटर-एजेंसी तालमेल में महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की थी।

बहादुरगंज में लोहा कारोबारी के ठिकानों पर पटना की टीम का बड़ा छापा

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। किशनगंज जिले के बहादुरगंज में शनिवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब पटना से आई विशेष टीम ने लोहा कारोबारी अहमद कंपनी के विभिन्न ठिकानों पर एक साथ बड़ी छापेमारी शुरू की। अचानक हुई इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप का माहौल बन गया।

सूत्रों के अनुसार पटना से आई टीम ने बहादुरगंज स्थित अहमद कंपनी के दो पेट्रोल पंपों के अलावा हार्डवेयर दुकान एवं गोदाम में एक साथ छापेमारी की। इसके साथ ही किशनगंज शहर में स्थित कंपनी के एक अन्य प्रतिष्ठान पर भी कार्रवाई किए जाने की सूचना है। सभी स्थानों पर अधिकारियों द्वारा एक साथ दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है।

इस कार्रवाई में आयकर, जीएसटी सहित अन्य संबंधित विभागों के 40 से अधिक अधिकारी शामिल बताए जा रहे हैं। टीम द्वारा कंपनी के वित्तीय लेन-देन, स्टॉक रजिस्टर एवं अन्य महत्वपूर्ण कागजातों की बारीकी से जांच की जा रही है। छापेमारी के दौरान संबंधित प्रतिष्ठानों पर अधिकारियों की आवाजाही लगातार बनी हुई है। फिलहाल छापेमारी की कार्रवाई जारी है। अधिकारियों की ओर से अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। कार्रवाई के कारण स्थानीय व्यवसायियों और आम लोगों में तरह-तरह की चचाएं चल रही हैं।

मामले से जुड़ी विस्तृत जानकारी एवं कार्रवाई का परिणाम अधिकारियों की आधिकारिक पुष्टि के बाद सामने आने की संभावना है।

ईरान में सीरियल ब्लास्ट से दहले 4 शहर, लगे लाशों के ढेर

समाज जागरण

तेहरानः बार-बार ट्रंप से मिल रही अटैक की धमकियों के बीच ईरान धमाकों से दहल गया है. ईरान में शनिवार को एक के बाद एक 4 ब्लास्ट की खबर आ रही है. तेहरान से लेकर बंदर अब्बास तक, आसमान में धुएं का गुबार है और सड़कों पर चीख-पुकार मची हुई है. लाशों के ढेर लग गए हैं लेकिन अभी तक धमाकों की वजह पर खुलासा नहीं हुआ है. ऐसे में कई तरह की अफवाहें फैल रही हैं.

सीरियल ब्लास्ट के बाद लोगों के दिलों में इस बात की दहशत बैठ गई है कि कहीं ईरान में किसी बड़े 'सीक्रेट मिशन' की शुरूआत तो नहीं हो गई है.

31 जनवरी 2026 की यह शाम ईरान के लिए किसी खौफनाक सपने की तरह साबित हुई. जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के बीच बढ़ते बवाल से पहले ही लोगों पैनिक की हालत में थे, ठीक उसी वक्त ईरान के एक-दो नहीं, बल्कि चार प्रमुख शहर जोरदार धमाकों की गूंज से दहल उठे. शुरूआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, देश के जिन चार शहरों में धमाके की बात कही जा रही है, उसमें बंदर अब्बास, अहवाज, अरदबील और परंद शामिल हैं.

ईरान में कहां-कहां हुआ धमाका?

बंदर अब्बासः दक्षिणी ईरान का यह सबसे महत्वपूर्ण बंदरगाह शहर तबाही का केंद्र बना. यहां आजादगान जिले में एक 8 मंजिला इमारत के परखच्चे उड़ गए. चश्मदीदों का कहना है कि धमाका इतना पावरफुल था कि कई किलोमीटर दूर तक खिड़कियों के कांच टूट गए.

यूपी को मिलेगा एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का नया इंजन

यमुना एक्सप्रेस-वे क्षेत्र में इंटरनेशनल फिल्म सिटी से बदलेगी उत्तर प्रदेश की आर्थिक व सांस्कृतिक तस्वीर

स्टूडियो से फिल्म यूनिवर्सिटी तक एक ही परिसर में पूरा फिल्म इकोसिस्टम, हजारों युवाओं को रोजगार, एक्टिंग से टेक्निकल प्रोफेशन तक खुलेंगे अवसर

फिल्म निर्माण से पर्यटन को भी मिलेगा बढ़ावा, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रोडक्शन हाउसों को आकर्षित करने की तैयारी

लखनऊ, 31 जनवरी। यमुना एक्सप्रेस-वे के किनारे सेक्टर-21 में विकसित की जा रही इंटरनेशनल फिल्म सिटी, उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल है। एक हजार एकड़ में विकसित होने वाली इस परियोजना को जून, 2028 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार इस फिल्म सिटी को प्रदेश की आर्थिक और सांस्कृतिक दिशा बदलने वाली परियोजना के रूप में देख रही है। इस फिल्म सिटी के बन जाने से उत्तर प्रदेश फिल्म निर्माण और मनोरंजन उद्योग के बड़े केंद्र के रूप में उभरेगा। फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों का मानना है कि योगी सरकार की इस परियोजना के पूरा होने के बाद एंटरटेनमेंट की दुनिया में बड़ा बदलाव आएगा।

यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) द्वारा परियोजना की निगरानी के लिए इंजीनियरिंग एजेंसी और चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्मों के चयन हेतु निविदाएं आमंत्रित की हैं, जिसे परियोजना के निर्माण चरण में प्रवेश का संकेत माना जा रहा है। इंटरनेशनल फिल्म सिटी को मीडिया और एंटरटेनमेंट सेक्टर के एक समग्र केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां अत्याधुनिक फिल्म स्टूडियो, शूटिंग फ्लोर, पोस्ट प्रोडक्शन यूनिट और फिल्म यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाएगी। उद्देश्य यह है कि फिल्म निर्माण से जुड़ी पूरी प्रक्रिया एक ही स्थान पर संपन्न हो और अन्य राज्यों पर निर्भर न रहना पड़े।

खास है फिल्म सिटी की लोकेशन फिल्म सिटी की लोकेशन को इस परियोजना की सबसे बड़ी ताकत माना जा रही है। यमुना एक्सप्रेस-वे से सीधी कनेक्टिविटी और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से निकटता की वजह से देश-विदेश के फिल्म निमार्ताओं के लिए यहां पहुंचना आसान होगा। बेहतर कनेक्टिविटी के कारण बड़े प्रोडक्शन हाउस उत्तर प्रदेश में शूटिंग के प्रति आकर्षित होंगे। फिल्मों व वेब सीरीज की शूटिंग के लिए यह आदर्श स्थान होगा।

रोजगार सृजन में भी होगी बड़ी भूमिका

योगी सरकार इस परियोजना को रोजगार सृजन से भी जोड़कर देख रही है। फिल्म सिटी के निर्माण और संचालन से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। अभिनय, तकनीकी कार्य, कैमरा संचालन, संपादन, सेट डिजाइन और कॉस्ट्यूम डिजाइन जैसे क्षेत्रों में प्रदेश के युवाओं को काम मिलेगा। सरकार का फोकस है कि स्थानीय प्रतिभाओं को प्रदेश में ही बेहतर अवसर उपलब्ध कराये जाएं।

पर्यटन क्षेत्र को मिलेगी गति

फिल्म सिटी के विकास से पर्यटन क्षेत्र को भी नई गति मिलने की उम्मीद है। सरकार की योजना है कि फिल्म सिटी के आसपास होटल, कन्वेंशन सेंटर और मनोरंजन से जुड़ी गतिविधियों को विकसित किया जाए। इससे फिल्म पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। इसका सीधा लाभ स्थानीय व्यापार, होटल उद्योग और सेवा क्षेत्र को मिलेगा।

मजबूत होगी प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान

इंटरनेशनल फिल्म सिटी उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूत करेगी। प्रदेश की लोक कला, संस्कृति और पारंपरिक विरासत को फिल्मों और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान मिलेगी।

बजट 2026 से मिडिल क्लास को टैक्स राहत की उम्मीद, उद्योगों के लिए निवेश और रोजगार बढ़ाने पर रहेगा जोर

समाज जागरण

नई दिल्ली. केंद्रीय बजट 2026 को लेकर मिडिल क्लास, उद्योग जगत और अर्थशास्त्रियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है. यह बजट ऐसे समय आ रहा है, जब वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता बनी हुई है, लेकिन भारत की आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत मजबूत मानी जा रही है. विशेषज्ञों का मानना है कि इस बजट में सरकार का फोकस टैक्स राहत, निवेश बढ़ाने और रोजगार सृजन पर रहेगा, ताकि आर्थिक विकास की रफ्तार को बनाए रखा जा सके.

आर्थिक सर्वेक्षण से बढ़ा भरोसा

हाल ही में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में भारत की विकास दर 6.8 से 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है. विशेषज्ञ इसे एक यथार्थवादी और संतुलित अनुमान मान रहे हैं. उनका कहना है कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत घरेलू मांग, मजबूत सेवाक्षेत्र और सरकारी निवेश के दम पर आगे बढ़ रहा है. यही वजह है कि बजट 2026 से आर्थिक गतिविधियों को और मजबूती मिलने की उम्मीद की जा रही है.

मिडिल क्लास को टैक्स राहत की उम्मीद

बजट 2026 से मिडिल क्लास को सबसे ज्यादा उम्मीद टैक्स राहत को लेकर है. एक्सपर्ट्स का मानना है कि सरकार कैपिटल गेन टैक्स में कुछ राहत दे सकती है. पिछली बार लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स की सीमा बढ़ाई गई थी और इस बार भी इसमें सुधार संभव है. इसके अलावा होम लोन के ब्याज पर अतिरिक्त छूट, शिक्षा और स्वास्थ्य खर्च से जुड़ी राहत से मिडिल क्लास की जेब में ज्यादा पैसा आ सकता है, जिससे खपत बढ़ेगी.

दिल्ली एयरोसिटी बनेगा ट्रिपल इंटरचेंज हब, एयरपोर्ट कनेक्टिविटी को मिलेगी नई रफ्तार

दिल्ली मेट्रो की एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर स्थित दिल्ली एयरोसिटी मेट्रो स्टेशन जल्द ही एक प्रमुख इंटरचेंज हब के रूप में विकसित होगा। दिल्ली मेट्रो फेज-4 के तहत बन रही तुगलकाबाद-एयरोसिटी गोल्डन लाइन (पूर्व में सिल्वर लाइन) को इस स्टेशन से जोड़ा जा रहा है, जिससे यह स्टेशन दिल्ली मेट्रो नेटवर्क का एक अहम केंद्र बन जाएगा।

टर्मिनल-1 तक अंडरग्राउंड विस्तार को मंजूरी

हाल ही में गोल्डन लाइन को एयरोसिटी से आगे बढ़ाकर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 तक 2.263 किलोमीटर लंबे हिस्से को मंजूरी दी गई है। यह पूरा विस्तार अंडरग्राउंड होगा, जिससे दक्षिण दिल्ली से एयरपोर्ट के घरेलू टर्मिनल तक यात्रियों को सीधी और सुगम कनेक्टिविटी मिलेगी।

भविष्य में ट्रिपल इंटरचेंज की संभावना

आने वाले समय में दिल्ली एयरोसिटी स्टेशन ट्रिपल इंटरचेंज हब के रूप में विकसित हो सकता है। नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एनसीआरटीसी) द्वारा प्रस्तावित अलवर कॉरिडोर के लिए भी यहां इंटरचेंज की योजना है। इसके लिए स्टेशन में पहले से ही आवश्यक स्ट्रक्चरल प्रावधान किए जा रहे हैं। गोल्डन लाइन और एनसीआरटीसी कॉरिडोर एक-दूसरे को क्रॉस करेंगे,

भक्ति आंदोलन के सूर्य संत शिरोमणि रविदास

भारतीय इतिहास का मध्यकाल (15वीं-16वीं शताब्दी) न केवल राजनीतिक उथल-पुथल का दौर था, बल्कि तत्कालीन भारत एक गहरे वैचारिक संक्रमण काल से भी गुजर रहा था। एक ओर विदेशी आक्रांताओं के प्रभाव से भारतीय समाज अपनी रक्षात्मक मुद्रा में था, वहीं दूसरी ओर आंतरिक रूप से जातिवाद, छुआछूत और विद्वता नहीं बल्कि जन्मना ब्राह्मणवाद की कट्टरता ने समाज को खोखला कर दिया था। ऐसे अंधकारमय समय में काशी की धरती पर विक्रम संवत 1433 में माघ पूर्णिमा के दिन संत रविदास का प्रकटीकरण केवल एक धार्मिक घटना नहीं थी, बल्कि यह एक मानवीय क्रांति का सूत्रपात था। इस आध्यात्मिक और सामाजिक पुनर्जागरण के कालखंड में संत रविदास (जिन्हें रैदास के नाम से भी जाना जाता है) एक ऐसे प्रकाश स्तंभ बनकर उभरे, जिन्होंने धर्म की रूढ़िवादी व्याख्याओं को चुनौती दी और भक्ति को कर्मकांडों के चंगुल से मुक्त कर सीधे मानवता से जोड़ दिया। उनका जीवन और दर्शन आज भी सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों की आधारशिला माना जाता है। उन्होंने धर्म को मंदिर-मस्जिद की दीवारों से निकालकर इंसानियत की चौखट पर ला खड़ा किया।

संत रविदास का जन्म वाराणसी के निकट सीर गोवर्धनपुर ग्राम में विक्रम संवत 1433 में माघ पूर्णिमा को हुआ था। उनके पिता संतोख दास और माता कलसां देवी थे। वे एक चर्मकार परिवार से संबंधित थे। तत्कालीन समाज में इस कार्य को करने वाली जातियों को अछूत और हेय दृष्टि से देखा जाता था। लेकिन संत रविदास ने अपने पैतृक व्यवसाय (जूते बनाना) को कभी नहीं त्यागा। उन्होंने सिद्ध किया कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता, बल्कि उसे करने वाली नियत महत्वपूर्ण होती है। वे जूते गांठते हुए भी ईश्वर का सिमरन करते थे। यही उनके जीवन का पहला बड़ा सुधार था-श्रम की गरिमा की स्थापना। उनके गुरु स्वामी रामानंद थे। रामानंद के सान्निध्य व प्रभाव से रविदास की आध्यात्मिक दृष्टि व्यापक हुई, जहां उन्होंने सीखा कि जाति-पाति पूछे नहीं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई। रविदास का स्वामी रामानंद का शिष्य बनना मध्यकालीन इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना है। रामानंद ने जाति-पाति पूछे नहीं कोई का जो नारा दिया था, रविदास उसके जीवंत उदाहरण बने। कहा जाता है कि जब रविदास ने रामानंद से दीक्षा मांगी, तो काशी के पंडितों ने इसका विरोध किया। तब रामानंद ने उनके अंतर्मन की शुद्धि को देखकर उन्हें अपनाया। रविदास ने गुरु से प्राप्त ज्ञान को अपनी कर्मस्थली जूते बनाने की दुकान पर ही चरितार्थ किया। उन्होंने सिद्ध किया कि ईश्वर को पाने के लिए हिमालय जाने की आवश्यकता नहीं, बल्कि ईमानदारी से अपना कर्म करना ही तपस्या है। उन्होंने सामाजिक सुधार के लिए जातिवाद पर प्रहार और समानता का शंखनाद किया। रविदास का सबसे बड़ा योगदान जाति आधारित ऊँच-नीच के विरुद्ध उनका साहसी संघर्ष था। उन्होंने शास्त्रों की उन दकियानूसी व्याख्याओं को नकारा जो मनुष्य को जन्म के आधार पर विभाजित करती थीं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में घोषणा की- रैदास जन्म के कारनै, होत न कोई नीच।

नर को नीच करि डारि है, ओछे करम की कीच।।

अर्थात- मनुष्य जन्म से नीच नहीं होता, बल्कि उसके बुरे कर्म ही उसे नीच बनाते हैं।

उनका मानना था कि सभी मनुष्य एक ही ईश्वर की संतान और पंच तत्वों से निर्मित हैं। उन्होंने प्रश्न किया कि यदि सबका सृजनहार (ईश्वर) एक है, तो इंसानों में भेद कैसा? उनके इस दर्शन ने समाज के वंचित वर्गों में आत्म-सम्मान का संचार किया। रविदास ने अपनी वाणी में एक ऐसे आदर्श शहर की कल्पना की, जिसे उन्होंने बेगमपुरा नाम दिया। यह केवल एक धार्मिक कल्पना नहीं थी, बल्कि एक राजनीतिक और सामाजिक घोषणापत्र था। उनके अनुसार बेगमपुरा अर्थात बिना-गम का शहर एक ऐसा स्थान है, जहां दुःख व चिंता (तसवीस) का नामोनिशान नहीं है। कोई कर (खिराज) या संपत्ति का भय नहीं है। कोई सामाजिक भेदभाव या ऊँच-नीच नहीं है। सभी नागरिक समान हैं और कहीं भी आने-जाने के लिए स्वतंत्र हैं।

उल्लेखनीय है कि थॉमस मोर की यूटोपिया से सदियों पहले, रविदास ने एक ऐसे संप्रभु और समतावादी समाज का खाका खींचा था, जो आज के आधुनिक लोकतंत्र और कल्याणकारी राज्य के सिद्धांतों से मेल खाता है। रविदास की भक्ति निर्गुण थी, लेकिन उनके हृदय में ईश्वर के प्रति प्रेम अत्यंत सगुण और गहरा था। उनका प्रसिद्ध सूत्र- मन चंगा तो कठौती में गंगा- बाहरी दिखावों, तीर्थ यात्राओं और कर्मकांडों पर सबसे बड़ी चोट थी। उन्होंने सिखाया कि यदि आपका मन पवित्र है और कर्म ईमानदारी भरा है, तो आप जिस बर्तन (कठौती) में काम कर रहे हैं, उसी में गंगा का पुण्य प्राप्त हो सकता है। उनके इन्हीं गुणों से प्रभावित होकर मेवाड़ की रानी मीराबाई ने रविदास को अपना गुरु बनाया था। एक चर्मकार संत को एक क्षत्रिय रानी द्वारा गुरु स्वीकार किया जाना मध्यकाल की सबसे बड़ी सामाजिक क्रांति थी। यह इस बात का प्रमाण था कि ज्ञान और भक्ति किसी जाति की बपौती नहीं हैं। संत रविदास की वाणी सरल, सहज और हृदय को छूने वाली थी। उनकी रचनाओं ने धर्म और भाषा की सीमाओं को तोड़ दिया। उनकी भाषा सरल ब्रज, अवधी और राजस्थानी का मिश्रण है, जिससे वे आम जनता से सीधे जुड़ सके। उनकी वाणी में करुणा और विद्रोह का अद्भुत संतुलन है। उनकी आध्यात्मिक महानता, उनके साहित्यिक विरासत की व्यापक स्वीकार्यता का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि उनके 40 पद सिखों के सबसे पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में संकलित हैं। सिखों के पंचम गुरु, गुरु अर्जुन देव सिंह ने उनकी वाणी को गुरुओं के बराबर सम्मान दिया। उनके पदों में ईश्वर के प्रति समर्पण, विरह और सामाजिक चेतना का अद्भुत मिश्रण है। वे स्वयं को खलास चमारा अर्थात मुक्त चमार कहते थे, जो जाति के बंधनों से ऊपर उठ चुका था। वर्तमान में भी संत रविदास केवल एक ऐतिहासिक पात्र नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं। पंजाब और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में उनके अनुयायियों ने उनकी शिक्षाओं को एक व्यवस्थित स्वरूप दिया है, जिसे रविदासिया धर्म के रूप में जाना जाता है। भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पी डॉ. बी.आर. अंबेडकर रविदास के विचारों से अत्यंत प्रभावित थे। संविधान में वर्णित समानता, न्याय और बंधुत्व के मूल्य कहीं न कहीं रविदास के बेगमपुरा के सपने का ही विस्तार हैं।

संत रविदास का जीवन इस बात का संदेश है कि विपरीत परिस्थितियों और सामाजिक भेदभाव के बावजूद, मनुष्य अपने चरित्र और कर्म से सर्वोच्चता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने भक्ति को परलोक से हटाकर इहलोक (इस संसार) के सुधार से जोड़ा। उनका नारा- रैदास मनुष ना जुड़ सके, जब लौ जाति न जात- आज के खंडित समाज के लिए सबसे बड़ी चेतावनी और समाधान है। जब तक संसार में गरीबी, भेदभाव और अन्याय रहेगा, संत रविदास का बेगमपुरा मानवता का अंतिम लक्ष्य बना रहेगा। वे केवल एक समुदाय के संत नहीं, बल्कि पूरे विश्व के मानवतावादी पथ प्रदर्शक हैं। मध्यकालीन भारत की वैचारिक पृष्ठभूमि में बेगमपुरा को मानवीय चेतना का वैश्विक घोषणापत्र और सामाजिक क्रांति का महाकाव्य कहा जा सकता है। संत रविदास का जीवन जहां चर्मकार कुल का संघर्ष का प्रतीक हैं, वहीं प्रतिकूलताओं के बीच प्रज्ञा का उदय का भी द्योतक है। जिस काल में शूद्रों के लिए वेद सुनना भी अपराध माना जाता था, उस काल में एक चर्मकार परिवार में जन्म लेकर ब्रह्म-ज्ञान प्राप्त करना अपने आप में एक विद्रोह था। रविदास ने बचपन से ही सामाजिक अपमान को देखा, लेकिन उनके भीतर घृणा के बजाय करुणा का संचार हुआ। वे बचपन से ही साधु-संतों की सेवा में लगे रहते थे। कथाओं के अनुसार वे अक्सर अपने पिता द्वारा दिए गए धन से भूखे साधुओं को भोजन करा देते थे। उनकी यह परोपकारी प्रवृत्ति आगे चलकर उनके व्यापक मानवतावाद का आधार बनी।

आज संत रविदास केवल एक ऐतिहासिक संत नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक चेतना हैं। डॉ. अंबेडकर ने रविदास को अपना वैचारिक पूर्वज माना। बेगमपुरा का विचार ही भारतीय संविधान की प्रस्तावना में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के रूप में झलकता है। संत रविदास का जीवन एक ऐसी यात्रा है, जो अज्ञान से ज्ञान की ओर, अपमान से सम्मान की ओर और भेदभाव से बेगमपुरा की ओर ले जाती है। उन्होंने तलवार नहीं उठाई, बल्कि अपनी जूते सिलने का औजार सुतारी और वाणी से समाज की जड़ता को काट दिया। वे कहते थे-

शिक्षित युवा वर्ग के लिए बेरोजगारी समस्या नहीं मूल आवश्यकता है।

संभवत अगली जनगणना के बाद भारत सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश होगा इसके अलावा सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला भी देश होगा' निश्चित तौर पर यह हमारे पर निर्भर है यह हमारी युवा जनसंख्या का उपयोग हम किस विकास की गति के साथ साथ तालमेल बिठाकर भारत राष्ट्र का गौरव बढ़ाते हैं' भारत का अधिकांश युवा रोजगार का तलबगार हो गया है,उसे सही मार्गदर्शन और नियोजन की योजना की जरूरत भी है।भारत की युवा और दीवा शक्ति के माध्यम से साइंस, टेक्नोलॉजी,मे-डिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं उद्यम के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया जाना चाहि-हए ' अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं। बहुत अधिक जनसंख्या देश में अनेक सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक समस्याओं को जन्म भी देती है। वर्तमान में भारत 142 करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में दूसरे नंबर पर है पहले नंबर पर चाइना 145(अनुमानित)करोड़ की आबादी वाला देश है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1989 से 11 जुलाई को हर वर्ष जनसंख्या दिवस के रूप में मनाता है पर जनसंख्या नियंत्रण या जनसंख्या नियोजन पर भारत जैसे देश में कोई भी योजना नहीं बनती है। यही जनसंख्या बढ़ चुकी है और भारत में युवा जनसंख्या 60% से ज्यादा है तो इसका सकारात्मक उपयोग ही किया जाना युक्ति युक्त होगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से भारत की जनसंख्या बाजार की ताकत है पर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से जनसंख्या विकास के लिए बड़ी बाधक भी है। अधिक जनसंख्या के दबाव में सीमित संसाधन छिन्न-भिन्न हो जाते हैं आम जनता को उनकी मूल जरूरतों की आवश्यक वस्तुएं नहीं मिल पाती और यदि मिलती भी है तो बहुत ऊंची दरों में या बहुत महंगाई के बाद।ऐसे में देश में अनेक समस्याएं पैदा होती है, और सबसे ज्यादा जनसंख्या के दबाव से विकास के लिए संकट खड़ा हो जाता है। विकास धीरे-धीरे मध्यम का अवरुद्ध हो जाता है। देश का आर्थिक नियोजन चरमराने लगता है। वर्ष 1951 से 81 के दशक को भारत की जनसंख्या की विस्फोटक अवधि के रूप में जाना जाता है। यह देश में मृत्यु दर के तीव्र स्खलन और जनसंख्या की उच्च प्रजनन दर के कारण हुआ है। वर्ष 1921 तक की अवधि में भारत की जनसंख्या की वृद्धि स्थिर अवस्था में रही क्योंकि इस अवधि में जनसंख्या वृद्धि की दर काफी निम्न थी। 1981 से लगातार अभी तक जनसंख्या की दर बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बढ़ती जनसंख्या के मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस स्लोगन 'परिवार नियोजन मानव का अधिकार' रखा गया है, ताकि बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्याओं के प्रति जागरूक होकर लोगों द्वारा परिवार नियोजन पर उत्साहजनक जोर दिया जाए। यह स्लोगन यह संकेत करता है कि सुरक्षित एवं शैक्षिक परिवार नियोजन एक जिम्मेदार नागरिक का अधिकार है और यह सभी लोगों को सशक्त बनाएगा और देश में विकास की गति को तेज करने में सहायक भी होगा। भारत की जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण बढ़ती जन्म दर और कम मृत्यु दर भी है। जनसंख्या वृद्धि के कारण देश मैं बेरोजगारी गरीबी पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्याएं चुनौती बनकर सामने आई जो समाज व्यक्ति और राष्ट्र सभी के विकास को अवरुद्ध करती है। हमारे पास उपलब्ध संसाधन इतनी बड़ी आबादी के लिए कतई पर्याप्त नहीं है। विकास और देश की समृद्धि के लिए जनसंख्या नियंत्रण एक आवश्यक अंग हो सकता है। कई यूरोपीय देशों ने अपनी बढ़ती जनसंख्या एवं संसाधनों में उचित तालमेल हेतु परिवार नियंत्रण प्रणाली को का निर्णय लिया किंतु एक समय बाद वहां कार्यशील जनसंख्या की अपेक्षा वृद्धों की संख्या में वृद्धि हुई जिससे मानव संसाधन की समस्याएं उनके सामने आने लगी हैं। चीन में पहले जनसंख्या नियंत्रण किया गया था। सरकार ने वैधानिक रूप से एक या दो बच्चे पैदा करने की शर्तें लागू की थी, पर वहां बुजुर्गों, वृद्धों की संख्या में भारी वृद्धि होने के पश्चात चीन की सरकार ने ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपनी जनता से अपील की है। जापान एक छोटा सा देश होने के बावजूद अपने सीमित संसाधनों के चलते अपने नवाचार तथा तकनीकी शक्ति के बल पर विकासशील देशों के समकक्ष खड़ा है। भारत जैसे विशाल देश में जहां बहुत बड़ी जनसंख्या भी है और विकास के लिए आवश्यक संसाधन भी हैं, विकास करने के लिए केवल विशाल जनसंख्या के साथ सामंजस्य बिठाने की आवश्यकता होगी। भारत में जनसंख्या नियंत्रण के साथ-साथ उसके अनुपात में संसाधनों का संतुलन बना कर विकास की नई दिशा दी जा सकती है। संसाधनों की उचित दोहन हेतु सही और सटीक नीति तथा उसके क्रियान्वयन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा नवाचार एवं उचित तकनीक प्रौद्योगिकी को भी अमल में लाना होगा। भारत विश्व का प्रथम देश है जिसने 1952 में परिवार नियोजन कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया इसका परिणाम भी अच्छा हुआ था कि पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या की वृद्धि में संतोषजनक गिरावट आई है। यह तो विदित है कि किसी भी राष्ट्र की संतुलित विकास की धारा तभी संभव है जब वहां के विकास में सहायक संसाधनों का संतुलन बना रहे। किसी एक घटक का संतुलन यदि गड़बड़ होता है तो विकास के लिए गंभीर समस्याएं जन्म लेना शुरू करती हैं। भारत की जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो दिन दूर नहीं जब संसाधनों की कमी से भारत को जूझना होगा फिर विकास की बात बेमानी हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जनसंख्या दिवस मनाने का उद्देश्य है कि व्यक्ति समाज सरकार और योजना कानों के मन में इस विषय से संबंधित समस्याओं के प्रति चेतना संवेदना जगाना ही है ताकि लोगों में बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी समस्याएं एवं अवरोधों के बारे में जागरूकता ज्यादा से ज्यादा विस्तारित हो। भारत के पास विकास के सभी मापदंड होते हुए भी देश पिछड़ा हुआ है, भारत में तकनीकी का कम विकास, कमजोर शिक्षा ,परंपरागत स्रोत, कृषि का निम्न स्तर, आर्थिक असमानता जैसी अनेक समस्याएं हैं जो विकास मैं बाधक बनती रही है। वर्तमान में देश के पास प्राकृतिक एवं मानव संसाधन इतना है कि बढ़ती जनसंख्या की समस्याओं से आसानी से निपटा जा सके पर इस बात की अत्यंत आवश्यकता है कि संसाधनों का उचित दोहन तथा उसका सही उपयोग विकास की दिशा में भ्रष्टाचार से बचाकर किया जाए। यह अत्यंत उल्लेखनीय है कि जनसंख्या की समस्या से निपटने तथा विकास की दर को बढ़ाने की जिम्मेदारी केवल शासन प्रश-सन की ही नहीं है इसके लिए आम नागरिक भी जिम्मेदार है क्योंकि समस्याएं खड़ी करने में आमजन का एक बड़ा वर्ग भी है, इसीलिए हम सबको जनसंख्या नियंत्रण और विकास की धारा को सही दिशा प्रदान करने के लिए सक्रिय सहयोग देना होगा तब ही देश एक सशक्त राष्ट्र बन पाएगा।

संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार,चिंतक, लेखक, स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

माघ पूर्णिमा: क्यों है यह पर्व आज भी प्रासंगिक

माघ पूर्णिमा भारतीय सनातन परंपरा का ऐसा पावन पर्व है, जिसमें धर्म, अध्यात्म, प्रकृति और मानवीय संवेदना एक-दूसरे में घुलकर जीवन को नई दृष्टि प्रदान करते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार माघ मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, संयम और परोपकार का गहन संदेश देता है। शीत ऋतु की कठोरता के बीच जब प्रकृति स्वयं संयम और सहनशीलता का अभ्यास कर रही होती है, तब मनुष्य भी अपने भीतर झाँकने और आत्मकल्याण की ओर अग्रसर होने का संकल्प लेता है।

माघ मास को शास्त्रों में तप, त्याग और साधना का महीना माना गया है। मान्यता है कि इस पूरे महीने में देवतागण पृथ्वी पर विचरण करते हैं और पवित्र नदियों में स्नान कर मानव कल्याण का आशीर्वाद देते हैं। विशेष रूप से माघ पूर्णिमा के दिन गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम प्रयागराज में स्नान करने का पुण्य अनंत बताया गया है। कहा जाता है कि इस एक दिन का श्रद्धापूर्वक किया गया स्नान वर्षों की तपस्या के बराबर फल प्रदान करता है। यह विश्वास केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि उस मानसिक और आत्मिक शांति से जुड़ा है जो व्यक्ति को ऐसे पवित्र वातावरण में प्राप्त होती है।

पौराणिक ग्रंथों में माघ पूर्णिमा की महिमा विस्तार से वर्णित है। मत्स्य पुराण के अनुसार इस दिन किया गया दान अश्वमेध यज्ञ के समान फलदायी होता है। यह भी माना जाता है कि माघ मास में भगवान विष्णु जल में निवास करते हैं और माघ पूर्णिमा के दिन वे विशेष रूप से प्रसन्न होकर भक्तों को पुण्य प्रदान करते हैं। इसी कारण इस तिथि को भगवान विष्णु और सत्यनारायण की पूजा का विशेष महत्व है। कथा, भजन और ध्यान के माध्यम से मनुष्य अपने चित्त को स्थिर करता है और जीवन की भागदौड़ से कुछ क्षणों के लिए ही सही, पर भीतर की शांति से जुड़ता है।

प्रयागराज में लगने वाला विश्वप्रसिद्ध माघ मेला इसी दिन अपने चरम पर होता है। संगम तट पर एक महीने तक कठिन नियमों और संयम का पालन करते हुए कल्पवास करने वाले श्रद्धालु माघ पूर्णिमा के स्नान के साथ अपने व्रत की पूर्णाहुति करते हैं। कल्पवास केवल तंबुओं में रहने या सादा भोजन करने का नाम नहीं है, बल्कि यह इंद्रियों पर नियंत्रण, लोभ-लालच से दूरी और सेवा भाव का अभ्यास है। माघ पूर्णिमा उस संकल्प की विजय का दिन है, जब व्यक्ति स्वयं को यह विश्वास दिलाता है कि संयम और धैर्य के मार्ग पर चलकर जीवन को अधिक सार्थक बनाया जा सकता है।

इस दिन की परंपराओं में स्नान का विशेष स्थान है। ब्रह्म मुहूर्त में उठकर पवित्र नदियों में स्नान करना आदर्श माना गया है। जिनके लिए नदी तक पहुँचना संभव न हो, वे घर पर ही स्नान जल में गंगाजल मिलाकर इस परंपरा का पालन करते हैं। स्नान के साथ व्रत और दान का संकल्प लिया जाता है, जिससे मन में दृढ़ता आती है। सूर्य को अर्घ्य देना और गायत्री मंत्र का जाप व्यक्ति को प्रकृति के प्रति कृतज्ञ बनाता है, जबकि पितरों के लिए तर्पण करने से वंश और परंपरा से जुड़ाव का भाव सुदृढ़ होता है।

माघ पूर्णिमा पर दान का महत्व अत्यंत गहरा है। शास्त्रों में कहा गया है कि इस दिन किया गया दान अक्षय होता है, अर्थात उसका पुण्य कभी समाप्त नहीं होता। तिल और गुड़ का दान पापों के शमन और स्वास्थ्य लाभ से जोड़ा गया है। कंबल और वस्त्र का दान शीत से पीड़ित जरूरतमंदों के लिए जीवनरक्षक बनता है और समाज में करुणा का संचार करता है। अन्नदान को सर्वोत्तम दान कहा गया है, क्योंकि इससे न केवल भूख मिटती है, बल्कि पितरों का आशीर्वाद और घर में समृद्धि आती है। घी और स्वर्ण का दान आत्मिक बल और सामाजिक सम्मान से जुड़ा माना गया है, परंतु इन सबके मूल में भाव यही है कि दान अहंकार नहीं, बल्कि करुणा से प्रेरित होना चाहिए।

माघ पूर्णिमा को केवल धार्मिक चश्मे से देखना इसके व्यापक अर्थ को सीमित करना होगा। इसके पीछे वैज्ञानिक और प्राकृतिक कारण भी निहित हैं। पूर्णिमा के दिन चंद्रमा का प्रभाव पृथ्वी और मानव मन पर अधिक होता है। चूंकि मानव शरीर का बड़ा भाग जल तत्व से बना है, इसलिए चंद्रमा का गुरुत्वाकर्षण मनोभावों और मानसिक स्थिति को प्रभावित करता है। इस दिन ध्यान, जप और स्नान करने से मानसिक तनाव कम होता है और मन में स्थिरता आती है। यह आधुनिक मनोविज्ञान की दृष्टि से भी स्वीकार्य है कि प्रकृति के साथ सामंजस्य मनुष्य के मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

ऋतु परिवर्तन की दृष्टि से भी माघ पूर्णिमा महत्वपूर्ण है। यह शिशिर ऋतु के अंत और वसंत के आगमन का संकेत देती है। इस समय नदियों का जल न अत्यधिक ठंडा होता है और न ही गर्म, जिससे स्नान शरीर के रक्त संचार को सक्रिय करता है। ग्रामीण समाज में यह पर्व प्रकृति के प्रति सम्मान और संतुलित जीवनशैली का प्रतीक रहा है, जहाँ धार्मिक आस्था और प्राकृतिक विज्ञान एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं।

भारत के विभिन्न क्षेत्रों में माघ पूर्णिमा विविध रूपों में मनाई जाती है, पर उसका मूल भाव एक ही रहता है। प्रयागराज में जहाँ त्रिवेणी स्नान और माघ मेले की भव्यता दिखाई देती है, वहीं ओडिशा में इसे माघी पूर्णिमा के रूप में श्रद्धा से मनाया जाता है और जगन्नाथ मंदिर में विशेष पूजा होती है। दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों में इस दिन जल उत्सव और नौकाओं से जुड़े अनुष्ठान होते हैं, जो जल तत्व के महत्व को रेखांकित करते हैं। यह विविधता भारतीय संस्कृति की आत्मा को दर्शाती है, जहाँ अलग-अलग परंपराएँ होते हुए भी मूल मूल्य एक समान हैं।

माघ पूर्णिमा का सबसे बड़ा संदेश यह है कि बाहरी शुद्धि के साथ आंतरिक शुद्धि भी आवश्यक है। केवल नदी में स्नान कर लेना पर्याप्त नहीं, जब तक मन से छल, कपट और अहंकार न धुलें। यह पर्व हमें सत्य, संयम और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। दान केवल वस्तुओं का नहीं, बल्कि समय, संवेदना और सहानुभूति का भी होना चाहिए। जब मनुष्य किसी जरूरतमंद की सहायता करता है, तभी इस पर्व की सार्थकता पूर्ण होती है।

आज के भौतिक और प्रतिस्पर्धात्मक युग में माघ पूर्णिमा जैसे पर्व हमें ठहरकर सोचने का अवसर देते हैं। वे याद दिलाते हैं कि जीवन केवल संग्रह और उपभोग के लिए नहीं, बल्कि बाँटने और जुड़ने के लिए है। संयमित जीवनशैली, प्रकृति के प्रति सम्मान और परोपकार ही वे मूल्य हैं, जो मनुष्य को भीतर से समृद्ध बनाते हैं। माघ पूर्णिमा इसी आंतरिक समृद्धि का उत्सव है, जो मोक्ष की अवधारणा को केवल मृत्यु के बाद की अवस्था नहीं, बल्कि इसी जीवन में मानसिक और आत्मिक मुक्ति के रूप में प्रस्तुत करती है। यही कारण है कि यह पर्व सदियों से भारतीय समाज की चेतना में जीवित है और आगे भी हमें जीवन के वास्तविक रत्नों की याद दिलाता रहेगा।

- महेन्द्र तिवारी
मोबाइल: 9989703240

अमेरिका की नई रक्षा रणनीति पर बढ़ी चिंता, सहयोगियों से दूरी के मायने

एनडीएस तो एनएसएस से भी आगे बढ़कर यह संकेत करती है कि अमेरिका के पुराने सहयोगियों को अपनी रक्षा की जिम्मेदारी खुद संभालनी चाहिए

अमेरिका की संघीय सरकार ने गत सप्ताह राष्ट्रीय रक्षा रणनीति (एनड-ीएस) जारी की। यह एक ऐसा दस्तावेज है जिसमें बल प्रयोग की प्राथमिकताओं को रेखांकित किया जाता है और जिसे आमतौर पर हर चार साल या उसके आसपास जारी किया जाता है। यह दस्तावेज काफी हद तक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति या एनएसएस के आसपास ही होता है जिसे दिसंबर के आरंभ में जारी किया गया था और जो काफी हद तक यह दिखाता है कि राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिका को उस भूमिका से दूर करना चाहते हैं जो उसने बीते 80 वर्षों से पुरानी विश्व व्यवस्था में अपना रखी है।

एनडीएस तो एनएसएस से भी आगे बढ़कर यह संकेत करती है कि अमेरिका के पुराने सहयोगियों को अपनी रक्षा की जिम्मेदारी खुद संभालनी चाहिए। वह इस बात पर भी जोर देती है कि अमेरिका की दुनिया के दूसरे हिस्सों में छिड़े संघर्षों में कोई खास रुचि नहीं होनी चाहिए। इसके बजाय अमेरिका को अपने नागरिकों की वास्तविक चिंताओं पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

इनमें प्रवासन और नशीली दवाओं का कारोबार शामिल हैं जिनके बारे में मौजूदा सत्ता प्रतिष्ठान मानता है कि उन पर अकेले पश्चिमी गोलार्द्ध पर दबदबा बनाकर नियंत्रण किया जा सकता है। यह अपने निष्कर्ष में कहता है कि चीन की चुनौती से निपटने के लिए सबसे बेहतर तरीका यही है कि चीन से सीधे टकराव के बजाय शक्ति का प्रदर्शन करके ऐसा किया जाए। यह सोचना मुश्किल है कि चीनी नेता सच में इस बात से इतने प्रभावित होंगे कि अमेरिकी सेना वेनेजुएला या किसी दूसरे लैटिन अमेरिकी देश के अस्तित्व के खतरे से कितनी कुशलता से निपटती है।

यह एशिया में चीन के सिवा किसी के लिए भी अच्छी खबर नहीं है। वास्तव में, ताइवान को अधिक

चिंतित होना चाहिए, क्योंकि एनडीएस उसे लेकर अमेरिकी नीति के संदर्भ में भयावह रूप से मौन है। यह धारणा कि यह रणनीतिक अस्पष्टता है, जल्दी ही खारिज की जा सकती है। इस समय, कोई भी यह विश्वास नहीं करेगा कि अमेरिका किसी संधि प्रतिबद्धता का सम्मान करने का इरादा रखता है। यदि दस्तावेज ने वास्तव में ताइवान पर पारंपरिक अमेरिकी रुख को दोहराया होता, तो रणनीतिक अस्पष्टता की संभावना हो सकती थी। अमेरिका के अन्य पूर्वी एशियाई सहयोगियों के लिए, यह घटनाक्रम बहुत अधिक चिंताजनक है, लेकिन पूरी तरह अप्रत्याशित नहीं। उदाहरण के लिए, जापान सरकार ने पहले ही ताइवान के इर्द-गिर्द अपनी बयानबाजी को तेज कर दिया है, ताकि अमेरिकी प्रतिक्रिया के आसपास की अनिश्चितता का फायदा उठाया जा सके। यूरोप में अमेरिकी सहयोगियों में से कई देश इस समय यह आशा कर रहे होंगे कि ग्रीनलैंड प्रकरण और राष्ट्रपति के यूक्रेन के प्रति रवैये के बाद, अमेरिका उनके महाद्वीप पर कम ध्यान दे। उनके अपने हथियार उत्पादन को पूर्ण क्षमता तक पहुंचने में एक दशक लगेगा, लेकिन पहले से ही एक जर्मन कंपनी, राइनमेटल, इतना गोला बारूद बना रही है जो अमेरिकी उत्पादन के बराबर है।

भारत अपने आप में अलग स्थिति में है। चीन के उभार को लेकर अमेरिका की चिंताओं का लाभ लंबे समय से भारत को मिलता रहा है। भारत के उभार का समर्थन करना किसी भी अमेरिकी प्रशासन के लिए कम कोशिशों और अधिक लाभ वाली रणनीति प्रतीत हुई, और यही कारण है कि दोनों दलों ने इस नीति को अपनाया। लेकिन न केवल भारत का सैन्य आधुनिकीकरण दो दशक पहले की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरा और भारत तथा चीन के बीच आर्थिक अंतराल काफी बढ़ गया, बल्कि अमेरिका के पश्चिमी गोलार्द्ध में पीछे हटने के साथ ही भारत के साथ जुड़ाव का मूल उद्देश्य भी अब नहीं रहा। भारत को यह स्वीकार करना होगा कि अब उसे केवल अधीर, चिंतित, अविश्वासी या शत्रुतापूर्ण अमेरिका से ही नहीं, बल्कि उससे भी बुरी स्थिति से निपटना होगा यानी पूरी तरह उदासीन अमेरिका।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

विदेश में जन्मे पात्र भारतीय अब बन सकेंगे मतदाता

फार्म-6/6ए हेतु ऑफलाइन व्यवस्था लागू, निर्वाचन प्रक्रिया हुई और अधिक सुलभ

गौतमबुद्धनगर/उत्तर प्रदेश।उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2026 के आधार पर गतिमान विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अब विदेश में जन्मे पात्र भारतीय नागरिक भी मतदाता बनने में सक्षम होंगे।

उल्लेखनीय है कि पहले ऐसे नागरिक फार्म-6 या फार्म-6ए के माध्यम से नए मतदाता के रूप में आवेदन नहीं कर सकते थे, क्योंकि उनके जन्म स्थान को भारत से बाहर दर्ज कराने की कोई व्यवस्था नहीं थी। अब निर्वाचन आयोग ने इस समस्या का समाधान कर एक विशेष ऑफलाइन व्यवस्था लागू की है।

ऑफलाइन आवेदन की नई प्रक्रिया

उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि इस नई व्यवस्था के अनुसार, ईआरओ नेट और बीएलओ ऐप डेटा एंट्री मॉड्यूल में जन्म स्थान के विकल्प में 'Outside India' शामिल किया गया है। इसके साथ ही देश का नाम दर्ज करने के लिए एक टेक्स्ट बॉक्स भी सक्रिय किया गया है।

इसके तहत पात्र आवेदनकर्ता जो भारत के बाहर जन्मे हैं, वे अब फार्म-6 या फार्म-6ए (जैसा लागू हो) भौतिक रूप में भर सकते हैं और इसे संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या बूथ लेवल अधिकारी (BLO) के पास जमा कर सकते हैं। यह कदम विदेशी जन्म स्थान वाले भारतीयों के मताधिकार को सुनिश्चित करने और निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक समावेशी बनाने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुलभता

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यह नया प्रावधान केवल नए मतदाताओं के पंजीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे मतदाता सूची की सटीकता और पारदर्शिता भी बढ़ेगी। इस प्रक्रिया के माध्यम से विदेशी जन्म स्थान वाले भारतीय नागरिक अब निर्वाचन प्रणाली का हिस्सा बन सकेंगे, और उन्हें भविष्य में चुनावों में मत देने का अधिकार प्राप्त होगा।

सहायता और जानकारी

अतुल कुमार ने लोगों से अपील की कि इच्छुक और पात्र उम्मीदवार अपना आवेदन संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या इछड के पास समयबद्ध रूप से जमा करें। इसके साथ ही सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस सुविधा के बारे में जनता को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई है।

यह कदम भारतीय लोकतंत्र में समावेशिता और सुलभता को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है, जिससे देश-विदेश में जन्मे नागरिकों का मताधिकार सुनिश्चित होगा और उन्हें भारतीय निर्वाचन प्रक्रिया में बराबरी का स्थान मिलेगा। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर)

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में भारत बौद्धिक राष्ट्रीय परीक्षा-2026 का सफल आयोजन

विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, भारतीय बौद्धिक परंपरा के प्रति जागरूकता बढ़ी

ग्रेटर नोएडा/मेरठ। विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भारत बौद्धिक राष्ट्रीय परीक्षा-2026 का सफल आयोजन आज दिनांक 31 जनवरी 2026 को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय में किया गया। परीक्षा की प्रथम पारी सुबह 10:00 से 12:00 बजे तक संपन्न हुई।

शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और पारदर्शी परीक्षा

इस परीक्षा में सभी पंजीकृत प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया। परीक्षा का संचालन पूर्णतः शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और पारदर्शी ढंग से किया गया। परीक्षा के पूर्ण होने पर सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिससे उनकी मेहनत और भागीदारी की मान्यता सुनिश्चित हुई।

आयोजन में केंद्रीय एवं प्रांतीय नेतृत्व की भूमिका

इस राष्ट्रीय परीक्षा का आयोजन केन्द्रीय समिति विद्या भारती और मेरठ प्रांत के संयोजक प्रो. शिवराज सिंह, अध्यक्ष प्रो. सुधीर पुंडीर और सह सचिव डॉ. सचिन शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया।

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय की ओर से माननीय कुलपति प्रो. राणा प्रताप सिंह और संकायाध्यक्ष प्रो. माधव गोविंद के नेतृत्व में आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

समन्वयात्मक जिम्मेदारी निम्नलिखित सदस्यों ने निभाई:

डॉ. सुशील कुमार, सचिव, विद्या भारती मेरठ प्रांत
डॉ. अक्षय कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, हिंदू अध्ययन केंद्र
डॉ. प्रकाश चन्द्र दिलारे, कार्यकारिणी सदस्य, मेरठ प्रांत

राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक एवं बौद्धिक प्रभाव

इस परीक्षा के सफल आयोजन से विश्वविद्यालय परिसर में शैक्षणिक और बौद्धिक वातावरण और सुदृढ़ हुआ। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस परीक्षा ने विद्यार्थियों में भारतीय बौद्धिक परंपरा के प्रति जागरूकता और रुचि को भी बढ़ाया।

विशेष रूप से, मेरठ प्रांत में यह परीक्षा लगभग 20 से अधिक केंद्रों पर संपन्न हुई, जिससे हजारों विद्यार्थियों को अपने ज्ञान और बौद्धिक कौशल का मूल्यांकन करने का अवसर मिला।

प्रतिभागियों का उत्साह और भविष्य की संभावनाएँ

प्रतिभागियों ने परीक्षा के दौरान अपने ज्ञान और कौशल का प्रदर्शन किया। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल विद्यार्थियों में शैक्षणिक उत्कृष्टता बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति, परंपरा और बौद्धिक धरोहर के प्रति भी संवेदनशील बनाते हैं।

डॉ. सुशील कुमार ने कहा, "भारत बौद्धिक परीक्षा जैसी पहल से विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना और बौद्धिक अनुशासन का विकास होता है। यह हमारे युवाओं को ज्ञान के साथ-साथ नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी की ओर भी प्रेरित करता है। (सौजन्यः गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय / विद्या भारती मेरठ प्रांत)

इस्कॉन नोएडा मन्दिर में नित्यानन्द त्रयोदशी पर बारहवाँ स्थापना दिवस "ब्रह्मोत्सव" धूमधाम से मनाया गया

संदीप गर्ग/नोएडा। इस्कॉन नोएडा मन्दिर में आज शनिवार, दिनांक 31 जनवरी 2026 को नित्यानन्द त्रयोदशी के अवसर पर मन्दिर का बारहवाँ

स्थापना दिवस "ब्रह्मोत्सव" बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।
बारह वर्ष पूर्व, नित्यानन्द त्रयोदशी के ही दिन इस्कॉन नोएडा मन्दिर का भव्य उद्घाटन एवं लोकार्पण किया गया था। नित्यानन्द प्रभु भगवान बलराम के अवतार माने जाते हैं। जिस प्रकार द्वापर युग के अंत में कृष्ण बलराम ने धर्म की स्थापना की थी, उसी प्रकार वर्तमान कलियुग में लगभग 500 वर्ष पूर्व चैतन्य महाप्रभु एवं नित्यानन्द प्रभु ने धर्म की स्थापना हेतु अवतरित हुए।
इस्कॉन के संस्थापकाचार्य श्रील प्रभुपाद के प्रिय शिष्य लोकनाथ स्वामी महाराज ने भगवान नित्यानन्द के आविर्भाव दिवस को इस्कॉन नोएडा के उद्घाटन एवं लोकार्पण के लिए चुना ताकि नोएडावासियों सहित पूरे विश्व को कृष्णभक्ति से जोड़ने का प्रयास किया जा सके।

उत्सव की विशेष झलक

आज सुबह प्रातः 4:30 बजे भक्तों ने भगवान का मंगल दर्शन किया। प्रमुख उत्सव 9:30 बजे कीर्तन के साथ आरंभ हुआ, जिसके बाद 10 बजे भगवान का महाअभिषेक पंचगव्य (दूध, दही, घी, शहद और ताजे फलों के रस) से किया गया। कीर्तन के दौरान भक्तों ने हर्षोल्लास के साथ नृत्य किया। 11 बजे श्रील प्रभुपाद के निजी शिष्य नवयोगेन्द्र स्वामी महाराज ने नित्यानन्द प्रभु की कथा सुनाते हुए बताया कि प्रभु का अवतरण सभी को भक्ति प्रदान करने के लिए हुआ और इसी परंपरा का अनुसरण करते हुए सभी भक्तों को कृष्णभक्ति का प्रचार करना चाहिए ताकि सम्पूर्ण विश्व में शांति स्थापित हो।
दोपहर 12:30 बजे भगवान की महाआरती की गई, नई पोशाक अर्पित की गई और 108 प्रकार के देशी एवं विदेशी व्यंजन का भोग लगाया गया। मन्दिर को फूलों और सजावटी सामग्रियों से सुंदर ढंग से सजाया गया।

भक्तों की भागीदारी और उत्सव का समापन

इस अवसर पर देश-विदेश के लगभग 2500 भक्तों ने भाग लिया। पूरे महोत्सव में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और हर्षोल्लास के साथ उत्सव का आनंद लिया। पिछले बारह वर्षों में इस्कॉन नोएडा आध्यात्मिक जगत के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है। इसकी फूड फॉर लाइफ योजना और वेदों के प्रचार के माध्यम से कृष्णभक्ति घर-घर पहुँचाने का प्रयास निरंतर जारी है। कुल मिलाकर, यह ब्रह्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ।

थाना फेस-3 पुलिस ने चोरी करने वाले गैंग का पदार्फाश किया

04 अभियुक्त गिरफ्तार, 15 लैपटॉप और 4 मोबाइल सहित 2 मोटरसाइकिल बरामद

समाज जागरण

संदीप गर्ग/नोएडा। थाना फेस-3 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से चोरी करने वाले गैंग का पदार्फाश किया। पुलिस ने चार अभियुक्तों झ आमिर खान उर्फ कालू, अभिषेक कुमार, योगेन्द्र चौहान उर्फ लंका और अर्जुन को टीपीनगर चौराहे के पास गिरफ्तार किया।
गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 15 लैपटॉप, 4 मोबाइल फोन और 2 मोटरसाइकिल बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग

12 लाख रुपये बताई गई है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों से चोरी करते और सामान को सस्ते दामों में बेचते थे।
पुलिस ने बताया कि सभी अभियुक्त पुराने अपराधी हैं और इनके ऊपर पहले भी कई मामले दर्ज हैं। थाना फेस-3 पुलिस ने उपयुक्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।
पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घर, दफ्तर और वाहन की सुरक्षा पर ध्यान दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

टाटा पावर नवीकरणीय ऊर्जा ने 10 गीगावाट परियोजनाओं का मील का पत्थर पार किया

भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन में कंपनी की अग्रणी स्थिति और मजबूत हुई

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। टाटा पावर नवीकरणीय ऊर्जा, जो भारत की अग्रणी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनियों में से एक है, ने अब तक 10 गीगावाट परियोजनाओं का सफलतापूर्वक निष्पादन पूरा कर लिया है। यह उपलब्धि कंपनी की नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी स्थिति को और सशक्त करती है। कंपनी की अब तक पूरी की गई 10 गीगावाट परियोजनाओं में 9.7 गीगावाट सौर और 290 मेगावाट पवन परियोजनाएं शामिल हैं। इनमें से 4.2 गीगावाट इन-हाउस परियोजनाएं और 5.8 गीगावाट तीसरे पक्ष की परियोजनाएं हैं।

वर्तमान वर्ष में तेजी से बढ़ी क्षमता

वित्तीय वर्ष 26 के पहले 9 महीनों में कंपनी ने 1.88 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का निष्पादन किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 1.4 गीगावाट की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। कुल 1.88 गीगावाट में से 1329 मेगावाट तीसरे पक्ष के ग्राहकों के लिए और 546 मेगावाट इन-हाउस परियोजनाओं के लिए पूरी की गई, जिसमें 187 मेगावाट पवन और 359 मेगावाट सौर परियोजनाएं शामिल हैं।
वर्तमान वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनी ने 941 मेगावाट परियोजनाएं पूरी कीं, जो अब तक की सबसे अधिक तिमाही क्षमता वृद्धि है। यह पिछले वर्ष की समान तिमाही में 393 मेगावाट की तुलना में 139 प्रतिशत अधिक है।

प्रमुख परियोजनाएं और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सफलता

इस तिमाही में पूरी की गई प्रमुख परियोजनाओं में बीकानेर, राजस्थान में उच्च-अनुपालक सौर परियोजनाएं और करूर, तमिलनाडु में 187 मेगावाट पवन परियोजना शामिल हैं। कंपनी ने उन्नत इंजीनियरिंग प्रथाओं, मजबूत आपूर्ति श्रृंखला और कुशल निष्पादन मॉडल के माध्यम से कठिन मिट्टी और जलवायु परिस्थितियों में भी परियोजनाओं को समय पर और प्रभावी ढंग से पूरा किया।

कुल परिचालन क्षमता और आगे की योजनाएं

कंपनी की कुल यूटिलिटी-स्केल परिचालन क्षमता अब 6 गीगावाट हो गई है, जिसमें 4.8 गीगावाट सौर और 1.2 गीगावाट पवन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनी इस वर्ष 0.75 गीगावाट अपनी स्वामित्व वाली क्षमता को पूरी करने की योजना बना रही है।
इस उपलब्धि के साथ टाटा पावर नवीकरणीय ऊर्जा भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन में नेतृत्व करता हुआ दिखाई दे रहा है और देश में नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार और स्थायित्व में अपनी अग्रणी भूमिका को और मजबूत कर रहा है।

थाना जेवर पुलिस ने 20 लाख रुपये की चोरी का किया खुलासा

समाज जागरण

संदीप गर्ग नोएडा। थाना जेवर पुलिस ने वादी के घर से चोरी हुए ₹20,00,000/- (बीस लाख रुपये) का सफलतापूर्वक खुलासा किया। घटना में वादी ने बताया कि उन्होंने जमीन बेचकर प्राप्त राशि अपनी अलमारी में रखी थी, लेकिन घर लौटने पर वह गायब थी। वादी ने तुरंत डायल-112 पर चोरी की सूचना दी।
थाना जेवर पुलिस ने आस-पास लगे

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चार बालअपचारियों को जावल ऋषि रोड के पास पुलिस अभिरक्षा में लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वयं स्वीकार किया कि उन्हें थार कार खरीदने की इच्छा थी और इसी उद्देश्य से उन्होंने चोरी की थी।
पुलिस ने चोरी के धनराशि को बरामद कर, धारा 305(a)/317 बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।
इस मामले में पुलिस की तत्परता और सीसीटीवी फुटेज के उपयोग से चोरी का खुलासा तेजी से हो गया, जिससे क्षेत्र में नागरिकों में सुरक्षा के प्रति विश्वास और बढ़ा।

RAMP कार्यक्रम के अंतर्गत टरटए उद्यमियों के लिए जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन

समाज जागरण

संदीप गर्ग नोएडा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSME) के सशक्तिकरण और समग्र विकास के उद्देश्य से RAMP कार्यक्रम के अंतर्गत गौतम बुद्ध नगर स्थित होटल रेडिसन ब्लू में जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

कार्यशाला में एमएसएमई उद्यमियों को सरकारी योजनाओं, वित्तीय सहायता, निर्यात अवसर, डिजिटल प्लेटफॉर्म और गुणवत्ता प्रमाणन के बारे में जानकारी दी गई। इसमें राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग विशेषज्ञ, वित्तीय संस्थान और उद्योग संगठन जैसे लघु उद्योग भारती, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, हैंडलूम एवं हस्तशिल्प निर्यातक कल्याण संघ आदि के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
कार्यक्रम का शुभारंभ राज कमल यादव, अपर आयुक्त एवं प्रबंध निदेशक, यूपीएसआईसी लिमिटेड ने किया। उन्होंने राज्यस्तरीय डिजिटल प्लेटफॉर्म UP MSME One Connect और फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स की विशेषताओं पर प्रकाश डाला।
मुख्य सत्र में आलोक कुमार, अपर मुख्य सचिव, MSME एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग ने उद्यमियों को राज्य एवं राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में टरटए की भूमिका और केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में गुणवत्ता प्रमाणन, ZED योजना और निर्यात प्रक्रियाओं पर विशेष सत्र भी आयोजित किया गया।
कार्यशाला का समापन सवाल-जवाब सत्र के साथ हुआ, जिसमें उद्यमियों ने अपने प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम ने उद्यमियों को नवाचार अपनाने, गुणवत्ता सुधार, डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग और निवेश एवं निर्यात के नए अवसर तलाशने के लिए प्रेरित किया।

थाना सेक्टर-142 पुलिस ने चोरी करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। थाना सेक्टर-142 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त हेमन्त मलिक पुत्र नरेन्द्र मलिक को सेक्टर-137 नोएडा स्थित पिलर संख्या-331 के पास से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एप्पल कंपनी की 03 स्मार्ट वॉच एवं 01 एयरपॉड्स बरामद किए गए हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि

अभियुक्त अलग-अलग नाम व पते का उपयोग कर ऑनलाइन कैश ऑन डिलीवरी के माध्यम से ऑर्डर करता था। बाद में वह ऑर्डर को रद्द कर देता था और डिलीवरी के लिए आए व्यक्ति के बैग से सामान चोरी कर लेता था।
पुलिस के अनुसार अभियुक्त ग्राम बरहाना, जिला झज्जर (हरियाणा) का निवासी है और उसकी उम्र करीब 21 वर्ष बताई जा रही है। अभियुक्त का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है तथा उसके खिलाफ विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बरामद सामान को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना जेवर पुलिस द्वारा 01 गांजा तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद।

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा : थाना जेवर पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त विष्णू उर्फ शाका पुत्र राजू को थाना क्षेत्रांतर्गत शिवारा बम्बा रोड पर बाग के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त विष्णू उर्फ शाका पुत्र राजू निवासी मौहल्ला माडलपुरिया कस्बा व थाना जेवर, गौतमबुद्धनगर, उस्का रहने वाला है और अभियुक्त

की उम्र 22 वर्ष बताई जा रही है अभियुक्त पर पहले भी कई मुकदमे विभिन्न थाना क्षेत्र में पंजीकृत है पुलिस ने अभियुक्त गिरफ्तार कर इसके पास से 01 किलो 200 ग्राम गांजा अपने कब्जे मेल कार्रवाई शुरू कर दी है.

थाना सेक्टर-113 पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो अभियुक्त किए गिरफ्तार

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। थाना सेक्टर-113 पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ग्राम सफार्बाद से मोहम्मद नौशाद उर्फ गोलू पुत्र स्व. मोहम्मद सुम तथा धीरज उर्फ बाबे पुत्र मनोज को गिरफ्तार किया।
पुलिस द्वारा अभियुक्तों की निशानदेही पर 11 चोरी की मोटरसाइकिलें एवं 02 अवैध चाकू

बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त मोहम्मद नौशाद उर्फ गोलू, निवासी गीता कॉलोनी थाना क्षेत्र, दिल्ली का रहने वाला है, जिसकी उम्र लगभग 23 वर्ष बताई जा रही है। दूसरा अभियुक्त धीरज उर्फ बाबे मूल रूप से एटा जनपद का निवासी है तथा वर्तमान में सेक्टर-121 नोएडा में रह रहा था, जिसकी उम्र करीब 21 वर्ष है। पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास रहा है और इनके विरुद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में पूर्व में भी कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बरामद सामान को कब्जे में लेकर दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार में विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला फर्जी कॉल सेंटर पकड़ा, पांच गिरफ्तार

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। थाना साइबर क्राइम एवं थाना फेस-1 पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक फर्जी कॉल सेंटर का पदार्फाश किया है। पुलिस ने सेक्टर-06 नोएडा से दुर्गेश कुमार, सोनू कुमार, पुनीत सिंह, अमन शर्मा और आलोक को गिरफ्तार किया है।
पुलिस के अनुसार अभियुक्त एक संगठित गिरोह के रूप में कार्य कर रहे थे। ये लोग विभिन्न वेबसाइटों और पोर्टलों से नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं का डाटा एकत्र करते थे और उन्हें नामी कंपनियों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर रजिस्ट्रेशन व अन्य शुल्क के नाम पर ठगी करते थे।
अभियुक्तों के कब्जे से 05 लैपटॉप, 24 मोबाइल फोन, 03 फर्जी मोहर, श्रम विभाग की 11 कूटरचित

पहचान पत्र, 19 डेबिट-क्रेडिट-पैन कार्ड, एक चेकबुक एवं तीन बैंक खातों के स्टेटमेंट बरामद किए गए हैं। जांच में सामने आया है कि अभियुक्तों के विरुद्ध विभिन्न राज्यों से एनसीआरपी पोर्टल पर 21 शिकायतें दर्ज हैं तथा इनके खातों में करोड़ों रुपये का लेन-देन हुआ है।
पुलिस ने बताया कि गिरोह के कुछ सदस्य पूर्व में भी फर्जी कॉल सेंटर संचालन के मामलों में गिरफ्तार हो चुके हैं। सभी अभियुक्तों की उम्र 25 से 32 वर्ष के बीच है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट नोएडा में SFI एलुमनी अवॉर्ड्स 2026 का भव्य आयोजन

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडाः सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट (SFI), नोएडा ने 31 जनवरी 2026 को अपने भव्य ऑडिटोरियम में SFI एलुमनी अवॉर्ड्स 2026 का सफल आयोजन किया। यह प्रतिष्ठित समारोह उन सत्तर से अधिक एलुमनाई एलुमनी को सम्मानित करने हेतु समर्पित रहा, जिन्होंने उद्योग, शिक्षा एवं डिजाइन रिसर्च के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ हासिल कर फैशन एवं डिजाइन उद्योग के सशक्तिकरण में उल्लेखनीय योगदान दिया है।
यह गरिमामय कार्यक्रम सत्यम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की माननीय अध्यक्ष डॉ. स्नेह सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ तथा सीए डॉ. प्रदीप गुप्ता के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट की प्राचार्या डॉ. नीतू मल्होत्रा के नेतृत्व और प्रेरणा ने और अधिक विशेष बनाया, जिनकी प्रतिबद्धता विद्यार्थियों को उद्योग-उन्मुख शिक्षा प्रदान करने की दिशा में निरंतर रही है।
इस अवसर पर डिजाइन एवं फैशन उद्योग से जुड़े प्रतिष्ठित गेस्ट ऑफ ऑनर की विशेष उपस्थिति रही, जिनमें शामिल थे– सुश्री शशि

नांगिया, चेयरपर्सन, स्वाति एक्सिम प्राइवेट लिमिटेड, श्री अंकित जैन, मैनेजिंग डायरेक्टर, टेलीफोन यार्न्स, नीलम थ्रेड प्राइवेट लिमिटेड, श्री दीपक महाजन, जनरल मैनेजर, SVM ग्लोबल एवं को-फाउंडर, न्यूएवो डेमास, सुश्री शुभांगी साध, फाउंडर एवं क्रिएटिव डायरेक्टर, ली कॉन्सेप्ट, सुश्री पारुल नाग, लीवा स्टूडियो मैनेजर तथा श्री यथार्थ, रश्ट ग्लोबल।
कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं ओपन माइक सत्र ने माहौल को जीवंत और प्रेरणादायक बना दिया। समारोह का मुख्य आकर्षण एलुमनी को प्रतिष्ठित SFI एलुमनी ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित करना रहा, जो उनकी कड़ी मेहनत, नवाचार और उद्योग में योगदान का प्रतीक है। सम्मान समारोह के उपरांत आयोजित "वॉक ऑफ फेम" ने एलुमनी की सफलता, नेतृत्व और प्रेरणादायी यात्रा को दर्शार्या, जो वर्तमान विद्यार्थियों के लिए एक सशक्त प्रेरणा का स्रोत बना।
SFI एलुमनी अवॉर्ड्स 2026 ने सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट की सशक्त एलुमनी नेटवर्क, उद्योग से गहरे संबंध और रचनात्मक एवं सामाजिक रूप से उत्तरदायी पेशेवरों के निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को प्रभावशाली रूप से उजागर किया।

बाल विवाह के खिलाफ कैलादेवी मंदिर प्रांगण में धर्म गुरुओं ने ली शपथ

समाज जागरण

संभल। बाल विवाह मुक्त भारत" अभियान के 100 दिवसीय विशेष अभियान के तहत, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी संस्था प्रयत्न ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर कैलादेवी मंदिर के प्रांगण में एक प्रभावशाली गोष्ठी का आयोजन किया।इस गोष्ठी में धर्मगुरु, पंडित, मौलवी, ग्राम प्रधान और अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लिया और बाल विवाह न कराने तथा इसमें किसी भी रूप में सहयोग न देने की शपथ ली। यह शपथ बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को जड़ से खत्म करने की दिशा में एक मजबूत संकल्प का प्रतीक बनी।बाल विवाह के खिलाफ कानूनी प्रावधान और दुष्परिणाम बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत बाल विवाह कराने, उसमें भाग लेने या सहयोग करने वालों को 2 वर्ष तक की कैद और 1 लाख रुपये तक का जुमार्ना हो सकता है। इसमें पंडित, मौलवी, नाई, हलवाई, टेंट वाले सहित कोई भी व्यक्ति जो इस आयोजन में शामिल कोई भी व्यक्ति ।गोष्ठी में वक्ताओं ने बाल विवाह के गंभीर दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गौरव गुप्ता ने कहा कि आस-पास होने वाले ऐसे आयोजनों को रोकने के लिए समझाएं, क्योंकि यह बच्चों के भविष्य को तबाह कर देता है।

गौरव शर्मा ने स्पष्ट किया कि बाल विवाह में शामिल हर व्यक्ति सजा का हकदार है। नीलम राय ने जोर दिया कि बच्चों को बाल विवाह नहीं, बल्कि अच्छी शिक्षा दें।

नूतन चौधरी ने बताया कि बाल विवाह के बाद लड़कियां घरेलू हिंसा का शिकार होती हैं, जो परिवार टूटने का कारण बनता है, उपनिरीक्षक बाबू राम सैनी ने कहा कि इससे बच्चों का शारीरिक-मानसिक विकास रुक जाता है।

एडवोकेट सत्यप्रकाश ने क्षेत्र की पिछड़ापन की वजह बाल विवाह को बताया, क्योंकि बच्चे घरेलू जिम्मेदारियों में उलझकर अपना विकास नहीं कर पाते।

प्रयत्न संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने कहा, "बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। बाल विवाह उनकी प्रगति में सबसे बड़ी बाधा है। यदि कहीं बाल विवाह होता देखें, तो तुरंत इन नंबरों पर सूचना दें चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस 112, जे आर सी हेल्पलाइन 1800-102-7222 और सभी ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली, इस अवसर पर फील्ड कोर्डिनेटर सिराज अहमद. थाना कैलादेवी उपनिरीक्षक मनोज कुमार के साथ पुलिस स्टॉफ और क्षेत्र के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

डीएम जसजीत कौर ने किया मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण, बीएलओ की उपस्थिति व कार्य प्रगति का लिया जायजा

हमीरपुर सुधा में दोनों बीएलओ अनुपस्थित, तिमारपुर विद्यालय पर मिला बंद ताला

समाज जागरण
संवाददाता: मुस्कान खान

जनपद बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा बिजनौर तहसील क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की उपस्थिति एवं उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति का मुआयना किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय हमीरपुर सुधा में स्थापित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया, जहां तैनात दोनों बीएलओ अनुपस्थित पाई गईं। विद्यालय में उपस्थित सहायक अध्यापक नरेंद्र प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि उक्त मतदान केंद्र पर दो आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती जैनब एवं श्रीमती कीसा बीएलओ के रूप में तैनात हैं।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने आदर्श विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, शाहबाजपुर स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया, जहां बीएलओ जसवंत कुमार (शिक्षामित्र) एवं जितेंद्र सिंह (अनुदेशक) उपस्थित मिले। बीएलओ द्वारा बताया गया कि आज कोई भी मतदाता फॉर्म नहीं भरा गया है। जिलाधिकारी द्वारा फॉर्मों की उपलब्धता के संबंध में पूछे जाने पर बताया गया कि फॉर्म-6 सीमित संख्या में उपलब्ध हैं, जबकि फॉर्म-7 मतदान केंद्र पर उपलब्ध नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि फॉर्म-6 एवं फॉर्म-7 दोनों ही पर्याप्त संख्या में सभी बूथों पर उपलब्ध कराए जाएं, साथ ही यदि कोई मतदाता बूथ पर आने में असमर्थ हो तो बीएलओ स्वयं गांव जाकर मतदाताओं से फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के क्रम में जब जिलाधिकारी प्राथमिक विद्यालय तिमारपुर पहुंचीं तो विद्यालय का मुख्य द्वार बंद मिला, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी बीएलओ अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ करें।

पुलिस लाइन बहजोई में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई

समाज जागरण

संभल। पुलिस लाइन बहजोई, जनपद सम्भल में अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों के सम्मान में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में वर्षों तक विभागीय सेवा देने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानपूर्वक भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक कुमार ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान किए। साथ ही उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके दीर्घ सेवाकाल, निष्ठा, अनुशासन एवं उत्कृष्ट कार्यशैली की सराहना की।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त उप निरीक्षक प्रमोद कुमार (परिवहन शाखा) एवं लीडिंग फायरमैन खुशनूद हुसैन (फायर स्टेशन गुन्नौर) को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि दोनों पुलिसकर्मियों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी और समर्पण के साथ किया, जो अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

समारोह के अंत में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सुखमय भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भावपूर्ण विदाई दी।

आगामी पर्वों को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन सतर्क, कलेक्ट्रेट में हुई तैयारी समीक्षा बैठक

समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर संत रविदास जयंती, महाशिवरात्रि कांवड़ यात्रा सहित आगामी सभी पर्वों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी जसजीत कौर ने की। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पर्व आपसी भाईचारे, सौहार्द और परंपरागत तरीके से मनाए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी ऐसा कार्य न किया जाए जिससे किसी समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हों। शोभायात्राएं और कांवड़ यात्रा निर्धारित एवं परंपरागत मार्गों से ही निकाली जाएं तथा किसी भी प्रकार की नई परंपरा न शुरू की जाए। उन्होंने धार्मिक गुरुओं और आयोजकों से अपील की कि यदि कहीं किसी प्रकार की समस्या या विवाद की आशंका हो तो समय रहते जिला प्रशासन को अवगत कराएं, ताकि उसका समाधान पहले ही किया जा सके। जिलाधिकारी ने सोशल मीडिया पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शोभायात्रा और कांवड़ यात्रा मार्गों पर साफ-सफाई, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विद्युत विभाग को निर्देश दिए गए कि यात्रा मार्गों पर जर्जर विद्युत तारों को तत्काल ठीक कराया जाए, जिससे किसी भी अप्रिय घटना की संभावना न रहे। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्रों में आयोजकों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्ध नागरिकों के साथ संयुक्त शांति समिति की बैठकें आयोजित कर पूर्व में हुई घटनाओं और समस्याओं की समीक्षा करें। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष संवाद बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। बैठक में जिले की शांति एवं कानून व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से थानावार समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने सभी थानाध्यक्षों को संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजकों से अपील की कि किसी भी कार्यक्रम के लिए पूर्व अनुमति अवश्य लें, ताकि पुलिस-प्रशासन समय से आवश्यक सहयोग प्रदान कर सके। इस बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस, धर्मगुरु, आयोजक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बिजनौर के खेल इतिहास में पहली बार: दिव्यांग टी-20 क्रिकेट महामुकाबला कल

समाज जागरण
ब्यूरो: शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर। जनपद में खेलों को बढ़ावा देने और दिव्यांग खिलाड़ियों के आत्मसम्मान व प्रतिभा को मंच देने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल होने जा रही है। बिजनौर में पहली बार ह्यदिव्यांग टी-20 क्रिकेट महामुकाबलाह्न आयोजित किया जा रहा है, जो खेल इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा।

सक्षम बिजनौर जिला के सचिव डॉ. अमित नारायण एवं बिजनौर जिला दिव्यांग क्रिकेट संघ (B.D.D.C.A.) के उपाध्यक्ष मानव सचदेवा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि यह मुकाबला ह्यशेष उत्तर प्रदेश (Rest of UP)एवं बिजनौर की टीमों के बीच खेला जाएगा।

डॉ. अमित नारायण ने बताया कि सक्षम (समृद्धि, क्षमता विकास एवं अनुसंधान मण्डल) का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को अपनी प्रतिभा दिखाने का समान अवसर प्रदान करना है। इस महामुकाबले में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के दिव्यांग खिलाड़ी भी भाग लेंगे, जो युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे।

वहीं, मानव सचदेवा ने बताया कि यह आयोजन वर्धमान क्रिकेट अकादमी, आईएमए (IMA) एवं सूर्या स्पोर्ट्स के सहयोग से सम्पन्न कराया जा रहा है, जो बिजनौर के खेल जगत में एक नई पहचान स्थापित करेगा।

जनपदवासियों से अपील

आयोजकों ने जनपदवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इन जुझारू खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और सक्षम भारत, समर्थ भारत के संकल्प को साकार करें।

रेलवे फाटक के जाम से मिलेगी निजात

समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर स्योहारा मे ओवरब्रिज निर्माण की तैयारी तेज रेलवे विभाग ने किया लेवल सर्वे, 18 माह में पूरा होगा निर्माण कार्य स्योहारा।

शहर की वर्षों पुरानी और सबसे गंभीर समस्या–रेलवे फाटक पर लगने वाले भीषण जाम–का समाधान अब धरातल पर उतरता दिखाई देने लगा है। बहसूमाझ चांदपुरझठाकुरद्वारा राज्य मार्ग संख्या 147 पर प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण को लेकर रेलवे विभाग ने जमीन पर उतरकर तैयारियां तेज कर दी हैं। सर्वे और माप का कार्य पूरा होने के बाद जल्द ही पुल की डिजाइन तैयार कर निर्माण एजेंसी को सौंपे जाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

शुक्रवार को रेलवे विभाग की तकनीकी टीम ने स्योहारा रेलवे फाटक पर पहुंचकर विभिन्न बिंदुओं पर लेवल सर्वे किया। इस दौरान रेलवे ट्रैक के मध्य से गुजर रही विद्युत लाइन, प्रस्तावित ओवरब्रिज की ऊंचाई, चौड़ाई और संरचनात्मक मजबूती से जुड़े तकनीकी पहलुओं का गहन आकलन किया गया।

रेलवे विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रस्तावित ओवरब्रिज की चौड़ाई सात मीटर होगी, जबकि दोनों ओर डेढ़-डेढ़ मीटर चौड़े फुटपाथ बनाए जाएंगे। इस प्रकार पुल की कुल चौड़ाई लगभग दस मीटर होगी। रेलवे फाटक के मध्य से दोनों ओर पुल की लंबाई अधिकतम लगभग 300-300 मीटर प्रस्तावित की गई है। लेवल सर्वे पूर्ण होने के बाद रेलवे विभाग द्वारा ओवरब्रिज की अंतिम डिजाइन तैयार कर निर्माण एजेंसी को सौंपी जाएगी।

ओवरब्रिज निर्माण का जिम्मा प्रगति कंस्ट्रक्शन कंपनी को सौंपा गया है, जिसने निर्माण कार्य को 18 माह के भीतर पूरा करने का भरोसा दिलाया है। वहीं लोक निर्माण विभाग की ओर से पुल निर्माण के लिए आवश्यक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु सात दिन पूर्व नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

हालांकि नोटिस जारी होने के बावजूद अभी तक एक-दो दुकानदारों को छोड़कर किसी भी अतिक्रमणकारी ने स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू नहीं की है। विभागीय अधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि निर्धारित समयावधि में यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो प्रशासनिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण से न केवल स्योहारा शहर को जाम की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी, बल्कि आवागमन भी सुगम होगा और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

फांसी पर लटका मिला महिला का शव

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर मंडावर क्षेत्र के ग्राम मौहम्मद पुर देवमल में उस समय हड़कंप मच गया जब एक विवाहिता का शव फंदे से लटका पाया गया, सीओ सिटी सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची व अग्रिम कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं इस संबंध में समाचार लिखे जाने तक मृतिका दामिनी के पिता ने मंडावर थाने में मृतका के पति व ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों के विरुद्ध हत्या किए जाने की तहरीर सौंपी है।

वही इस संबंध में सीओ सिटी संग्राम सिंह ने बताया कि सुबह सूचना प्राप्त हुई कि मंडावर क्षेत्र के ग्राम मौहम्मद पुर देवमल के रहने वाले अभिषेक की पत्नी दामिनी ने फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली है, तत्पश्चात स्थानीय पुलिस व उन्होंने घटना का बारीकी से निरीक्षण किया, शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। तहरीर प्राप्त कर के सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है व मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

तृतीय बैच का निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर कोतवाली। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद के मार्गदर्शन में तृतीय बैच का विकासखंड सभागार कोतवाली में ग्राम पंचायत विकास योजना, क्षेत्र पंचायत विकास योजना एवं जिला पंचायत विकास योजना निर्माण के विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम प्रधान वार्ड मेंबर क्षेत्र पंचायत सदस्य पंचायत सहायक एवं सचिवों को ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण की प्रक्रिया को समझाया प्रशिक्षण में प्रशिक्षक कुलवीर सिंह द्वारा सतत विकास के 17 लक्ष्यों पर चर्चा की गई। आपके द्वारा बताया गया कि सभी लक्ष्यों को 2030 तक हमें प्राप्त करना है। सतत विकास के लक्ष्यों के स्थानीयकरण विषय पर आधारित 09 थीम पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार,मौहम्मद वसीम द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण के मुख्य चरण वातावरण निर्माण, पारिस्थितिकीय विश्लेषण, आवश्यकताओं की पहचान एवं उनका प्राथमिकीकरण, ड्राफ्ट प्लान का विकास, प्रशासनिक तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति पर विस्तृत चर्चा की।

प्रशिक्षण में एडीओ पंचायत पंकज कुमार शर्मा,प्रशिक्षक कुलवीर सिंह,मौहम्मद वसीम,जितेंद्र कुमार,प्रीति, हिरदेश अंजार एवं जनप्रतिनिधिया मौजूद रहे।

कानपुर में मिली वैशाली बिहार के साबिर की रक्त रंजित लाश : हत्या की आशंका, जांच शुरू

- बिहार से आकर टेनरी में मजदूरी कर परिवार का पेट पाल रहा था साबिर

समाज जागरण सुनील बाजपेई

कानपुर। यहां आज शनिवार की सुबह जाजमऊ गंगापुल पर मिली टेनरीकर्मी की रक्तरंजित लाश ने हड़कंप मचा दिया। उसकी हत्या किए जाने की भी प्रबल आशंका व्यक्त की गई है, जिस पर सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, शाबिर का शव गंगापुल के पैदल ट्रैक पर मिला। उनके सिर में गहरे घाव के निशान थे। घटनास्थल से लगभग 4 मीटर दूर रेलिंग और डिवाइडर पर खून के छींटे भी मिले हैं, जिससे पुलिस को हत्या कर शव को यहां फेंके जाने की आशंका है।

पुलिस के अनुसार मृतक मोहम्मद शाबिर (38) मूल रूप से वैशाली, बिहार के रहने वाले थे वह वर्तमान में उन्नाव के थाना गंगाघाट स्थित अखलाक नगर में किराए के मकान में अपनी पत्नी मुन्नी (32) और चार बच्चों- सुहैल (14), आलिया (9), यास्मीन (7) और अफसाना (3) के साथ रहते थे और जाजमऊ स्थित एक जूता फैक्ट्री में मजदूरी करके अपने परिवार का पेट पाल रहे थे। उनके बड़े भाई मोहम्मद आबिद ने बताया कि बीती रात करीब 8 बजे उनकी शाबिर से बात हुई थी। आज शनिवार सुबह उनके एक मित्र ने उन्हें सूचना दी कि शाबिर गंगापुल पर लहूलुहान अवस्था में पड़े हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह- अभियान के तहत निगोहां टोल प्लाजा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ..

विवेक कुमार
दैनिक समाज जागरण संवाददाता

निगोहां।लखनऊ,राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अभियान के तहत शनिवार को निगोहां दखिना गांव के पास लखनऊझरायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित टोल प्लाजा पर सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं निगोहां टोल प्लाजा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।अभियान के दौरान मौके पर पहुंचे एसीपी मोहनलालगंज विकास पाण्डेय ने बिना हेलमेट वाहन चला रहे बाइक सवारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पहले उनका चालान कटवाया, तत्पश्चात टोल प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराए गए 50 से अधिक निःशुल्क हेलमेट उन्हें पहनाकर भविष्य में बिना हेलमेट वाहन न चलाने की सख़्त हिदायत दी।इसके साथ ही टोल प्लाजा से गुजर रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली, ऑटो, ट्रक, बस एवं कारों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव स्टिकर लगाए गए तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं स्कूली बच्चों की साइकिलों एवं ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर भी रिफ्लेक्टर लगाकर दुर्घटना से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।टोल परियोजना प्रमुख दिलीप पाण्डेय ने बताया कि क्यूब हाईवेज द्वारा 1 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा माह अभियान में उत्कृष्ट योगदान के लिए टोल परियोजना प्रमुख दिलीप पाण्डेय, टोल मैनेजर राकेश सिंह एवं प्रोजेक्ट मैनेजर ब्रजेश सिंह को एसीपी मोहनलालगंज द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसओ निगोहां अनुज कुमार तिवारी, एसओ नगराम विवेक चौधरी, ट्रैफिक मैनेजर मधु गुरप्पू, एसआई अनूप तिवारी सहित टोल कर्मचारी एवं पुलिस बल मौजूद रहा।एसीपी ने उपस्थित लोगों और राहगीरों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन ही दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है, और इसमें आमजन की सहभागिता बेहद आवश्यक है।

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान ने टाइम्स बी-स्कूल रैंकिंग 2026 में पहला स्थान प्राप्त किया

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) ने टाइम्स बी-स्कूल रैंकिंग 2026 में पहला स्थान प्राप्त किया है। यह अंतरराष्ट्रीय व्यापार और वैश्विक व्यवसाय पर विशेष ध्यान देने वाले प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान के रूप में इसकी स्थिति को और मजबूत करता है। आईआईएफटी भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संस्थान है। इसके परिसर दिल्ली, कोलकाता, काकीनाडा और गिफ्ट सिटी में स्थित है।केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने शीर्ष स्थान प्राप्त करने पर संस्थान को बधाई देते हुए इस उपलब्धि को छात्रों को कौशल, दूरदर्शिता और महत्वपूर्ण क्षमताओं से सशक्त बनाने में आईआईएफटी के निरंतर प्रयासों का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि संस्थान भविष्य के नेता बनाने और वैश्विक व्यापार परिदृश्य में भारत की उपस्थिति को और मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

वाणिज्य सचिव और आईआईएफटी के कुलाधिपति श्री राजेश अग्रवाल ने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान की प्रगति इसकी मजबूत शैक्षणिक नींव, बढ़ते वैश्विक दृष्टिकोण और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि आईआईएफटी अंतरराष्ट्रीय व्यापार में वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभरने की भारत की आकांक्षा का समर्थन करता है और राष्ट्रीय व्यापार, आर्थिक और रणनीतिक प्राथमिकताओं के अनुरूप वैश्विक स्तर पर सक्षम प्रबंधन पेशेवरों को तैयार करके विकसित भारत की परिकल्पना में योगदान देता है।

आईआईएफटी के कुलपति प्रोफेसर राकेश मोहन जोशी ने श्री पीयूष गोयल और श्री राजेश अग्रवाल को उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण और अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में प्रबंधन शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने शैक्षणिक दृढ़ता, नीतिगत प्रासंगिकता, उद्योग के साथ जुड़ाव और अंतरराष्ट्रीय पहुंच को बढ़ाकर, शिक्षण, अनुसंधान और संचालन में वर्तमान समय की वास्तविकताओं को एकीकृत करके इसे विश्व स्तरीय संस्थान बनाने का लक्ष्य रखा है।

1963 में स्थापित, भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन एक डीम्ड विश्वविद्यालय है। आईआईएफटी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और व्यवसाय के क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान के रूप में उत्कृष्ट एमबीए कार्यक्रम, कार्यकारी शिक्षा और डॉक्टरेट अनुसंधान प्रदान करता है। यह वैश्विक वाणिज्य और व्यापार नीति में भारत के विकास में योगदान देता है। इस संस्थान के परिसर दिल्ली, कोलकाता, काकीनाडा और गिफ्ट सिटी में स्थित हैं और दुबई में अपना पहला परिसर शुरू करने की प्रक्रिया में है।

भारत पर्व 2026 में आईएचएम रांची के स्टॉल पर ब्राजील के नागरिक ने झारखंडी और भारतीय संस्कृति की प्रशंसा की

ऐतिहासिक लाल किले में भारत पर्व के दौरान, इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) रांची के स्टॉल पर अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान का एक जीवंत क्षण देखने को मिला, जब एक ब्राजीलियाई नागरिक ने उस स्टॉल का दौरा किया और झारखंड की समृद्ध पाक कला और सांस्कृतिक विरासत में गहरी रुचि दिखाई।

आईएचएम रांची के छात्रों ने अतिथि का हार्दिक स्वागत किया और झारखंडी व्यंजन, पारंपरिक खान-पान की प्रथाओं, स्थानीय सामग्रियों और राज्य की जीवंत सांस्कृतिक परंपराओं का ज्ञानवर्धक परिचय दिया। उन्होंने भारत पर्व के महत्व पर भी बल दिया। यह एक राष्ट्रीय मंच है और भारत की विविध संस्कृतियों, व्यंजनों और परंपराओं को एक मंच पर एकजुट करता है, विविधता में एकता की भावना और वैश्विक सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है। आईएचएम रांची का प्रतिनिधित्व करते हुए शेफ हरे कृष्ण चौधरी ने झारखंड पर विशेष जोर देते हुए भारतीय भोजन परंपराओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने समझाया कि कैसे क्षेत्रीय व्यंजन स्थानीय भौगोलिक स्थितियों, जलवायु और जनजातीय विरासत से गहराई से प्रभावित होते हैं, और कैसे झारखंडी व्यंजन भारत की समृद्ध पाक विविधता का अभिन्न अंग है। भारतीय व्यंजनों के वैश्विक महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत पर्व जैसे आयोजन संस्कृति और खान-पान के माध्यम से भारत की सॉफ्ट पावर को प्रदर्शित करने का एक प्रभावी माध्यम है।

ब्राजील के अतिथि ने छात्रों और शिक्षकों के आतिथ्य सत्कार, ज्ञान और प्रस्तुति की सराहना की और झारखंडी व्यंजनों की सादगी, स्थायित्व और सांस्कृतिक गहराई की प्रशंसा की। यह संवाद सांस्कृतिक कूटनीति का एक उत्कृष्ट उदाहरण था, जिसने विश्व में भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा देने के भारत पर्व के उद्देश्य को सुदृढ़ किया।

भारत पर्व में स्किल स्टूडियो की गतिविधियों के अंतर्गत, शेफ हरे कृष्ण चौधरी ने पारंपरिक झारखंडी व्यंजन धुस्का को आलू चना सब्जी के साथ परोसते हुए एक लाइव पाक कला प्रदर्शन प्रस्तुत किया। इस व्यंजन को दर्शकों और भोजन प्रेमियों दोनों ने खूब सराहा। उन्होंने प्रदर्शन के माध्यम से, झारखंडी व्यंजनों की सादगी, पोषण मूल्य और सांस्कृतिक महत्व के बारे में बताया और समझाया कि कैसे स्थानीय सामग्रियां और खाना पकाने की पारंपरिक विधियां टिकाऊ और सामुदायिक खाद्य प्रथाओं को दर्शाती हैं।

निर्माण कार्य में लगे मजदूर की करंट लगने दर्दनाक मौत

समाज जागरण
झिंझाना। (फुरकान जंग)

शनिवार की सुबह क्षेत्र के गांव रंगाना में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से कराए जा रहे पानी की टंकी के निर्माण कार्य के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। निर्माण कार्य में लगे एक मजदूर की करंट लगने से मौके पर ही हालत गंभीर हो गई, जिससे उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्माण स्थल पर काम कर रहे मजदूर धर्मेंद्र (25 वर्ष) निवासी गांव नोसाना, जनपद बदायूं, उत्तर प्रदेश पानी की टंकी के निर्माण कार्य में लगा हुआ था। इसी दौरान अचानक विद्युत करंट की चपेट में आ गया। करंट लगते ही मजदूर जमीन पर गिर पड़ा, जिससे वहां काम कर रहे अन्य मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई। साथ काम कर रहे मजदूरों ने तत्काल घायल धर्मेंद्र को उठाकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक

काफी देर हो चुकी थी। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद मजदूर को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और निर्माण स्थल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक जानकारी एकत्र की। पुलिस ने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। परिजनों के मौके पर पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम सहित आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना के बाद ग्रामीणों और अन्य मजदूरों में रोष देखा गया। लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे, जिसके कारण यह हादसा हुआ। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया कि मामले की सूचना मिली थी परिजनों के आने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

केरटू पुलिया पर भीषण हादसा, दो वाहन क्षतिग्रस्त, चालक गंभीर

समाज जागरण
झिंझाना। (फुरकान जंग)

मेरठ-करनाल हाईवे पर स्थित गाँव केरटू की पुलिया के पास देर रात लगभग 12 बजे एक भीषण सड़क हादसा हुआ। करनाल से शामली की ओर जा रहा एक 12 टायरा ट्रक UP17 BT 1693 और शामली से करनाल की ओर आ रहा एक 18 टायरा घोड़ा ट्रक GJ 39 T 631 1आपस में टकरा गए। हादसा तब हुआ जब घोड़ा ट्रक रॉन्ग साइड में आकर ट्रक से जा टकराया। ट्रक चालक सुनील सुरक्षित बच गया, लेकिन उसका ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घोड़ा गाड़ी का चालक शेरूद्दीन जो रुड़की से तरावड़ी माल लेने जा रहा था, घने कोहरे और नींद की झपकी के कारण वाहन पर नियंत्रण खो बैठा जिससे उसका घोड़ा ट्रक खाली पड़ी खोखरी नदी में जा गिरा।जिसमें चालक को काफी चोटें आईं। एक्सीडेंट की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े और घोड़ा ट्रक चालक को मुश्किल से बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक शेरूद्दीन को प्राथमिक उपचार के लिए एम्बुलेंस द्वारा झिंझाना सी एच सी भिजवाया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जान का नुकसान नहीं हुआ। स्थानीय लोगों के मुताबिक, घना कोहरा और गलत साइड से वाहन चलाना इस हादसे का मुख्य कारण है। पुलिस ने मामले की जाँच शुरू कर दी है।

राजकीय महिला महाविद्यालय में एनएसएस का द्वितीय एकदिवसीय शिविर संपन्न

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा द्वितीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठें-उठें, जगे स्वराष्ट्र के लिए जगे-जगे के साथ किया गया। प्रथम सत्र में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार ने छात्राओं को योगाभ्यास कराया, जिसके पश्चात छात्राओं ने शिविर स्थल के आसपास पेड़-पौधों की सिंचाई कर स्वच्छता अभियान चलाया।दूसरे सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना उत्तर प्रदेश द्वारा निर्धारित विषय कौशल विकास हेतु युवा को केंद्र में रखते हुए राजकीय पॉलिटेक्निक जसाला द्वारा तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूकता विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। प्रवक्ता कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए पॉलिटेक्निक जैसी संस्थाओं का संचालन कर रही हैं, जहां अध्ययन कर युवा अपने कौशल को विकसित कर सकते हैं। शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। द्वितीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन एवं संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्याम बाबू द्वारा किया गया। इस दौरान सैकड़ो छात्राए, विद्यालय का स्टाफ सहित आदि मौजूद रहे।

जुए के अड्डे पर पुलिस का छापा, चार जुआरी गिरफ्तार

समाज जागरण कांधला।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सलेमपुर मार्ग स्थित हमजा कॉलोनी के एक मकान में जुआ खेल रहे चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से ताश की गड्डी व 1220 रुपये नगद बरामद किए हैं। आरोपियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर चालान कर दिया है।शनिवार को पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि सलेमपुर मार्ग स्थित हमजा कॉलोनी के एक मकान में कुछ लोग गिरोह बनाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर उप निरीक्षक सुनील दत्त पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर चार जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ लिया।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ताश की गड्डी व 1220 रुपये नगद बरामद किए। गिरफ्तार जुआरियों ने अपने नाम आशू, आयान, जावेद व समीम निवासी कांधला बताए। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के बाद चालान कर दिया है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि जुआ खेलने की सूचना पर कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सभी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग दर्ज कर चालान कर दिया गया है।

--102 एंबुलेंस कर्मियों का सम्मान, उत्कृष्ट सेवा पर मिला प्रशस्ति पत्र

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

नगर के स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात 108 व 102 एंबुलेंस सेवाओं से जुड़े ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। सीएमओ डॉ. अनिल, एसीएमओ डॉ. अतुल बंसल, एसीएमओ डॉ. अश्विनी एवं प्रोग्राम मैनेजर जयविंदर सिंह ने एंबुलेंस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. अनिल ने कहा कि 108 व 102 एंबुलेंस सेवाएं सराहनीय कार्य कर रही हैं और यह कर्मियों की सच्ची देशभक्ति का परिचायक है, जो पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा के साथ दिन-रात मरीजों एवं गर्भवती महिलाओं को घर से अस्पताल तक समय पर पहुंचाकर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में जुटे रहते हैं। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस सेवाओं का उद्देश्य मरीजों को त्वरित, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण सुविधा प्रदान करना होना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके। सीएमओ ने सभी एंबुलेंस कर्मियों को निर्देश दिए कि संभावित घटनाओं को ध्यान में रखते हुए एंबुलेंस को हॉटस्पॉट क्षेत्रों में तैनात रखें, जिससे जरूरतमंद मरीज तक कम से कम समय में पहुंचा जा सके। कार्यक्रम में जिला प्रभारी ललित मोहन जोशी, मंडल प्रभारी जयविंदर सिंह सहित पायलट नितिन कुमार, शौकिन्द्र, पंकज, मोहनलाल, अनुज कुमार, विकास कुमार, कमल, प्रवेश तथा ईएमटी दिल शाद, फारूख, अभिषेक, सत्य वीर, गजेंद्र, दिलशाद, साहिब आलम आदि उपस्थित रहे।

जनवरी के अंतिम दिन छाया घना कोहरा, जनजीवन अस्त-व्यस्त

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) जनवरी माह के अंतिम दिन शनिवार को जिले में घना कोहरा छाया रहा, जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया। सुबह के समय हालात यह रहे कि चंद कदमों की दूरी पर भी रास्ता दिखाई नहीं दे रहा था। कोहरे के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थमी रही और लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शनिवार को कोहरे के साथ-साथ तापमान में अचानक आई गिरावट ने ठंड को और बढ़ा दिया। सर्द हवा के चलते लोगों के शरीर में कंपकंपी छूटती नजर आई। सुबह और पूर्वाह्न के समय लोग अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेते दिखे। खासकर बुजुर्गों, बच्चों और दफ्तर जाने वाले लोगों को अधिक दिक्कत हुई। घने कोहरे का असर यातायात पर भी पड़ा। हाईवे और प्रमुख सड़कों पर वाहन चालकों को लाइट जलाकर धीमी गति से चलना पड़ा। कई स्थानों पर दृश्यता बेहद कम होने के कारण हादसों की आशंका बनी रही। हालांकि दोपहर करीब दो बजे के बाद मौसम ने करवट ली। कोहरा धीरे-धीरे छंट गया, आसमान साफ हुआ और धूप निकलने से लोगों ने राहत की सांस ली। धूप निकलते ही ठंड का असर कुछ कम हुआ और बाजारों में रौनक लौट आई। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम जानकारों का कहना है कि आने वाले दिनों में भी सुबह-शाम ठंड का असर बना रह सकता है, जबकि दिन में धूप निकलने से राहत मिलने की संभावना है। शनिवार को कोहरा छाये रहने से यातायात पर भी इसका प्रभाव पडा है। बसों में यात्रियों की संख्या कम रही।

धूमधाम से मनाई गई संत शिरोमणि रविदास जयंती

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) शहर के सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज शनिवार को संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य आनंद प्रसाद ने की, जबकि संचालन बृजेश कुमार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना तथा संत रविदास के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ हुआ। आचार्य सीताराम ने संत रविदास के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें उच्चकोटि का समाज सुधारक, महान कवि एवं दार्शनिक बताया। उन्होंने कहा कि संत रविदास के विचार सम्पूर्ण मानव समाज के कल्याण की भावना से ओतप्रोत हैं। उन्होंने ऊंच-नीच की भावना तथा ईश्वर भक्ति के नाम पर होने वाले विवादों को निरर्थक बताते हुए आपसी प्रेम, सद्भाव और समरसता के साथ जीवन जीने का संदेश दिया। आचार्य सीताराम ने कहा कि व्यक्ति जन्म या व्यवसाय से नहीं, बल्कि अपने विचारों की श्रेष्ठता, समाजहित में किए गए कार्यों और सदाचार से महान बनता है। उन्होंने संत रविदास के प्रसिद्ध विचार मन चंगा तो कठौती में गंगा को आज के समय में भी प्रासंगिक बताया। प्रधानाचार्य आनंद प्रसाद ने संत रविदास के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को अपने आचरण में उतारने की अपील की। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य मलूक चंद, नीटू कुमार, मधुबन, ब्रजपाल, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, ललित कुमार, परितोष कुमार, सुखदेव कुमार, अशोक सोम, भानू कुमार, सागर कुमार आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

दुर्घटना संभावित स्थानों पर चलाया गया चेकिंग अभियान

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत शामली पुलिस द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत दुर्घटना संभावित स्थलों पर सघन चेकिंग के साथ-साथ प्रवर्तनात्मक कार्रवाई और जन-जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि यातायात व्यवस्था को सुरक्षित, सुचारु और अनुशासित बनाया जा सके। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के निर्देश पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यह अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाना, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराना और आम जनता को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। ट्रैफिक निरीक्षक लाल विराट ने बताया कि वर्तमान में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों, सुबह और रात के समय घने कोहरे व धुंध को देखते हुए सड़क सुरक्षा को और अधिक गंभीरता से लिया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद के सभी चिन्हित दुर्घटना संभावित क्षेत्रों, मुख्य मार्गों और चौराहों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। यहां निरंतर निगरानी, सघन चेकिंग और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। शनिवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में यातायात पुलिस एवं संबंधित टीमों द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीड, गलत दिशा में वाहन चलाने और बिना आवश्यक दस्तावेजों के वाहन संचालन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। साथ ही वाहन चालकों और आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने, कोहरे में सावधानी पूर्वक वाहन चलाने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की गई।

मतदान बुथो पर दावे और आपत्तियों पर हुई सुनवाई

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शनिवार को जनपद शामली के सभी 1129 मतदान बूथों पर दावे और आपत्तियों की सुनवाई की गई। इस विशेष अभियान के तहत शामली विधानसभा क्षेत्र के 372 मतदान बूथों तथा शहर क्षेत्र के 278 बूथों पर बीएलओ मौजूद रहे और मतदाताओं को मतदाता सूची से संबंधित जानकारी प्रदान की। बीएलओ ने नागरिकों को बताया कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए और नाम, उम्र, पता अथवा अन्य विवरणों में यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो तो उसे समय रहते सुधारा जा सके। इसी उद्देश्य से बड़ी संख्या में नागरिक अपने-अपने मतदान बूथों पर पहुंचे। शहर के हिंदू कन्या इंटर कॉलेज, जैन कन्या इंटर कॉलेज, वीवी इंटर कॉलेज, आरके इंटर कॉलेज, नंदूप्रसाद प्राथमिक विद्यालय, गुजरातियान बालिका विद्यालय, देशभक्त इंटर कॉलेज तथा बिग्रेडियर होशियार सिंह इंटर कॉलेज सहित विभिन्न मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं ने सूची में अपने नाम, उम्र, पता व अन्य विवरणों की जांच की। जो मतदाता पहली बार मतदान के पात्र बने थे, उन्होंने फार्म-6 भरकर नए मतदाता के रूप में पंजीकरण कराया। वहीं विशेष गहन पुनरीक्षण (एस आईआर) के दौरान जिन मतदाताओं के नाम सूची में नहीं मिले या जिनके विवरण में त्रुटियां पाई गईं, उन्होंने मौके पर ही अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं। बीएलओ ने नागरिकों को फार्म-6, फार्म-7 और फार्म-8 की प्रक्रिया की जानकारी भी दी और बताया कि नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधन के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना आवश्यक है। रविवार होने के कारण बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के साथ मतदान केन्द्रों पर पहुंचे। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय शामली विनय कुमार सिंह भदौरियां ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी को किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि दावे एवं आपत्तियां 6 फरवरी तक स्वीकार की जाएंगी।विशेष अभियान के अंतर्गत सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ एवं पदाभिहित अधिकारी, बूथ लेवल एजेंटों के साथ प्रातः 10 बजे से सायं 4:30 बजे तक मतदाताओं से दावे व आपत्तियां प्राप्त करेंगे। निर्वाचन विभाग के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है।

सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को किया गया सम्मानित

समाज जागरण

शामली। (फुरकान जंग) पुलिस विभाग में लंबे समय तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों को शनिवार को सम्मानित किया गया। पुलिस कार्यालय शामली के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अरविन्द चौहान एवं पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों को उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर निरीक्षक अनिल कुमार, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस रामेश्वर दयाल तथा मुख्य आरक्षी चालक विनोदपाल राणा को पुलिस विभाग में दिए गए उनके योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र एवं श्रीमद्भगवद्गीता की प्रति भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त कर्मियों के उज्ज्वल भविष्य तथा उनके परिवार के सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने सेवाकाल के दौरान उनके द्वारा किए गए कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित और समर्पित कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे पुलिसकर्मी विभाग के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे।
इस मौके पर पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे और सेवानिवृत्त कर्मियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

पुलिस का मानवीय चेहरा, मंदबुद्धि महिला को परिजनों से मिलाया

समाज जागरण
शामली।(फुरकान जंग)

थाना आदर्शमंडी पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक मंदबुद्धि महिला को सकुशल उसके परिजनों से मिलाया है। थाना आदर्शमंडी पुलिस को 30 जनवरी को पीआरवी-1930 के माध्यम से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र की सदाशिव कॉलोनी में लगभग 20 वर्ष की एक मंदबुद्धि महिला घूमती हुई पाई गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला से बातचीत कर उसका नाम-पता जानने का प्रयास किया, लेकिन महिला कोई जानकारी देने में असमर्थ रही। इसके बाद पुलिस द्वारा महिला को महिला हेल्प डेस्क महिला कांस्टेबल की निगरानी में वन स्टॉप सेंटर, बनत में सुरक्षित रूप से दाखिल कराया गया। साथ ही थाना आदर्शमंडी पुलिस टीम ने सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से महिला के परिजनों की तलाश के लिए लगातार प्रयास किए। पुलिस के अथक प्रयासों के फल स्वरूप महिला की पहचान बुशरा पत्नी खालिद के रूप में हुई। बाद में महिला को उसके परिजन सास नसीमा और जेठ नौशाद, निवासी ग्राम इस्लामपुर भैसानी, थाना थानाभवन, जनपद शामली के सुपुर्द किया गया।

पुलिस-विद्युत विभाग आमने-सामने, चौकी की बिजली काटे जाने से मचा हड़कंप

-- पुलिस ने चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट पाए विद्युत लाइनमैन का काटा था चालान लाइनमैन ने काटी चौकी की बिजली

समाज जागरण
शामली झिंझाना।(फुरकान जंग)

बिडौली क्षेत्र में उस समय विवाद की स्थिति बन गई, जब बिना हेलमेट वाहन चलाने पर पुलिस द्वारा विद्युत विभाग के एक कर्मी का दो बार चालान कर दिया गया। चालान से क्षुब्ध विद्युत कर्मी अपनी टीम के साथ बिडौली पुलिस चौकी पहुंचा और वहां बिना स्वीकृत विद्युत कनेक्शन के संचालित हो रही बिजली लाइन को काट दिया। अचानक बिजली आपूर्ति ठप होने से पुलिस चौकी का कार्य प्रभावित हो गया, जिससे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग में तैनात लाइनमैन आशु बाइक से बिडौली क्षेत्र में कार्य के लिए जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस द्वारा चेकिंग की जा रही थी। बिना हेलमेट बाइक चलाने पर पुलिस ने उसका चालान कर दिया। आरोप है कि आशु का आते और जाते समय दो बार चालान किया गया। इससे नाराज होकर विद्युत कर्मी पुलिस चौकी पहुंचे और वहां की बिजली सप्लाई काट दी।बिडौली चेक पोस्ट प्रभारी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि चेकिंग के दौरान लाइनमैन का बिना हेलमेट चालान हुआ था। पुलिस चौकी पर फिलहाल कोई अधिकृत विद्युत कनेक्शन नहीं है। इसी कारण लाइनमैन द्वारा बिजली आपूर्ति काट दी गई, जिससे उसी पोल से जुड़े पास के मंदिर की बिजली भी बाधित हो गई। चौकी पर विधिवत विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन कर दिया गया है।वहीं, विद्युत विभाग के एसडीओ जितेंद्र कुमार ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि बिडौली पुलिस चौकी पर वर्तमान में कोई स्वीकृत विद्युत कनेक्शन नहीं है। उन्होंने कहा कि संभवतःलाइनमैन और पुलिस कर्मियों के बीच आपसी बातचीत या कहा सुनी के चलते लाइन काटी गई। जैसे ही पुलिस द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है, नियमानुसार आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।इस पूरे घटनाक्रम को लेकर दिनभर क्षेत्र में चचाओं का दौर चलता रहा। कुछ लोगों ने इसे प्रशासनिक समन्वय की कमी बताया, जबकि कई लोगों का कहना है कि नियम सभी के लिए समान होने चाहिए और उनका पालन हर स्तर पर जरूरी है।

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शिवभक्तों में भारी उत्साह

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंगब आगामी फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि को लेकर शिवभक्तों में उत्साह चरम पर है। भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर कांवड़ यात्रा पर निकले श्रद्धालु अब शामली से होकर गुजरने लगे हैं। बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ शिवभक्त आस्था और भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं। बताया गया है कि इस वर्ष 15 फरवरी को फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। इसी को लेकर देश के विभिन्न राज्यों से शिवभक्त हरिद्वार पहुंचकर गंगा जल लेकर अपने-अपने गांवों और शिवालयों की ओर प्रस्थान कर रहे हैं। शामली से गुजरने वाले कांवड़ियों का सिलसिला अब धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। शनिवार को राजस्थान के पुष्कर निवासी रमेश पुरी और संतोष कुमार रंग-बिरंगी कांवड़ कंधों पर उठाए शामली से होकर गुजरे। दोनों शिवभक्तों ने बताया कि उन्होंने 26 जनवरी को हरिद्वार स्थित हर की पौड़ी से पवित्र गंगाजल उठाया था। वे महाशिवरात्रि के दिन अपने गांव पहुंचकर भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक करेंगे। स्थानीय लोगों ने भी दोनों शिवभक्तों का स्वागत किया। जैसे-जैसे महा शिवरात्रि नजदीक आएगी, वैसे-वैसे शिवभक्तों की संख्या में और बढ़ोतरी होने की संभावना जताई जा रही है।

बागपत कबड्डी लीग दूसरे दिन रोमांच चरम पर दर्शकों से स्टेडियम खचाखच भरा

केटी स्टेडियम में कबड्डी खिलाड़ियों का दमखम दिखा निर्णायक दौर में पहुंची लीग एसपी और विधायक की मौजूदगी में बागपत कबड्डी लीग ने रचा नया इतिहास

समाज जागरण बागपत।
बागपत कबड्डी लीग सत्र दो के अंतर्गत केटी विंग के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता के दूसरे दिन मुकाबले अत्यंत रोमांचक और जोश से भरपूर रहे। मुबारिकपुर खेकरा स्थित केटी स्टेडियम में खेले गए इन मुकाबलों ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। खिलाड़ियों के जुझारू प्रदर्शन और कबड्डी के शानदार दांव पेंच ने आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बागपत विधायक योगेश धामा और एसपी सूरज रॉय रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने युवाओं से खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। पुरुष वर्ग में कुल बाईस मुकाबले खेले गए जिनमें कई मुकाबले एकतरफा रहे तो कई मैच अंतिम क्षणों तक संघर्षपूर्ण बने रहे। बिजरोल डौला क्लब फकरपुर शाहपुर बड़ौली और दोघट की टीमों ने दमदार प्रदर्शन कर अपनी दावेदारी मजबूत की। मवी कला और बंदपुर के बीच मुका बला सबसे रोमांचक रहा जहां एक अंक से जीत दर्ज की गई। हालांकि शनिवार को महिला वर्ग के मुकाबले आयोजित नहीं किए गए। प्रतियोगिता अब निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुकी है।

एक फरवरी को सेमी फाइनल और फाइनल मुकाबलों के साथ लीग का समापन होगा। आयोज कों के अनुसार समापन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। दर्शकों की भारी भीड़ और खिला ड़ियों का उत्साह यह दशार्ता है कि बागपत कबड्डी लीग ग्रामीण खेल संस्कृति को नई पहचान दिला रही है।

छात्र एवं छात्राओ को मतदान के प्रति जागरूक

समाज जागरण

बड़ौत। जनता वैदिक कॉलेज, बड़ौत में मतदाता पंजीकरण हेतु स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य 18 वर्ष से अधिक आयु के छात्र एवं छात्राओं का मतदाता सूची में पंजीकरण कराना तथा उन्हें मतदान के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान विनीत कुमार उपाध्याय उप जिला निर्वाचन अधिकारी बागपत द्वारा मतदान के अधिकार, मतदाता पहचान पत्र बनवाने की प्रक्रिया, मतदान का महत्व तथा मतदाता जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान का महत्व बताते हुए मत बनवाने के लिए कहा।कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. गीता रानी, समन्वयक (कोऑर्डिनेटर) मतदाता साक्षरता क्लब द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर अमरचंद वर्मा निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधि कारी, अभिषेक कुमार सिंह तहसी लदार बागपत, वंशिका सिंह नायब तहसीलदार पिलाना आदि ने नव युवाओ को मत बनवाने के लिए प्रेरित किया ।वोटर लिटरेसी क्लब के सदस्य डॉ. अमृत कुमार गुप्ता, डॉ. अमित नागर, डॉ. इंदु,डॉ. सरिता, डॉ नीलम राणा, डा मीनू, आकांक्षा, अदिति, अमित कुमार, जयवीर सिंह, ललित कुमार आदि सहित जनता वैदिक कॉलेज एवं जैन स्थानक महिला कॉलेज के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत बड़ी संख्या में पात्र छात्र-छात्राओं के मतदाता पहचान पत्र बनाए गए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना तथा सजग, जागरूक एवं जिम्मेदार मतदाता तैयार करना रहा।

रेलवे ओवर ब्रिज का निरीक्षण एवं अंडरपास के अस्थायी ट्रायल रन का शुभारंभ

समाज जागरण

बड़ौत। नगर के बिजरौल फाटक पर निमार्णाधीन रेलवे ओवर ब्रिज (आर ओबी) का निरीक्षण एवं अंडरपास के अस्थायी ट्रायल रन का शुभारंभ बागपत के सांसद डॉ. रामकुमार सांगवान द्वारा किया गया। सांसद ने क्षेत्रवासियों की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए बिजरौल फाटक के अंडरपास को अस्थायी ट्रायल रन के लिए खोलने के निर्देश दिए, जिससे आम जनता को यातायात में तत्काल राहत मिल सके। निरीक्षण के दौरान रेलवे विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। सांसद डॉ. रामकुमार सांगवान ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर, उच्च गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप शीघ्रता से पूर्ण किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को लंबे समय से चली आ रही जाम की समस्या से स्थायी समाधान मिल सके।सांसद ने कहा कि बिजरौल फाटक पर बनने वाला रेलवे ओवर ब्रिज बड़ौत क्षेत्र की एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं बहुप्रतीक्षित परियोजना है। इसके पूर्ण होने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं एवं दैनिक आवागमन में भी उल्लेखनीय सुधार आएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अस्थायी ट्रायल रन के दौरान स्थानीय नागरिकों ने सांसद द्वारा उठाए गए इस जनहितकारी कदम का स्वागत किया और शीघ्र ही ओवर ब्रिज के पूर्ण संचालन की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर बड़ौत नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अश्वनी कुमार तोमर, योगेश तोमर, नागेंद्र सिंह, राकेश जैन, डॉ. संजीव आर्य, जितेंद्र तोमर, रोहित प्रधान (निनाना), सुभाष सिंह (एडवोकेट), सुधीर तोमर, प्रज्ञा बालियान (महिला जिलाध्यक्ष) सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सांसद डॉ. रामकुमार सांगवान ने अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर कार्य करने का आह्वान किया, ताकि यह महत्वपूर्ण परियोजना शीघ्र पूर्ण होकर जनता को पूर्ण लाभ मिल सके।

पानी की टंकी से पानी ना आने पर ग्रामीणों में रोष

समाज जागरण छपरौली।

जागौश गांव के शिव मंदिर में 2 साल से पानी की टंकी बनकर हो गई थी तैयार मगर कार्य पूर्ण होने के बावजूद भी ग्रामीण बूंद बूंद को तरस रहे है। टंकी में पानी नहीं आ रहा है। जल निगम ने दो वर्ष पूर्व टंकी का निर्माण पूर्ण कर दिया था मगर आज तक भी एक दो बार पानी आने के बावजूद भी गलियों की टुटी घरों में पानी नहीं आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि टंकी का निर्माण होने के बाद भी लोग टंकी के पानी को तरस रहे है। जल निगम के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया मगर उन्होंने इस तरफ कोई भी ध्यान नहीं दिया ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद भी इस टंकी है पानी नहीं आ रहा है। ग्राम प्रधान भी इस तरफ कोई ध्यान नहीं आकर्षित कर रहा है। जब गांव का प्रधान इस तरफ ध्यान नहीं करता न किसी प्रकार की कोई कार्रवाई करता तो टंकी में पानी किस तरीके से आएगा। जागौश गांव की प्रधान निशा शर्मा से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि जल निगम को कई बार अवगत कराया गया है। मगर किसी प्रकार की कोई भी सुनवाई जल विभाग नहीं कर रहा है।

राधा कृष्ण मंदिर में दीवार कूदकर चोरों ने चोरी की

समाज जागरण

बड़ौत। जागौश गांव में यमुना नदी के किनारे बने राधा कृष्ण मंदिर में बृहस्पतिवार की रात अज्ञात चोरो ने मंदिर की दीवार कूदकर लाखों रुपए से भरा मंदिर का दान पत्र का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दे डाला। जिसमें मंदिर में रहने वाले शिव भक्तों में आक्रोश पनप गया। चोरी की घटना का खुलासा करने की मांग को लेकर शुक्रवार को ग्रामवासियों ने मंदिर परिसर में घटना खुलासा में होने पर धरना दिया। ग्रामवासियों का कहना है कि इससे पूर्व में भी राधा कृष्ण मंदिर में तीन बार चोरी हो चुकी है। इस मंदिर की स्थापना 2003 में कराई गई थी। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष दिनेश कश्यप ने बताया कि मंदिर के आसपास श्याम डालते ही शराबियों का अड्डा जुआरियों का अड्डा सट्टे की खाई बड़ी करने वाले लोगों का जमावड़ा हरियाणा की सीमा पर यमुना नदी के किनारे पर लग जाता है। चोरी की घटना का खुलासा करने की मांग को लेकर शिव मंदिर के सदस्य एवं श्रद्धालु मंदिर परिसर पर धरना देकर बैठ गए और छपरौली पुलिस प्रशासन से खुलासा करने की मांग करते रहे। इस अवसर पर जय भगवान कश्यप, राजेश कश्यप, सतवीर कश्यप, संजय कश्यप, जोहरी, हरकेश, वेदपाल ठेकेदार, लक्ष्मण ठेकेदार, कुलदीप ठेकेदार के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द घटना का खुलासा नहीं हुआ तो तहसील परिसर में भी धरना दिया जाएगा।

राष्ट्रीय गौरव अवार्ड-2026 से पुरस्कृत हुए फौजी प्रवीण तोमर

समाज जागरण बागपत।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पराक्रम दिवस पर दिल्ली के रोहिणी में स्थित टेक्निया इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीस में भारत गौरव अवार्ड समारोह-2026 का शानदार आयोजन किया गया। इस मौके पर बागपत के वाजिदपुर गांव के रहने वाले फौजी प्रवीण तोमर के कार्यों को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय गौरव अवॉर्ड- 2026 से पुरस्कृत किया गया और उनके कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। फौजी प्रवीण तोमर जेसलमेर राजस्थान में तैनात है और देश की सेवा में लगे हुए है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर व ऑपरेशन पुलवामा में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। हर कोई व्यक्ति उनके कार्यों की सराहना कर रहा है और उनसे प्रेरणा लेने की बात कह रहा है। उन्हें राष्ट्रीय गौरव अवार्ड- 2026 से पुरस्कृत होने पर उन्हें अनेक लोगों ने बधाई दी है। इस मौके पर कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव परमवीर चक्र विजेता, एडवोकेट कूमर इंद्रनील कॉर्डिनेटर, डॉ भरत झा कनवेनर, जतिन राणा को-कनवेनर, डीएफएस के पूर्व चीफ व तीन बार के राष्ट्रपति पदक विजेता डॉ धर्मपाल भारद्वाज समेत काफी लोग मौजूद रहे।

अविका मेकओवर ब्यूटी पार्लर का बड़ौत में हुआ शुभारंभ

समाज जागरण बागपत।

बडौत के बिनोली रोड स्थित वर्धा ज्योति कॉलोनी में अविका मेकओवर ब्यूटी पार्लर का शुभारंभ हो गया। इस मौके पर यू-टयूबर पारूल चौधरी व इंटरनेशनल अवार्डी व महामहिम राष्ट्रपति व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित सीनियर जर्नलिस्ट विपुल जैन अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने फीता काटकर अविका मेकओवर ब्यूटीपार्लर का शुभारंभ किया। उनका यहाँ पहुँचने पर अविका मेकओवर मेघा गुप्ता, प्रवीण तोमर व निखिल चौहान ने फूल माला पहनाकर व फूल बुग्गा भेंट कर सम्मान किया। इस मौके पर मेघा गुप्ता ने कहा कि उनके ब्यूटीपार्लर में मेकअप से जुड़े हर कार्य बहुत ही रियायती दरों पर किये जाएंगे। कस्टमर की संतुष्टि ही उनका पहला उद्देश्य होगा। बताया कि उनके ब्यूटी पार्लर द्वारा होम सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिये पहले फोन से बुकिंग करानी होगी और उसके बाद घर पर जाकर ही मेकअप से जुड़े सभी कार्य किए जाएंगे। ब्यूटी पार्लर का शुभारंभ करने पर उन्हें पारूल चौधरी व विपुल जैन ने बधाई दी और उनके पार्लर की दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की करने की कामना की। इस मौके पर संजीव गुप्ता, रेखा गुप्ता, बबीता देवी, तनु देवी आदि समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कफ सीरप तस्करी मामले में भोला जायसवाल की 5.77 करोड़ की संपत्ति जब्त

ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में मादक पदार्थों के तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी के जुड़े मामले में भोला प्रसाद जायसवाल के खिलाफ शनिवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. इससे पूर्व 28.50 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त किए जाने के बाद अब सोनभद्र पुलिस ने करीब 5.77 करोड़ रुपए की और संपत्ति कुर्क कर ली है. इस तरह अब तक तस्कर की कुल 34.27 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध संपत्ति जब्त की जा चुकी है. सोनभद्र जनपद के थाना रावर्टसगंज में दर्ज एफआईआर के तहत आरोपी प्रह लाद घाट के कायस्थ टोला निवासी भोला प्रसाद के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है. न्यायालय के आदेश के अनुपालन में 23 जनवरी को पहले ही 28.50 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति जब्त की जा चुकी थी. इसके बाद धारा 68-एफ एनडीपीएस एक्ट के तहत वाराणसी जनपद में अभियुक्त और उसके परिजनों की संपत्तियों पर कुर्की की गई. शनिवार को पुलिस ने मडौली, भरलाई और जगदीशपुर क्षेत्र में स्थित कुल 7 अचल संपत्तियों को कुर्क किया गया है, जिनकी कीमत करीब 4.55 करोड़ रुपए बताई गई है. इसके अलावा चार लग्जरी व अन्य वाहन भी जब्त किए गए हैं, जिनकी कीमत लगभग 51 लाख रुपए है. वहीं, बैंक खातों में जमा 70.99 लाख रुपए की राशि भी अभिग्रहित की गई है. कुर्क किए गए वाहनों में फॉर्च्यूनर लेजेंडर, हुंडई आई- 20,एक्टिवा और वेस्पा स्कूटर शामिल हैं. कुर्की की कार्रवाई के दौरान एसआईटी निरीक्षक प्रणय प्रसून श्रीवास्तव, थाना अध्यक्ष हाथी नाला नागेश सिंह, चौकी प्रभारी डाला घनश्याम तिवारी सहित अन्य पुलिस टीम शामिल रही।

कनहर सिंचाई परियोजना अमवार में करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण

सोनभद्र। सोनभद्र जिले के अमवार कनहर सिंचाई परियोजना मे चल रहे नहर निर्माण कार्य के दौरान करंट की चपेट में आने से शनिवार को एक मजदूर की मौत हो गई. मृतक मजदूर विंढमगंज थाना क्षेत्र के कोलिनडूबा ग्राम पंचायत निवासी विजय कुमार यादव पुत्र नंदकिशोर यादव थाना कोन क्षेत्र के कुड़वा ग्राम पंचायत मे कनहर सिंचाई परियोजना के अंतर्गत एक कंपनी द्वारा कराए जा रहे नहर निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहा था. मृतक मजदूर लेवल स्टाप का कार्य करते समय ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार के चपेट में आ गया और करंट लगते ही मौके पर गिरकर छटपटाने लगा. करंट लगने से वह पूरी तरह झुलस गया. घटना के पश्चात कार्यस्थल पर मौजूद ठेकेदार के कर्मचारियों ने आनन -फानन एक निजी वाहन से विंढ मगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया. जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. सत्येंद्र प्रसाद ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया. घटना के सूचना पर पहुंचे परिजनों ने डायल 112 पर फोन कर घटना की जानकारी दी. आक्रोशित परिजनों के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण शव को लेकर कुड़वा गांव स्थित घटनास्थल पर पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया. ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार की लापरवाही से मौत हुई है. कार्य के दौरान सुरक्षा मनकों का पूरी तरह से उक्त ठेकेदार द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है. लोगों ने ठेकेदार के लापरवाही को मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए प्रशासन से कड़ी कार्रवाई और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की. सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को किसी तरह समझा- बूझाकर शांत कराते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई।

भारत पर्व 2026 में आईएचएम रांची के स्टॉल पर ब्राजील के नागरिक ने झारखंडी और भारतीय संस्कृति की प्रशंसा की

ऐतिहासिक लाल किले में भारत पर्व के दौरान, इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) रांची के स्टॉल पर अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान का एक जीवंत क्षण देखने को मिला, जब एक ब्राजीलियाई नागरिक ने उस स्टॉल का दौरा किया और झारखंड की समृद्ध पाक कला और सांस्कृतिक विरासत में गहरी रुचि दिखाई। आईएचएम रांची के छात्रों ने अतिथि का हार्दिक स्वागत किया और झारखंडी व्यंजन, पारंपरिक खान-पान की प्रथाओं, स्थानीय सामग्रियों और राज्य की जीवंत सांस्कृतिक परंपराओं का ज्ञानवर्धक परिचय दिया। उन्होंने भारत पर्व के महत्व पर भी बल दिया। यह एक राष्ट्रीय मंच है और भारत की विविध संस्कृतियों, व्यंजनों और परंपराओं को एक मंच पर एकजुट करता है, विविधता में एकता की भावना और वैश्विक सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है। आईएचएम रांची का प्रतिनिधित्व करते हुए शेफ हरे कृष्ण चौधरी ने झारखंड पर विशेष जोर देते हुए भारतीय भोजन परंपराओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने समझाया कि कैसे क्षेत्रीय व्यंजन स्थानीय भौगोलिक स्थितियों, जलवायु और जनजातीय विरासत से गहराई से प्रभावित होते हैं

जमीन पर लेटे काल भैरव धाम का मोहन यादव ने किया लोकार्पण , और 100 एकड़ में इंडस्ट्रियल एरिया बनाने की घोषणा

समाज जागरण

रीवा।प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव ने शनिवार को रीवा की गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में प्राचीन भैरव लोक का लोकार्पण किया मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सबसे पहले काल भैरव मंदिर पहुंचकर विशेष पूजा अर्चना की. इसके बाद मंदिर के शिखर पर लगाए गए धर्म ध्वज को फहराया. आयोजित समारोह में पहुंचकर मुख्यमंत्री ने 17 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत के बने 4 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया. साथ ही सभा स्थल से सीएम मोहन यादव ने कई घोषणाएं कीं, जिसमें 100 एकड़ इलाके में इंडस्ट्रियल एरिया बनाए जाने की घोषणा प्रमुख थी।
गुढ़ में काल भैरव धाम का सीएम ने किया लोकार्पण इतिहासकारों के मुताबिक गुढ़ क्षेत्र के कैमोर पर्वत श्रृंखला में स्थित खम्हाडीह गांव में काल भैरव लोक में विराजित भगवान काल भैरव की विशाल प्रतिमा का निर्माण कलचुरी राजवंश के युवराज देव द्वितीय द्वारा लगभग 10वीं से 11वीं शताब्दी के दौरान कराया गया था. इस प्रतिमा को एक काले पत्थर को तराश कर शयन मुद्रा में बनाया गया था. पत्थर का रंग काला हैं, जो कि आसपास के क्षेत्र में नहीं पाया जाता। शयन मुद्रा में स्थित है विशालकाय काल भैरव की प्रतिमा काल भैरव लोक में विराजित काल भैरव की प्रतिमा की लम्बाई 8.50 मीटर है और चौड़ाई 3.70 मीटर हैं. यह विशाल प्रतिमा पूरे विश्व में अद्वितीय मानी जाती है. ब्रिटिश हुकूमत के दौरान लेटी हुई काल भैरव की प्रतिमा को खड़ा करने के लिए इंग्लैंड से कई इंजीनियर भी बुलाए गए थे, लेकिन मूर्ति खड़ी नहीं कर सके. इस दौरान विशाल प्रतिमा खंडित भी हो गई थी। 1 हजार साल से भी ज्यादा पुरानी है प्रतिमा करीब 1 हजार वर्ष से भी ज्यादा पुरानी काल भैरव की चतुभुर्जी प्रतिमा का ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व भी है. काले पत्थर में तराशी गई इस प्रतिमा में दाई ओर हाथ में रुद्राक्ष की माला है, तो बाई तरफ एक हाथ में सर्प और दूसरे में हाथ में कलश है. गले में रुद्राक्ष की माला और सर्प लिपटे हुए हैं. कमर में सिंह मुख का चित्र है. इस तरह की विशालकाय और कलाकृतियों से सजी काल भैरव की प्रतिमा देश की चिह्नित प्रतिमाओं में से एक है। भैरव लोक के लोकार्पण के हजारों लोग बने साक्षी सदियों से यह विशाल प्रतिमा खुले आसमान के नीचे और वीरान पहाड़ी में स्थापित थी. वर्ष 2020 में स्थानीय विधायक नागेंद्र सिंह और वर्तमान उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के प्रयासों से मंदिर को भव्य स्वरूप देने की योजना बनाई गई. योजना के मुताबिक भैरव लोक का निर्माण कार्य शुरू हुआ और करीब 6 साल बाद भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है, जिसका शनिवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लोकार्पण किया है. इस दौरान उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, सांसद जनार्दन मिश्रा, गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह सहित अन्य विधायक और हजारों की तादाद में जनता काल भैरव लोक के एतिहासिक लोकार्पण की साक्षी बनी। इसलिए प्रसिद्ध है गुढ़ विधानसभा क्षेत्र गुढ़ विधानसभा क्षेत्र की विंध्य ही नहीं समूचे देश में अलग पहचान है. यहां पर स्थित काल भैरव लोक हो या फिर दुनिया का पहला सफेद शेर मोहन हो. इसी गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोविंदगढ़ में पाया गया था. दुआरी गांव स्थित दुर्मनकूट धाम भी इसी क्षेत्र में है, जिसे देश का दूसरा चित्रकूट धाम कहा जाता है. यहां प्रसिद्ध देवरहा बाबा ने वर्षों तपस्या की थी. इसके अलावा 750 मेगावाट क्षमता वाला एशिया का सबसे बड़ा सोलर पावर प्लांट स्थित है. यह सोलर पावर प्लांट बदवार की पहाड़ी पर बना है, इसकी बिजली से दिल्ली की मेट्रो ट्रेन दौड़ती है।

परीक्षा सिर पर लेशन थी तक हुई पढाई हाई स्कूल सलैया का मामला

समाज जागरण

बिरसिंहपुर पाली ---माध्यमिक शिक्षा मंडल व्दारा परीक्षा की तिथियों की घोषणा कर दी गई है जो कि 17 फरवरी से होने वाली है, लेकिन अध्यापन कितना हुआ, यह जानकर आप भौचक्के रह जायेगें। मामला हाई स्कूल सलैया 01 का है, जहाँ पर अभी तक अग्रेजी बिषय की कुल तीन लेशन तक पढाई हुई है। बताया जाता है की अग्रेजी बिषय के अध्यापन की जिम्मेदारी संस्था प्रमुख प्राचार्य श्री मती मनोरमा सोनी जी सम्हाल रही है जो कि मूल रूप से कृषि विज्ञान वर्ग एक की शिक्षक है। विद्यालयो में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बिषय वार शिक्षको की पद संरचना की गयी है, जिस वजह से नियमत एक विद्यालय में शिक्षकों की तादाद भी निश्चित है, जिस वजह से सलैया विद्यालय में अग्रेजी बिषय की शिक्षक की भर्ती ही नहीं की गयी, जिस वजह से कृषि विज्ञान के शिक्षक से अग्रेजी बिषय पढाने की जिम्मेदारी उठा रही , इन्होंने जानबूझकर अग्रेजी बिषय के अतिथि शिक्षक की भर्ती ही नहीं की और न ही इस बात की जानकारी विभागीय अधिकारियों को देना उचित नहीं समझा। आखिर कार पूरे सत्र में सलैया विद्यालय में अग्रेजी बिषय का शिक्षक की नियुक्ति न कर विद्यालय में अध्ययन रत छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ क्यों किया गया, यह सवाल आज भी अनुत्तरित है।

प्राचार्य के साथ अतिथि शिक्षक की भी चल रही छुट्टी

सलैया विद्यालय में कक्षा नवमी में 30 छात्र और कक्षा 10 में 18 छात्र दर्ज हैं जहाँ पर सात शिक्षक पदस्थ है जिनमें तीन शिक्षक निमयित और चार अतिथि शिक्षक भर्ती किये गए हैं। इनमें से नरेश सोनी सहायक प्रयोग शाला शिक्षक भी लगातार अवकाश में बताये जाते हैं। मालूम होवे की अतिथि शिक्षक श्री सोनी विद्यालय के प्राचार्य के पति है, जिससे वह साल के अधिकांश दिनों

में अवकाश में ही रहते हैं फिर भी उनका वेतन पूरे समय का आहरित किया जा रहा है। यह ओ डी भी बकायदा भरी जाती है। इस तरीके से विद्यालय शासन के नियमों से कम पारिवारिक संबंधों के आधार पर ज्यादा संचालित हैं। बताया जाता है कि इन दिनों संस्था की प्राचार्य विद्यालय से नदारद मिली और साथ में अतिथि शिक्षक नरेश सोनी और संगीता तिवारी भी विद्यालय में अनुपस्थित पायी गयी। नरेश सोनी के संबंध में बताया गया की वह लगभग एक पखवाड़े से अनुपस्थित है। प्राचार्य ने दूरभाष में बतलाया की हम पिछले दिनों से लगातार अवकाश में है और नरेश सोनी के लिये भी उन्होंने अवकाश की जानकारी दी।बताया जाता है कि राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस में भी प्रभारी प्राचार्य और अतिथि शिक्षक श्री सोनी जी सहित विद्यालय नहीं पहुंचे ।

आयुक्त की जन सुनवाई में हुई शिकायत

सलैया विद्यालय के छात्रों ने विद्यालय में अध्यापन कार्य के अपूर्ण होने की शिकायत कमिश्नर कार्यालय की जन सुनवाई में देते हुए कहा की विद्यालय में अग्रेजी बिषय का कोई शिक्षक ही पदस्थ नहीं है, जिससे अग्रेजी बिषय की पढ़ाई ही नहीं की गयी है। ध्यान देने योग्य है कि परीक्षा में कुल एक पखवाड़ा शेष रह गए हैं और उस बिषय की पढ़ाई न होना न सिर्फ विद्यालय प्रबंधन को कटघरे में खड़ा करता बल्कि पूरे अमले के ऊपर तीखे सवाल खड़े करके रख दिया है।

अब चलेगा नियमित और प्रायवेट का खेल

बोर्ड परीक्षाओं में नियमित छात्रों को प्रायवेट बनाने का खेल भी विद्यालयों में खूब फल फूल रहा है। बताया जाता है की बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणामों को सुधारने की दिशा में यह मील का पत्थर साबित हो रहा है, ताकि नियमित छात्रों की संख्या कम दर्शा कर अपने विद्यालय की नाक बचाने की कवायद की जाती है। साल भर विद्यालय में हाजिर होने वाले छात्रों को प्रायवेट बता कर संस्था प्रमुख अपनी पीठ थपथपाने का काम करते हैं इसी कड़ी में सलैया विद्यालय में कुछ नियमित छात्रों को प्रायवेट बनाया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक सलैया विद्यालय में नियमित रूप से अध्ययन रत बैगा समुदाय की लक्ष्मी बैगा, अनिल बैगा, लक्ष्मण बैगा और देववतिया खैरवार को प्रायवेट छात्रों की श्रेणी में डाल दिया गया है जबकि कुछेक छात्र जिनकी उपस्थित अपेक्षाकृत कम है उन्हें नियमित छात्र के रूप में शामिल किया जा रहा है।

नगर कीर्तन निकाला जाएगा आज

समाज जागरण

कालांवाली 31जनवरी (सुरेश जोरासिया) संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी का 649 वां अवतार दिवस के शुभ अवसर पर श्री गुरु रविदास सभा एवं ग्राम वासियों के सहयोग से नगर कीर्तन निकाला जाएगा सभा के मुख्य प्रवक्ता उपाध्यक्ष सुरेश जोरासिया ने बताया कि श्रीगुरू रविदास मंदिर



को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। नगर कीर्तन की शुरूआत श्री रविदास धर्मशाला गांव कालांवाली से की जाएगी। यह नगर कीर्तन शहर के मुख्य चौक चौराहों से होता हुआ समाप्ति श्री गुरू रविदास धर्मशाला में होगी। इस महान नगर कीर्तन में सामाजिक धार्मिक व राजनीतिक प्रतिनिधि विशेष तौर पर सम्मिलित होंगे। नगर कीर्तन के स्वागत के लिए कई दिनों से तैयारी की जा रही हैं मंदिर परिसर भक्ति में हो गया है। इस अवसर पर प्रधान अश्विनी नुना उपाध्यक्ष सुरेश जोरासिया नरेश (काला)रितिक, लालचंद जोतराम, पंच चांद राम, टेकचंद बलवीर एवं अन्य ग्रामवासी मौके पर मौजूद रहे'

कुरुक्षेत्र में गुरु रविदास जी की 649वीं जयंतीः मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया नमन, समाज के लिए कई घोषणाएँ

अनुसूचित जाति-जनजाति को मालिकाना हक, गुरु रविदास धाम का निर्माण 124 करोड़ से

समाज जागरण कुरुक्षेत्र।

कुरुक्षेत्र में आयोजित संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में उन्होंने गुरु रविदास जी को नमन किया और प्रदेशवासियों को उनकी जयंती की शुभकामनाएँ दीं।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर समाज के कल्याण और विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के वे लोग जो 20 साल से एक ही स्थान पर निवास कर रहे हैं, उन्हें मालिकाना हक देने के लिए एक नीति बनाई जाएगी। इसके तहत उन लोगों को उनकी जमीन के मालिकाना अधिकार दिए जाएंगे और सरकारी स्तर पर रियायत भी प्रदान की जाएगी।

एससी कम्पोनेंट प्लान का विशेष प्रावधान

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि एससी कम्पोनेंट प्लान के पैसों को केवल एससी समाज के विकास के लिए ही खर्च किया जाएगा। इसके लिए आगामी सत्र में प्रावधान लाकर इसे लागू किया जाएगा। यह कदम समाज के आर्थिक सशक्तिकरण और योजनाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

गुरु रविदास धाम का निर्माण 124 करोड़ में

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि कुरुक्षेत्र के उमरी में पांच एकड़ भूमि पर 124 करोड़ की लागत से गुरु रविदास धाम का निर्माण किया जाएगा। यह धाम न केवल श्रद्धालुओं के लिए एक प्रमुख तीर्थ स्थल होगा, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। सरकार ने इस प्रोजेक्ट के लिए प्रथम चरण में 90 करोड़ के कामों के टेंडर जारी कर दिए हैं, जिनमें आधारभूत संरचना, भवन निर्माण और प्रांगण विकास शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा और इसे राज्य और देश के श्रद्धालुओं के लिए एक मॉडल स्थल बनाया जाएगा।

समाज और संस्कृति के प्रति प्रतिबद्धता

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु रविदास जी की शिक्षाएं समानता, भाईचारा और समाजिक न्याय का संदेश देती हैं। राज्य सरकार उनकी विरासत और आदर्शों को संरक्षित करने, साथ ही समाज के पिछड़े वर्गों को विकास के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल धार्मिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह सामाजिक सशक्तिकरण और सांस्कृतिक पहचान का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं और समाज के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे इन पहलों में सहयोग करें और समाज के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में डिजिटल क्रांतिः ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से पूरे वर्ष शिल्पकारों को मिलेगा वैश्विक बाजार

समाज जागरण फरीदाबाद/नई दिल्ली।

भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के सचिव, डॉ. श्रीवत्स कृष्ण ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा। इस डिजिटल पहल से शिल्पकार अब सिर्फ मेले तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि अपने हस्तनिर्मित उत्पाद पूरे वर्ष देश-विदेश में बेच सकेंगे।

डॉ. श्रीवत्स कृष्ण ने यह भी बताया कि शिल्पकारों और पर्यटकों के बढ़ते उत्साह को देखते हुए मेले की अवधि को दो सप्ताह से बढ़ाकर चार सप्ताह करने पर भी विचार किया जा रहा है। इससे शिल्पकारों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने और विक्रय बढ़ाने का अधिक समय मिलेगा।

सचिव ने बताया कि यह कदम लोकल से ग्लोबल थीम को और मजबूती देगा और देश के हर कोने में मौजूद हुनरमंद शिल्पकारों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने में मदद करेगा। साथ ही यह पहल आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। डॉ. श्रीवत्स कृष्ण के अनुसार, डिजिटल प्लेटफॉर्म में शिल्पकारों के लिए आसान पंजीकरण, उत्पाद अपलोड, भुगतान और वितरण जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। इससे उन्हें व्यापारिक अवसरों में निरंतरता और स्थायी आय प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यानः ऑनलाइन और काउंटर टिकट की सुविधा

समाज जागरण फरीदाबाद/नई दिल्ली।

हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में बुनियादी ढांचे और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है।

डॉ. अग्रवाल ने कहा कि कच्ची हटों को पक्का कर दिया गया है और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा मेले के भीतर साज-सज्जा, प्रकाश व्यवस्था और अन्य सभी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। उनका कहना था कि यह पहल न केवल शिल्पकारों और व्यापारियों के लिए सुविधाजनक होगी, बल्कि पर्यटकों के अनुभव को भी बेहतर बनाएगी।

जेपी दलाल बोले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभक्त है वे दुनिया में किसी भी देश के आगे झुकता नहीं

- लोहारू विधानसभा क्षेत्र की गौशालाओं को अगले सप्ताह एक करोड़ 38 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी और लोहारू की गौशाला को 26.50 लाख की राशि प्रदान की जाएगीः विधायक कंवर सिंह यादव
- पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल और महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव ने लोहारू की गौशाला में आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

समाज जागरण, जिला संवाददाता।
(महेन्द्र जावला बहल)

बहल- लोहारू, 31 जनवरी। पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा है कि हमारे पूर्वजों ने भारतीय संस्कृति व सनातन धर्म को बचाने के लिए गो सेवा का प्रण लिया था भाजपा सरकार इसे आगे बढ़ने का कार्य कर रही है।भाजपा सरकार गौभक्त सरकार है। सरकार गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। इसीलिए सरकार ने पूरे प्रदेश की गऊशालाओं के लिए बजट में कई गुणा न केवल वृद्धि की बल्कि वृद्धि की गई राशि भी लगातार गऊशालाओं तक पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभक्त है वे दुनिया में किसी भी देश के आगे झुकता नहीं, भारत की साख को विश्व में आगे बढ़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी जन भावनाओं के अनुरूप कार्य करती है इसलिए केंद्र और राज्य में चौथी बार भाजपा की सरकार बनेगी।

पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल व महेंद्रगढ के विधायक कंवर सिंह यादव शनिवार को लोहारू की गऊशाला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में लोहारू के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

पूर्व कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश भक्त हैं,किसी से झुकता नहीं है । उनके कुशल नेतृत्व में भारत आगे बढ़ रहा है। विश्व में भारत की साख बढ़ रही है। सरकार जन भावनाओं के अनुरूप कार्य कर रही है। गरीबों के 55 करोड़ से अधिक बैंकों में खाते खुलवाए हैं।घर-घर शौचालय का निर्माण करवाया है। 80 करोड लोगों को मुफ्त में अनाज दिया जा रहा है। कश्मीर की समस्या का हल उन्होंने निकला है। धारा 370 को निष्प्रभावी किया है। राम मंदिर का निर्माण करवाया है। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के घुटने टिकवाए हैं। आज भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में सर्वाधिक तेज गति से आगे बढ़ रही है। यह बढ़ते भारत की निशानी है और प्रधानमंत्री का मिशन है कि 2047 में भारत को विकसित देशों की श्रेणी में लाना है। इसलिए हमें किसी से डरने की जरूरत नहीं है। हम काम करके खाने वाले लोग हैं। सरकार की योजनाओं का फायदा घर बैठे दिया जा रहा है। सरकार अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है।

पूर्व कृषि मंत्री ने लोहारू की गौशाला में चारे के लिए अपने निजी खर्चे से एक लाख रुपए देने की घोषणा की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि लोहारू क्षेत्र को विकास के मामले में पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नीति बनाकर हर वर्ग की भलाई के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गऊ की सेवा एक पुण्य का कार्य है।चाहे वह पहले मनोहर लाल सरकार हो या फिर अब नायब सरकार दोनो में नीतियां बना कर जो-जो कार्य किए जा रहे हैं उनका सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है।

पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल और महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव ने गौशालाओ में गोवंश को गुड़ खिलाया और गौशालाओं का निरीक्षण किया।

महेंद्रगढ के विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार किसान व मजदूर सहित हर वर्ग की खुशहाली के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार पार्दर्शिता के साथ सरकारी योजनाओं को लागू किया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बिना भेदभाव के सभी क्षेत्रों का समान विकास करवाया जा रहा है।लोगों को घर बैठे सरकार की योजनाओं का फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जब जेपी दलाल कृषि व पशुपालन मंत्री थे तब गऊशालाओं के बजट को 40 करोड़ रुपए से बढा कर 4 सौ करोड़ रुपए किया था। जो 10 गुणा बढौतरी एक दम की गई। उसका लाभ आज

भी प्रदेश की गऊशाओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बिना खर्ची व पर्ची से योग्यता के आधार पर युवाओं को बिना भेदभाव के नौकरी दी जा रही है। सभी क्षेत्रों का समान विकास करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गत 5 वर्षों के दौरान पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने हजारों करोड़ रुपए के विकास कार्य करवा कर किर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि 11 साल का भाजपा से पहले का कार्यकाल और 11 साल का भाजपा का कार्यकाल स्पष्ट रूप से अलग ही दिख रहा है। भाजपा सरकार ने हर वर्ग की भलाई के लिए कार्य किए हैं। देश और प्रदेश ने हर क्षेत्र में तरक्की की है। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह लोहारू विधानसभा क्षेत्र की गौशालाओं को एक करोड़ 38 लाख रुपए की राशि प्रदान जाएगी और लोहारू की गौशाला को भी 26.50 लाख की राशि प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम को मार्केट कमेटी के चेयरमैन एडवोकेट संजय नेहरा तथा चौधरी देवीलाल विचार मंच के प्रधान विजय गोठड़ा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गौ सेवा एक पुण्य का कार्य है। जहर मुक्त खेती करने के लिए गौशालाओं का बहुत महत्व है। इस अवसर पर बहल के पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने अपने निजी कोष से 21 हजार रुपए नगद राशि लोहारू गौशाला में गायों को हरा चारा डालने के लिए दी। इस मौके पर उनके साथ नगरपालिका चेयरमेन प्रदीप तायल, मंडल अध्यक्ष रोहतास चौहान,प्रधान सुंदरलाल शर्मा, उप प्रधान राकेश घरढानिया, रिंकू बजाज, सचिव करण गुप्ता, पूर्व चेयरमैन दौलतराम सोलंकी,महेश गांधी, विजय शेखावत, प्रधान धनपत सैनी, सुभाष सैनी,लीला,पुरूषोतम शर्मा, निरंजन तायल, लीलाधर डालमिया, राधेश्याम स्वामी,पूर्व सरपंच सुभाष गोयल, बहल के पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, रतन अग्रवाल, विजय बंसल,रोहताश चौहान, विजय शेखावत, पूर्व चेयरमैन राजीव श्योराण,संजय नेहरा, कमलेश भोडूका, श्यामसुंदर बंसल, बलवंत गोठड़ा, रामकुमार सिंघानी, रोहताश लाम्बा, रामकिशन टिकेवाला सहित गऊशाला के सभी पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

13 मार्च को अजय चौटाला के जन्मदिन पर हांसी में युवा जजपा करेगी विशाल रैली

- कुरुक्षेत्र में आयोजित हुई युवा जजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक
- दुष्यंत चौटाला, दिग्विजय चौटाला ने की शिरकत
- युवा प्रदेश पदाधिकारियों को संगठन मजबूत करने के दिए गुरुमंत्र
- 13 मार्च को हांसी में अजय चौटाला के जन्मदिन पर होगी बड़ी रैली

समाज जागरण अश्विनी वालिया

कुरुक्षेत्र, 31 जनवरी। जननायक जनता पार्टी की युवा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का आज कुरुक्षेत्र की पंजाबी धर्मशाला में आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, युवा जजपा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला, जजपा प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा ने मुख्य रूप से शिरकत की।

बैठक में जहां जजपा के शीर्ष नेताओं ने प्रदेशभर से बैठक में पहुंचे युवा पदाधिकारियों को संगठन को मजबूत करने, प्रदेश भर को युवाओं को जजपा के साथ जोड़ने और जजपा की नीतियों का जन जन में प्रचार प्रसार करने के गुरुमंत्र दिए।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश स्तरीय बैठक में कई अहम फैसले किए गए। 13 मार्च को डॉ. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिवस के अवसर पर हांसी जिला में बड़ी रैली का आयोजन किया जाएगा। युवा प्रेरणा दिवस के रूप में इस कार्यक्रमको मनाया जाएगा। उन्होंने प्रेसवार्ता में प्रदेश में बढ़ते अपराध, बेरोजगारी को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने यूजीसी के नए नियमों को लेकर रोष जताया और सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीश का इस मामले में कड़ा संज्ञान लेने पर उनका आभार जताया।

उन्होंने कहा कि आज का युवा भाजपा सरकार में हताश है, परंतु अब हर संघर्ष के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री चक्कर तो देशभर में लगा रहे है, पर विकास कहीं नहीं हो रहा। उन्हें मुख्यमंत्री बने स्वा साल हो गया, परंतु सीएम सिटी कुरुक्षेत्र में भी कोई बड़ा प्रोजेक्ट नहीं आया। बुजुर्गों को पेंशन काट दी, विधवा, दिव्यांग महिलाओं को दोबारा चक्कर कटवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा से ज्यादा पंजाब में घूम रहे हैं। उन्हें प्रदेश की तरक्की, विकास पर ध्यान देना चाहिए। इस मौके पर जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लेतानी, कार्यालय सचिव धर्मवीर सिहाग, जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला, युवा प्रधान राजेश पायलट, प्रदेश प्रधान महासचिव राजू पाई, विनीश गुर्जर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. जसविंदर खेहरा, प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह राठौर, होशियार सिंह किरमच, हल्का प्रधान योगेश शर्मा, विशाल मुकीमपुरा,नवीन सिहाग, साहिल लाडवा यूथ हल्का प्रधान, अजय बाजीगर, शेखर डोगरा, चंद्र प्रताप राठौर, अशोक शर्मा, रॉबिन ढांडयान, यशपाल खुश आदि भी शामिल रहे।

सुधीवास गांव की बेटी साक्षी ने बढ़ाया क्षेत्र का मान, गांव में हुआ भव्य स्वागत

कामधेनु विश्वविद्यालय में टॉप कर राज्यपाल के हाथों गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर बहल कस्बे में खुशी की लहर

समाज जागरण, जिला संवाददाता।
(महेन्द्र जावला बहल)

बहल, 31 जनवरी। बहल क्षेत्र के सुधीवास गांव की बेटी साक्षी ने शिक्षा के क्षेत्र में शानदार उपलब्धि हासिल कर अपने गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गांव पहुंचने पर साक्षी का ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। सबसे पहले साक्षी ने गांव स्थित मंदिर में पहुंचकर अपने इष्ट देवता के दर्शन किए, इसके बाद उनके निवास स्थान पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने फूलमालाएं व नोटों की मालाएं पहनाकर साक्षी का जोरदार स्वागत किया और बधाइयां दीं। उल्लेखनीय है कि साक्षी ने बैचलर इन डेयरी टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम में दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, अंजोरा, दुर्ग (छत्तीसगढ़) में टॉप कर गौरव हासिल किया है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर साक्षी को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका द्वारा वीरवार को दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया।

समारोह के दौरान राज्यपाल रमेन डेका ने साक्षी की मेहनत, अनुशासन और लगन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतिभाशाली छात्राएं समाज और देश के भविष्य को सशक्त बनाती हैं और लाखों बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। साक्षी की इस उपलब्धि से बहल क्षेत्र में खुशी की लहर है।

साक्षी सुधीवास गांव के एक साधारण ग्रामीण परिवार से संबंध रखती हैं।

उनके पिता प्रेम कुमार अध्यापक हैं और माता सुनीता देवी गृहिणी हैं। दोनों ने हर परिस्थिति में साक्षी का मार्गदर्शन किया और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साक्षी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और विश्वविद्यालय के मार्गदर्शकों को दिया।

साक्षी के ताऊ रामकुमार सुधीवास ने बताया कि साक्षी शुरू से ही प्रतिभावान रही हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव के सरकारी प्राइमरी विद्यालय से हुई। कक्षा 6 से 12वीं तक की पढ़ाई बहल के बीआरसीएम संस्थान से की। इसके बाद वर्ष 2021 में आईसीएआर परीक्षा उत्तीर्ण कर उन्होंने कॉलेज ऑफ डेयरी साइंस एंड फूड टेक्नोलॉजी, रायपुर में बीटेक में प्रवेश लिया। वर्ष 2025 में साक्षी ने पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रामीण परिवेश में पली-बढ़ी साक्षी को खेलों में भी विशेष रुचि है।

शनिवार को आयोजित सम्मान समारोह में रामकुमार सुधीवास, डॉ. होशियार सिंह, मास्टर हरिद्वार लाल, सरपंच प्रतिनिधि सुभाष पिलानिया, संदीप पिलानिया, सुखदीप पिलानिया, ग्राम सचिव संदीप, पंचायत समिति की वाइस चेयरमैन प्रमिला, दिनेश मान सहित अनेक ग्रामीण व बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केशव पार्क में 35वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय खो-खो चैम्पियनशिप का उद्घाटन किया

खो-खो केवल खेल नहीं, यह हमारी मिट्टी की खुशबू हैः सीएम; खिलाड़ियों को 21 लाख रुपये की घोषणा

समाज जागरण गुरुग्राम/चंडीगढ़।

केशव पार्क में रविवार को आयोजित 35वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय खो-खो चैम्पियनशिप का भव्य उद्घाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि "खो-खो केवल एक खेल नहीं है, यह हमारी मिट्टी की खुशबू है। यह खेल फुर्ती, रणनीति, टीमवर्क और अनुशासन का अद्भुत संगम है।"

मुख्यमंत्री ने कहा कि खो-खो न केवल एक पारंपरिक खेल है, बल्कि यह युवाओं में मानसिक तेजी, खेल भावना और टीम भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और जरूरतों को समझने की कोशिश की और इस खेल को और अधिक प्रोत्साहित करने का आश्वासन दिया।

खिलाड़ियों और संघ को वित्तीय सहायता की घोषणा

सीएम नायब सिंह सैनी ने खो-खो एसोसिएशन हरियाणा को आगामी खेल गतिविधियों और प्रशिक्षण सुविधाओं के लिए 21 लाख की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। इस वित्तीय सहयोग का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों के लिए बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं, खेल उपकरण और प्रतियोगिताओं के आयोजन में सहायता प्रदान करना है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व दिलाने के लिए हर संभव मदद करेगी।

खो-खो का महत्व और सांस्कृतिक पहचान

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर खो-खो खेल की सांस्कृतिक और पारंपरिक पहचान पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह खेल हमारी मिट्टी से जुड़ा है और इसकी गहराई हमारे रीति-रिवाजों और खेल संस्कृति में झलकती है। युवा इस खेल के माध्यम से न केवल शारीरिक फिटनेस प्राप्त करते हैं, बल्कि अनुशासन, रणनीति और टीम वर्क जैसी मूलभूत क्षमताओं का विकास भी करते हैं।

इस अवसर पर राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय खिलाड़ियों, कोचों और खेल अधिकारियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री के साथ संवाद किया और अपनी खेल यात्रा, कठिनाइयां और भविष्य की योजनाओं के बारे में साझा किया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और उन्हें खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

प्रतियोगिता का स्वरूप और भागीदारी

35वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय खो-खो चैम्पियनशिप में देश भर के कई राज्यों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में लड़कियों और लड़कों के अलग-अलग वर्ग में मुकाबले हुए। आयोजन समिति ने खेलों की निष्पक्षता, अनुशासन और समयपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया और दर्शकों को रोमांचक मुकाबलों का अनुभव कराया। प्रत्येक खेल ने युवा प्रतिभाओं की ऊर्जा, चुस्ती और रणनीति का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने कहा कि यह प्रतियोगिता खो-खो खेल को बढ़ावा देने और नई प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का अवसर प्रदान करती है।

सीएम ने खेलों के प्रति दृष्टिकोण साझा किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल केवल शारीरिक गतिविधि नहीं है, बल्कि यह बच्चों और युवाओं के मानसिक विकास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने यह भी कहा कि खो-खो जैसे पारंपरिक खेलों को संरक्षित करना और युवाओं तक पहुँचाना हमारी जिम्मेदारी है।

अंत में मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों और आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार हर संभव प्रयास करेगी कि खो-खो खेल में हरियाणा की पहचान और सफलता अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे।

प्रचलित विधिक सेवाओं का रहे प्रभावी क्रियान्वयन , जजों ने किया बाल सम्प्रेक्षण गृह का दौरा

-सम्प्रेक्षण गृह किशोर मीरजापुर में 52 किशोर आवासित, सोनभद्र के 12 विधि विरूद्ध आवासित।

अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण

सोनभद्र। प्रचलित विधिक सहायता कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन एवं किशोरों की सामान्य दशा दिशा के निरीक्षणार्थ जनपद एवं सत्र न्याया धीश राम सुलीन सिंह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सो नभद्र के आदेशानुसार शनिवार 31जनवरी 2026 को अपरान्ह, राहुल, सिविल जज सी0 डि०/ सचिव (पूर्ण कालिक), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र एवं आलोक यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट, सोनभद्र ने राजकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) मीरजापुर का निरीक्षण तथा बाल सम्प्रेक्षण गृह, मिजार्पुर में

नशा उन्मूलन, सम्प्रेक्षण गृह में निरूद्ध किशोरों के कौशल विकास हेतु चलायी जा रही योजनाओं, बालकों से सम्बन्धित नालसा स्कीम के संबंध में प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया। जनपद सोनभद्र में राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) संचालित नही है, अतः जनपद सोनभद्र से संबंधित विधि के विरूद्ध में बालक जनपद मीरजापुर में स्थित राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में आवासित किये जाते है। निरीक्षण के दौरान राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) के प्रभारी सहायक अधीक्षक विजय कुमार राय, केयर टेकर लल्लन प्रसाद एवं अन्य समस्त स्टॉफ उपस्थित रहें।

निरीक्षण के दौरान राजकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) मीरजापुर में कुल 52 किशोर आवासित है, जिसमें जनपद सोनभद्र के 12 विधि के विरूद्ध बालक आवासित है। सभी बालकों से उनके मामले एवं समस्याओं के बारे में पूछताछ किया गया। उक्त सभी द्वारा अवगत कराया गया कि उन्हे राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) मीरजापुर में किसी प्रकार की कोई असुविधा नही है, स्वास्थ्य ठीक है तथा खाने पीने का सामान निर्धारित मीनू के अनुसार प्राप्त होता है। उक्त सभी बालकों से किशोर न्याय अधिनियम के तहत चल रही उनकी जाँच की प्रगति के संबध में पूछ-ताछ किया गया। न्यायाधीश द्वय ने प्रभारी सहायक अधीक्षक विजय कुमार राय, सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) मीरजापुर को निर्देशित किया कि राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) मीरजापुर की सफाई आदि की प्रतिदिन व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें तथा किशोरों के भोजन आदि की व्यवस्था, उनके पढ़ाई, चिकित्सा, खेलने व मनोरंजन आदि का प्रबन्ध नियमानुसार सुचारू रूप से करना सुनिश्चित करें यह जानकारी राहुल, सिविल जज सी0डि०/सचिव (पूर्ण कालिक), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र ने दी है।

सड़क सुरक्षा माह का भव्य एवं भक्ति भाव से समापन, प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण

सोनभद्र। जनपद में सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित सड़क सुरक्षा माह का समापन कार्यक्रम डायट परिसर में भक्ति एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सड़क सुरक्षा से संबंधित संदेशों एवं प्रेरक प्रस्तुतियों के साथ किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं–जैसे निबंध, चित्र कला, पोस्टर, भाषण आदि –में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अति थियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें सड़क सुरक्षा के संदेश का संवाहक बनने के लिए प्रेरित किया। समापन कार्य क्रम में माननीय विधायक सदर भूपेश चौबे, जिलाधिकारी बी.एन. सिंह, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्म चारीगण एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि निरंतर अपनाई जाने वाली जीवनशैली है। नियमों का पालन कर ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। सड़क सुरक्षा माह के दौरान पूरे जनपद में विशेष अभियान चलाकर हेलमेट, सीट बेल्ट, यातायात नियमों के पालन तथा सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के साथ सड़क सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया।

नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सी0 एम 0 डैशबोर्ड के माध्यम से जिलाधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

निर्धारित लक्ष्य समय सीमा के अन्दर शत-प्रतिशत निर्माण कार्य कराये जाये पूर्ण-जिलाधिकारी

आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह उसका शत-प्रतिशत निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने एन0आर 0एल0 एम0 समूह के खाते बैंकों में खोलने व उन्हें लोन उपलब्ध कराने की प्रगति की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गयी, जिस पर जिला धिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि डी0 एम0एम0, बी0 एम0एम0 को चेतावनी जारी की जाये, यदि कार्य

पद्धति में सुधार नहीं होता तो इनकी सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाये, इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना के प्रगति के लिए समीक्षा की, उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि छात्रवृत्ति योजना के छात्रों के फार्म विद्यालयों से जल्द से जल्द अग्रसारित कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये, इसी प्रकार से उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी लोन योजना के भी प्रगति की समीक्षा की और उपायुक्त उद्योग एवं एल0डी0एम0 को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों के पत्रावलियों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाये, इस दौरान उन्होंने आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आई0जी0आर0एस0 पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित कराया जाये, उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों द्वारा शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण तरीके से नहीं किया जा रहा है और असंतुष्ट फिडबैक प्राप्त हो रहा है, ऐसे अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए करते हुए कहा कि विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे कार्यों के प्रगति में तेजी लायी जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए विभागीय कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को पत्राचार करनाा सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतपाल वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, डी0सी0 मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 एस0के0 राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

जे.ई. संगठन के पदाधिकारियों ने इं. एस.पी. यादव को महाप्रबंधक पद पर प्रोन्नति पर बधाई एवं दी शुभकामनाएं

ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण

सोनभद्र। अनपरा तापीय परियोजना के जूनियर इंजीनियर्स (जे.ई.) संगठन के पदाधिकारियों ने इं. एस. पी. यादव को महाप्रबंधक (Gen eral Manager) के पद पर प्रोन्नति प्राप्त करने के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान कीं। इस शुभ अवसर पर जे.ई. संगठन के पदाधि कारियों ने इं. एस. पी. यादव से शिष्टाचार मुलाकात की और उनके उल्लेखनीय योगदान तथा नई जिम्मेदारी में सफलता की कामना की। मुलाकात के दौरान संगठन के शाखाध्यक्ष ई.धर्मेन्द्र यादव, शाखा सचिव इं. आवेश यादव सहित इं मनोज पाल, इं.विष्णु देव झा, इं. अजहरुद्दीन, इं.अमित मौर्य, इं. मोहित यादव तथा इं.अमित कुमार सहित अन्य सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने इं.एस.पी. यादव के समर्पित सेवा भाव, तकनीकी विशेषज्ञता और निगम के विकास में दिए गए योगदान की सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महाप्रबंधक के रूप में वे संगठन एवं निगम को नई ऊँचाइयों पर ले जाएंगे। जे.ई. संगठन इं एस. पी. यादव के उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर सफलता की कामना करता है।

विधायक खेल महाकुंभ का भव्य समापन , खेल से रोजगार की मजबूत नींव - मा0 मंत्री

खेलो इंडिया और मनरेगा के धनराशि से बदलेगी खेल जगत की तस्वीर, छात्र-छात्राओं को मिलेगा बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर- मा0 मंत्री

अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण

सोनभद्र। 25 दिसंबर 2025 से प्रारंभ हुए विधायक खेल महाकुंभ का समापन 31 जनवरी 2026 को उत्साहपूर्ण वातावरण में आज संपन्न हुआ। पूरे आयोजन के दौरान सोन की माटी, सोन का दम, आओ मिलकर खेले हम का नारा खिला ड़ियों और दर्शकों के बीच प्रेरणा का केंद्र बना रहा। खेल महाकुंभ में बच्चों, युवाओं, महि लाओं और वरिष्ठ नागरिकों की विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। वरिष्ठ नागरिकों की रस्साकशी प्रतियोगिता में ब्लॉक चतरा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए खेल कुद एवं युवा कल्याण विभाग के माननीय मंत्री श्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि खेलोगे-कूदोगे तो रोजगार मिलेगा, खेल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम

है। उन्होंने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के निदेर्शानुसार प्रदेश के प्रत्येक मंडल में स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना की जाएगी। साथ ही प्रदेश के सभी ब्लॉकों में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश की 25 हजार ग्राम पंचायतों में खेल मैदानों का निर्माण किया जा चुका है, इससे ग्रामीण अंचल की छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। माननीय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के निदेर्शों का पालन करते हुए युवाओं और छात्र-छात्राओं को खेलों से जोड़ने के लिए सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना ने देश में खेलों का परिदृश्य बदल दिया है। केंद्र सरकार ने न केवल खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका दिया, बल्कि उन्हें विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर भी उपलब्ध कराया है। आज गांव का युवा भी अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ उठाकर वैश्विक पटल पर अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को निरंतर प्रोत्साहन दिया जा रहा है। प्रदेश के मुखिया मा0 मुख्यमंत्री जी ने घोषणा की कि प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में मनरेगा की धनराशि से खेल के मैदान विकसित किए जाये, इस पहल से ग्रामीण प्रतिभाओं को अभ्यास के लिए अपने गांव में ही उचित स्थान मिल सकेगा। विधायक खेल महाकुंभ ने खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा और अनुशासन का संचार किया है, यह आयोजन प्रदेश को खेल और रोजगार के क्षेत्र में नई दिशा देने वाला साबित हो रहा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस खेल प्रतियोगिता के माध्यम से युवा प्रतिभाएं आगे बढ़कर देश व राष्ट्र के प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगी और जनपद का नाम रौशन करेंगें। इस दौरान मा0 मंत्री जी ने कहा कि सांसद खेल प्रतियोगिता से भी ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखरने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है। युवक मंगल दल के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु सरकार सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। इस अवसर पर मा0 विधायक सदर भूपेश चैबे ने कहा कि विधायक खेल महाकुम्भ प्रति योगिमा का शुभारंभ 25 दिसम्बर ,2025 को प्रारंभ हुआ था, जिसका आज भव्य तरीके से समापन किया जा रहा है, इसमें लगभग 14 हजार 500 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया है, इस प्रतियोगिता का आयो जन राबर्ट्सगंज, चतरा, नगवां विकास खण्डों में किया गया, इसमें खो- खो, कबड्डी, बाली-वाल, क्रिकेट, दौड़, गुल्ली-डण्डा, सांस्कृ तिक कार्यक्रम, अमृत खेल रस्सा-कसी, टेनिस बाल, चेस, कैरम आदि प्रयोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विजयी प्रतिभागियों को आज सम्मानित किया जा रहा है, इस खेल महाकुम्भ के माध्यम से खेल की युवा प्रतिभाओं को निखरने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष राबर्ट्सगंज रूबी प्रसाद, पूर्व एम0एल0सी0 केदार नाथ, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश मिश्रा, अजीत चैबे, दयाशंकर पाण्डेय, मीडिया प्रभारी अनुप तिवारी सहित सम्मानित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहें।

राष्ट्रीय महिला आयोग के 34वें स्थापना दिवस पर दुद्धी की बेटी को मिला राष्ट्रीय सम्मान

ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण

सोनभद्र। नई दिल्ली के भारत मंडपम में कल राष्ट्रीय महिला आयोग के 34वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर एवं राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया राहटकर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जनपद के दुद्धी कस्बे की निवासी डॉ. विनय कुमार एवं ज्योत्सना देवी की सुपुत्री राजनंदिनी को शक्ति फेलोशिप प्रदान कर सम्मानित किया गया। राजनंदिनी को यह सम्मान स्वयं मंच से सभी माननीय केंद्रीय मंत्रियों एवं राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा द्वारा प्रदान किया गया। गौरतलब है कि शक्ति फेलोशिप के लिए देशभर से विभिन्न क्षेत्रों में शोध कर रही केवल 20 बालिकाओं का चयन किया गया है। इनमें से भी केवल 2 चयनित प्रतिभागियों को राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किए जाने का अवसर प्राप्त हुआ, जिसमें राजनंदिनी का नाम शामिल होना अत्यंत गौरव की बात है। राजनंदिनी की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे सोनभद्र जनपद और उत्तर प्रदेश प्रदेश में खुशी और गर्व का माहौल है। यह सम्मान क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है हाल ही में राजनंदिनी द्वारा लिखित पुस्तक 'वनबंधु नरेंद्र मोदी' का लोकार्पण भी नई दिल्ली में कई केंद्रीय मंत्रियों की उपस्थिति में हुआ था, यह दशार्ता है कि ग्रामीण व जनजातीय अंचलों की प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों और समाजसेवियों ने राजनंदिनी को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान आने वाली पीढ़ियों की बालिकाओं को शिक्षा, शोध और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

अवैध खनन को लेकर मुख्यमंत्री से IGRS पर शिकायत, सोन नदी के भगवा बालू साइड का मामला

विजय कुमार अग्रहरी, ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण

सोनभद्र। जनपद सोनभद्र की ओबरा तहसील अंतर्गत चोपन क्षेत्र में सोन नदी स्थित भगवा बालू साइड पर हो रहे कथित अवैध बालू खनन को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय में आई जीआरएस के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत संख्या 40020026001581 दर्ज होने के बाद प्रशासनिक स्तर पर हलचल देखी जा रही है। आईजीआरएस पर दर्ज शिकायत के अनुसार, उक्त बालू साइड पर प्रतिबंधित लिफ्टिंग मशीनों

के माध्यम से दिन-रात नदी के गर्भ से बालू की खुदाई कराई जा रही है। आरोप है कि खनन पट्टाधारक द्वारा लीज क्षेत्र से बाहर निकलकर वन क्षेत्र में भी अवैध खनन किया जा रहा है, जिसमें खनन विभाग और वन विभाग के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत की चर्चा है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि भगवा बालू साइड पर स्कैनिंग की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते ओवरलोड मालवाहक वाहन बेखौफ होकर बालू का परिवहन कर रहे हैं। यह गतिविधियां उप-खनिज परिहार नियमावली एवं पर्यावरण संरक्षण नियमों का खुला उल्लंघन मानी जा रही हैं। भाजपा किसान मोर्चा के जिला सोशल मीडिया प्रभारी कमलेश पांडेय द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में सोन नदी के जलीय जीव-जंतुओं एवं पर्या वरण पर पड़ रहे दुष्प्रभावों की ओर भी ध्यान आकृष्ट कराया गया है। शिकायतकर्ता ने पूरे प्रकरण की किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि सोनभद्र जनपद प्राकृतिक, ऐतिहा सिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। ऐसे में सोन नदी में हो रहा अवैध खनन न केवल पर्यावरणीय संतुलन को बिगाड़ रहा है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी गंभीर संकट पैदा कर रहा है। अब देखना यह होगा कि आई जीआरएस पर दर्ज इस शिकायत के बाद प्रशासन कब और क्या ठोस कार्रवाई करता है।

सबसे बड़ा धर्म है गरीबों की सेवा: डॉक्टर धर्मवीर तिवारी

जनकल्याण सेवा समिति ने कबरी गांव में जरूरतमंद लोगों के बीच 151 कंबल बांटा

विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण

सोनभद्र। जनकल्याण सेवा समिति द्वारा शनिवार को जरूरत मंद लोगों के बीच 151 कंबल वितरण किया गया। कंबल पाकर विधवा, विक लांग, गरीब, असहाय लोगों के चेहरों पर मुस्कान दिखी। समिति के सचिव डॉ धर्मवीर तिवारी ने कहा कि गरीबों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। इस कड़ाके की ठंड में उन दिव्यांगों, गरीबों, असहाय लोगों को कंबल देकर सेवा करने से जो आत्म संतुष्टि की अनुभूति होती है उसकी कल्पना नहीं की जा सकती। बस जीवन का एक ही संकल्प है कि लगातार सबकी सेवा करता रहूं। कंबल वितरण के समय ओम प्रकाश चतुर्वेदी, अनुराग त्रिपाठी, संदीप चौहान, पूजा सिंह, अमिताभ चौहान, निधि सिंह, श्वेता सिंह, पूजा पांडेय, कृष्ण देव पांडेय, राजू विश्वकर्मा, चंद्रभान देव, आरती, सरोज भारती आदि मौजूद रही।

जनपद सोनभद्र में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी गई गरिमामय विदाई

समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। जनपद सोनभद्र से कुल 02 पुलिसकर्मी अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए, जिनमें उ0नि0 ना0पु0 सुनील कुमार श्रीवा स्तव एवं मु0आ0 चालक अमरनाथ यादव शामिल हैं। दोनों पुलिसकर्मियों द्वारा अपने संपूर्ण सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन के साथ कर्तव्यों का निर्वहन किया गया। इसके अतिरिक्त उ0नि0 ना0पु0 रियाज अहमद द्वारा ऐच्छिक सेवानिवृत्ति ग्रहण की गई। उक्त अवसर पर पुलिस लाइन चुर्क स्थित कांफ्रेंस हॉल में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों के सम्मान में एक गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अपर पुलिस

अधीक्षक (मुख्यालय) श्री अनिल कुमार द्वारा सहभागिता करते हुए सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को उपहार, स्मृति-चिह्न एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए तथा उनके आगामी सुख मय, स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन की कामना करते हुए शुभकामनाओं सहित विदाई दी गई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारु द्विवेदी सहित अन्य अधिकारीगण एवं पुलिस कर्मियों द्वारा भी सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की गईं।

थाना अनपरा पुलिस द्वारा 01 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र श्री अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी के कुशल निर्देशन में थाना अनपरा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई।

दिनांक 30.01.2026 को समय लगभग 20:16 बजे मुखबिर खास की सूचना पर थाना अनपरा पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त श्याम सुन्दर पुत्र रूप नारायण, निवासी ग्राम रणहोर, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र, उम्र 41 वर्ष के कब्जे से 01 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त के आधार पर थाना अनपरा पर मु0अ0सं0 20/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंका अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

ड्रा0 भीम राव अम्बेडकर प्रतिमा पुनः हुई स्थापित, समाजसेवी राधे कृष्णा ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन

अराजक तत्वों ने तोड़ दी थी अंबेडकर मूर्ति, शासन प्रशासन के सहयोग से लगाई गई दूसरी प्रतिमा

विजय शंकर पाण्डेय/ समाज जागरण

खलियारी/ सोनभद्र। रायपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिकरवार में पिछले दिनों अराजक तत्वों द्वारा अंबेडकर प्रतिमा को खंडित कर दिया गया था जिसको लेकर पुलिस प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए पुनः दूसरी प्रतिमा लगवा दी गई है जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। प्रतिमा खंडित करने के मामले पुलिस प्रशासन पूरी तरह गंभीरता से इसकी जांच पड़ताल में जुट गया है जल्द ही मामले का सफल अनावरण होने की संभावना है। आज सुबह समाजसेवी राधे कृष्णा जायसवाल और ग्रामीणों ने

बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बाबा साहब के प्रति अपनी निष्ठा जाहिर कर बाबा साहब के बताए गए मार्ग पर चलने की अपील भी की तथा वहां पर उपस्थित जनसमूह को मिष्ठान वितरण किया गया। पंचायत निधि से चबूतरे और भवन निर्माण का कार्य प्रगति पर है पूरी तरह से प्रतिमा को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से छोटा सा भवन निर्माण कर दरवाजा लगाने का कार्य होना है जिससे की कोई भी अराजक तत्व भविष्य में बाबा साहब की प्रतिमा को क्षति न पहुंचाने पाएं।इस अवसर पर राधे कृष्णा जायसवाल, बलिराम सिंह, बब्बन सिंह, नंदलाल सिंह, बलवंत , शांता, छैबर, मुन्नी, अरुण कुमार पासवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूम धाम से मनाई गई

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी।। भगवान विश्वकर्मा जयंती का आयोजन यहां स्थित विश्वकर्मा मंदिर में हुआ। सुबह सवेरे यहां पर मंत्र उपचार के साथ हवन और पूजन हुआ। जयंती समारोह के अवसर पर विचार गोष्ठी भी आयोजित

हुई।विशिष्ट अतिथि हंसराज विश्वकर्मा विधान परिषद सदस्य ने कहा कि महापुरुषों की जयंती हमें प्रेरणा प्रदान करती है। जिससे जीवन आसान और बौद्धिक हो जाता है।महेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि समाज के लोगों को साक्षर और उच्च शिक्षा प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। रामाविश्वकर्मा ने कहा कि संपूर्ण समाज के मेल मिलाप से ही एक सुंदर समाज बनेगा। संगोष्ठी को अमरनाथ विश्वकर्मा ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में लालमन, दिनेश विश्वकर्मा,राम अवतार विश्वकर्मा, लालमन, सुरेश शर्मा, जियालाल विश्वकर्मा, महामंत्री दिनेश विश्वकर्मा उप मंत्री नंदलाल विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष हीरालाल विश्वकर्मा ने किया तथा संचालन शिवराम विश्वकर्मा ने किया।

स्वर्ण पदक जीतकर लौटे साजन पाल पहलवान का कोइराजपुर में हुआ सम्मान

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। स्थानीय विकासखंड के कोईराजपुर गांव की साधारण व्यायामशाला से निकलकर पहलवान साजन पाल ने राज्य स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। मुरादाबाद में आयोजित सीनियर राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में साजन पाल ने स्वर्ण पदक जीतकर वाराणसी मंडल की ओवरऑल चैंपियनशिप जीत में अहम भूमिका निभाई।

प्रतियोगिता में वाराणसी मंडल ने कुल 6 स्वर्ण, 2 रजत और 5 कांस्य पदक जीतते हुए 265 अंक अर्जित किए और मेरठ को मात्र 5 अंकों से पीछे छोड़कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस जीत में साजन पाल का स्वर्ण पदक निर्णायक साबित हुआ।

साजन पाल के पिता दिनेश पाल दूध बेचकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद साजन ने बचपन से ही कुश्ती को अपना लक्ष्य बनाया। पिता की कुश्ती के प्रति रुचि और उनके प्रोत्साहन ने साजन को अखाड़े तक पहुंचाया। दो भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटे साजन ने कभी आर्थिक अभावों को अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया।

कोईराजपुर गांव की व्यायामशाला में आधुनिक सुविधाओं का अभाव है, लेकिन यहां का प्रशिक्षण जज्बे और अनुशासन पर आधारित है। कोच लक्ष्मी नारायण पहलवान ने अपने घर में ही मैट बिछाकर अखाड़ा तैयार किया है। एनआईएस कोच राजेश यादव का कहना है कि यदि सरकार सहयोग कर एक बेहतर प्रशिक्षण केंद्र उपलब्ध करा दे, तो यहां के पहलवान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने में सक्षम हैं।

स्वर्ण पदक जीतकर शनिवार को गांव लौटे साजन पाल का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। उन्हें कंधों पर उठाकर सम्मानित किया गया और मिठाइयां बांटी गईं। इस अवसर पर राकेश शर्मा, मनीष राय, सुरेंद्र यादव, गोपाल विश्वकर्मा, दीना शंकर पाल, दिलीप यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

पिसौर फीडर से सात घण्टे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। आज 01फरवरी को तरना से निर्गत पिसौर फीडर पर जर्जर तार को बदलने हेतु सुबह 10 बजे से शाम 5:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। पिसौर फीडर के अंतर्गत आने वाले ग्राम जिसमें अहिरान, चमाव, सभईपुर, घमहापुर ,छतरीपुर, चुप्पेपुर , हटिया, घोड़हा, चमाव पश्चिमपुर की आपूर्ति बंद रहेगी।

सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है की सुबह में ही अपने पानी सहित अन्य आवश्यक कार्य निपटाकर सहयोग करने का कष्ट करेंगे।

उक्त आशय की जानकारी एसडीओ श्रीपत तिवारी व दीपू प्रजापति ने दी है।

रुद्रा इंटरनेशनल राजगढ़ स्कूल की छात्रा को दिल्ली में मिला "राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा का गोल्ड मेडल

समाज जागरण

राजगढ़ मीरजापुर/ विकासखंड राजगढ़ के रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल के एक सीबीएसई के इंटर कॉलेज के कक्षा 9 की छात्रा को हिंदी विकास संस्थान दिल्ली के द्वारा राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान का गोल्ड मेडल देकर सम्मानित

किया गया। जिससे विद्यालय के साथ-साथ छात्रा ने पूरे ब्लॉक एवं जनपद का मान सम्मान बढ़ाया है।

हिंदी विकास संस्थान दिल्ली के द्वारा राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान के लिए पूरे भारत में हिंदी की ओलंपियाड परीक्षा सितम्बर 2025 में कराई गई थी। जिसमें राजगढ़ थाना क्षेत्र के दरबान गांव के रूद्रा इंटरनेशनल स्कूल (सीबीएसई पैटर्न) ने शान्वी सिंह कक्षा 9 की छात्रा हैं। जिनके पिता आशुतोष सिंह मैकेनिकल इंजीनियर एवं माता नमीता सिंह गृहड़ी है। जिनकी पुत्री शान्वी ने रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल राजगढ़ में सितंबर माह में राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड परीक्षा में प्रतिभा किया था। परीक्षा पास करने पर पूरे देश में स्थान मिलने पर उनको 29 जनवरी 2026 को दिल्ली के त्रिमूर्ति भवन प्रधानमंत्री संग्रहालय दिल्ली में डॉ विनोद नारायण इंदुरकर अध्यक्ष, सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र संस्कृति मंत्रालय दिल्ली, पूरन चंद्र टंडन निदेशक, भारतीय अनुवाद परिषद दिल्ली, डॉक्टर पाटिल प्रांजल लेहसिंह (आईएएस) अतिरिक्त शिक्षा निदेशक, दिल्ली सरकार, डॉ कैलाश जाधव संयोजक गोवा हिंदी अकैडमी, गोवा, ने गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र, पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिससे भारत देश में इस बिटिया ने मिजार्पुर जनपद एवं राजगढ़ ब्लाक का मान सम्मान बढ़ाया है। उसे परिवार की ओर से ही नहीं बल्कि समस्त राजगढ़ क्षेत्र ने बधाई दी है।

अपनी जमीन व पैसे से जनहित में करा रहे सड़क चौड़ीकरण का कार्य।

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। विकसित गाँव को सवारने की दिशा में एक नई पहल जनहित में करने की सोच किसी भी व्यक्ति के अंदर जग सकती है जरूरत है सिर्फ समय,परिस्थिति और काल का अवसर मिलने की है।

रामेश्वर क्षेत्र के कोइरीपुर खुर्द में पतली सड़क से सुगम यातायात एक बड़ी बाधा के रूप में थी जिसे भाजपा नेता और ओलंपियन लक्ष्मीकांत पाण्डेय (चिक्कन पहलवान) के पुत्र कपिल नारायण पाण्डेय ने अपनी जमीन और पैसा लगाकर जनहित में सड़क चौड़ी कराने में जुटे हुए हैं।

श्री पांडेय के अनुसार हथिवार -पांचों शिवाला मुख्य मार्ग से कोइरीपुर खुर्द ग्राम पंचायत में जाने के लिए एक अदद सकरी सड़क लगभग डेढ़ किमी ग्राम पंचायत व जिला पंचायत से पूर्व में बनी है जो मुख्य मार्ग के पास सकरी है।पास में ही मिनी स्टेडियम और आदर्श अखाड़ा भी स्थित है जहां प्रतिवर्ष ओलंपियन चिक्कन पहलवान की स्मृति में कुश्ती दंगल आयोजित की जाती है। डबल गाड़ियों की भीड़ पर जाम व आवागमन की परेशानियों को देखते हुए जनहित में अपने निजी जमीन लगभग 12सौ फीट व चौड़ाई चार फीट देकर स्वयं के पैसे से बनवाया जा रहा है। इस कार्य मे ग्रामीणों के मानसिक सहयोग व समर्थन से लोगों में खुशी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक अजगरा त्रिभुवन राम ने लगभग 180 मीटर मिनी स्टेडियम तक सी सी रोड बनवाया गया है। वहीं ग्राम पंचायत व जिला पंचायत से पूर्व में खड़ंजा कार्य हुआ है जो रसुलपुर मार्ग तक जोड़ती है।

इस सराहनीय कार्य को विधायक त्रिभुवन राम व एमएलसी /भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने कपिल नारायण पांडेय की प्रशंसा करते हुए ऐसे जनहित में समर्पित अन्य लोगों को भी प्रेरित होकरआगे आकर कार्य कराए जाने का आह्वान किया है।

बच्चों में भारतीय संस्कृति संस्कार, प्रतिभाओं को निखारने का दायित्व कुशल शिल्पकार शिक्षक की अहम जिम्मेदारी: डॉ0 राजेश मिश्रा

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। राष्ट्र की मजबूती तभी सम्भव है जब देश का हर बच्चा अपनी भारतीय संस्कृति व संस्कार से परिचित हो।इसकी जिम्मेदारी कुशल शिल्पी शिक्षक के कंधों पर होती है। शिक्षक बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को सवारने की जिम्मेदारी निभाये।

उक्त बातें आज वीएसवी इंटरमीडिएट कालेज,वार , सरायकाजी में आयोजित वार्षिकोत्सव में सरस्वती माता का माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करने के पश्चात अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि डॉ0 राजेश मिश्रा पूर्व सांसद ने व्यक्त की। बच्चों ने सरस्वती बन्दना के साथ अतिथियों का सम्मान किया।

वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति ,संस्कार और हर क्षेत्र में प्रतिभाओं को सम्मानित किए जाने पर जोर दिया। वार्षिकोत्सव की अध्यक्षता अम्बरीष सिंह भोला मानद उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण ने की।विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित कौशलेंद्र नारायण सिंह, विजेंद्र नारायण सिंह, पूर्व जीएसटी कमिश्नर राजेश कुमार सिंह, शिक्षक एमएलसी प्रत्यासी रितिका दुबे, भाजपा महिला प्रकिष्ठ नेत्री सुनीता सिंह, डॉ0 प्रदीप पांडेय,भाजपा नेता कपिलनारायन पांडेय,भाजपा हरहुआ मण्डल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा 'अजय', पूर्व मेजर गुलाब चन्द्र तिवारी, डॉ0 विजय नारायण सिंह व रामआसरे सिंह का विद्यालय परिवार की ओर से प्रधानाचार्य विवेक त्रिपाठी ने सभी को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत व सम्मानित किया। विद्यालय के होनहार बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित नाटक मंचन के साथ साथ भरतनाट्यम नृत्य,सामुहिक लोककला आधारित नृत्य ,धार्मिक,भक्ति व देशभक्ति आधारित गीतों की सराहनीय प्रस्तुति कर सभी का मनमोहने में सफल रहे।।

धन्यवाद ज्ञापित कैलाश दुबे ने करते कहा कि बच्चे हमारी मूल धरोहर है इसे हर स्तर पर सम्मान मिलना चाहिए।

प्रिंसिपल विवेक त्रिपाठी ने कहा कि सम्माननीय अतिथि व बच्चे कल के राष्ट्र हैं इन्हें घर से स्कूल तक सवारना सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। वहीं अभिभावकों का सम्मान किया। अतिथियों ने बच्चों को उपहार भेंटकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन स्वाति सिंह व डिम्पल गुप्ता द्वय ने की।

अवैध लकड़ी से लदी पिकअप छोड़ने पर वन विभाग सख्त: डीएफओ ने मांगा जवाब, बोले- जांच में दोषी पाए जाने पर होगी कड़ी कार्रवाई

समाज जागरण

राजगढ़ मीरजापुर/ सुकृत वन रेंज में अवैध लकड़ी लदी पिकअप छोड़े जाने के मामले में डीएफओ ने कड़ा रुख अपनाया है। रेंजर के स्पष्ट निर्देश के बावजूद वाहन को छोड़े जाने पर सेक्शन ऑफिसर अखिलेश्वर दूबे और वनरक्षक को 'कारण बताओ' नोटिस जारी किया गया है। यह घटना राजगढ क्षेत्र के भवानीपुर वन चौकी क्षेत्र की है, जिससे वन कटान और वन कर्मियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं।

जानकारी के अनुसार, सुकृत वन क्षेत्राधिकारी हिमांशु कुमार को सूचना मिली थी कि क्षेत्र से अवैध रूप से काटी गई हरी लकड़ी एक पिकअप वाहन पर ले जाई जा रही है। रेंजर के निर्देश पर वन विभाग की टीम ने घेराबंदी की। गुरुवार रात करीब आठ बजे किसान इंटर कॉलेज के पास लकड़ी लदी पिकअप को पकड़ लिया गया था। हालांकि, पकड़ने के

कुछ ही देर बाद वनरक्षक ने वाहन को मौके से छोड़ दिया।

इस मामले में विरोधाभासी बयान सामने आए हैं। निकरिका ग्राम प्रधान कमलेश कुमार पाल ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत के अमृत सरोवर के भीटे से एक मोटा हरा पेड़ काटकर चोरी किया गया था। वहीं, वनरक्षक का कहना है कि पिकअप पर लदी लकड़ी निकरिका की नहीं, बल्कि कम्हरिया गांव की थी।

सवाल यह उठता है कि जब रेंजर के निर्देश पर वाहन को संदिग्ध मानकर पकड़ा गया था, तो वनरक्षक ने बिना उच्चाधिकारियों की अनुमति और बिना ठोस जांच के उसे मौके से क्यों जाने दिया। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए, वनक्षेत्राधिकारी सुकृत ने शुक्रवार को सेक्शन ऑफिसर अखिलेश्वर दूबे और वनरक्षक से कारण बताओ नोटिस के माध्यम से स्पष्टीकरण मांगा है।

मिजार्पुर के डीएफओ राकेश कुमार ने इस मामले को गंभीरता से लेने की बात कही। उन्होंने बताया, "रेंजर के निर्देश के बाद भी वाहन छोड़ना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। सेक्शन ऑफिसर और वनरक्षक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। पूरे मामले की जांच कराई जा रही है, जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।"

धान की डिलीवरी और सीएमआर संप्रदान पर दें विशेष ध्यान : नरेंद्र कुमार सिंह

समाज जागरण

वाराणसी।अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक तथा प्रबंध निदेशक यूपीएसएस लखनऊ नरेंद्र कुमार सिंह ने शनिवार को सोनभद्र के केकराही पैक्स, केकराही संघ और बटबंतरा बीपैक्स मे संचालित धान क्रय केन्द्रो का निरीक्षण किया।इस दौरान उनके साथ संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक विन्ध्याचल मंडल योगेन्द्रपाल सिंह तथा सहायक आयुक्त सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

केकराही एमपैक्स पर केन्द्र प्रभारी ने बताया कि अबतक 13000 कुंटल से अधिक धान खरीद हुई है जिसमे 8632 कुंटल डिलीवरी हो चुकी है तथा केन्द्र पर अवशेष धान भंडारित है।

प्रबंध निदेशक ने केन्द्र प्रभारी धीरज तिवारी , पीसीएफ के जिलाप्रबंधक रोहित गुप्ता तथा एडीसीओ डाक्टर सुरेश को धान डिलीवरी और सीएमआर संप्रदान पर

विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

केकराही संघ पर केन्द्र प्रभारी मनोज श्रीवास्तव ने बताया की कुल खरीद 10130 कुंटल के सापेक्ष 4500 कुंटल की डिलीवरी हुई है।अपर आयुक्त ने अवशेष धान की डिलीवरी तत्काल कराने के निर्देश दिये और केन्द्र प्रभारी को खरीदे गए धान की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आगाह किया।

बटबंतरा बीपैक्स पर जिला प्रबंधक पीसीएफ, एडीसीओ राबर्टसगंज और केन्द्र प्रभारी ने नोडल अधिकारी को वस्तु स्थिति से अवगत कराया।केन्द्र पर 7000 कुंटल धानखरीद पाई गई। डिलीवरी 2650 कुंटल रही। प्रबंध निदेशक यूपीएसएस लखनऊ ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन मे कोई लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नही की जाएगी। खरीदे धान का सुरक्षित भंडारण भी आवश्यक है।वर्षा की संभावना के दृष्टिगत धान की सुरक्षा हेतु पूरे बंदोबस्त करने के साथ साथ सीएमआर का नियमित संप्रदान निर्बाध खरीद के लिये जरूरी है।

संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक योगेन्द्रपाल सिंह ने सभी केन्द्र प्रभारियो को प्रतिदिन केन्द्र पर उपस्थिति दर्ज करने और क्रय नीति का अनुसरण करते हुए नियमित रूप से धान क्रय करने के निर्देश दिए तथा चेतावनी दी कि कृषक हित मे मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण धान की खरीद करके लक्ष्य पूर्ण करें।

हरहुआ ब्लाक के पुआरी कला व पुआरी खुर्द ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्माण कार्यों का हुआ निरीक्षण

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। उपनिदेशक (पंचायत) वाराणसी मण्डल वाराणसी के निर्देश पर मंडलीय कंसल्टेंट अभिषेक कुमार सिंह ने हरहुआ ब्लाक के पुआरी कला व पुआरी खुर्द ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) अंतर्गत कराए गए कार्यो का स्थलीय भ्रमण कर निरीक्षण व अनुश्रवण का कार्य किया गया।

मंडलीय कंसल्टेंट (एमआईएस) ने दोनो ग्राम पंचायतो के प्रधान विजय कुमार,नीलम देवी व सचिव सुरेश कुमार मौर्य,सत्येन्द्र कुमार सम्बंधित रोजगार सेवक के साथबहुउद्देश्यीय पंचायत भवन व कार्यरत पंचायत सहायक द्वारा सीएससी संचालन, सामुदायिक व व्यक्तिगत शौचालय , ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत आरआरसी सेंटर की स्थिति, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, कम्पोस्ट चैंबर,प्लास्टिक निस्तारण प्रबंधन वफिल्टर चैंबर सहित कार्यो का निरीक्षण किया।

मंडलीय कंसल्टेंट अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि निदेशक ,स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) लखनऊ को रिपोर्ट व फोटोग्राफ पीएमएस एप पर अपलोड किया जाएगा।

बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा व एडीओ पंचायत रवि सिंह के अनुसार शत प्रतिशत कार्य मानक के अनुसार मिला जिसके गुणवत्ता को बेहतर बनाये रखने की जिम्मेदारी प्रधान व सचिव को दी गई।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का भव्य समापन समारोह आयोजित

सड़क सुरक्षा नियमों से 80 प्रतिशत तक घट सकती हैं दुर्घटनाएँ—मनोज वर्मा

समाज जागरण
संवाददाता: शिव तिवारी

बड़ागांव, वाराणसी। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन समारोह का आयोजन जनपद वाराणसी के बाबतपुर स्थित सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल, बाबतपुर में भव्य एवं प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मनोज वर्मा (आर.टी.ओ. प्रवर्तन) रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राघवेन्द्र सिंह (आर.टी.ओ. प्रशासन) एवं श्री मनोज प्रसाद वर्मा (ए.आर.टी.ओ. प्रशासन) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अन्य विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्री प्रवीन कुमार (ए.सी.पी. ट्रैफिक), श्री सुधांशु रंजन (ए.आर.टी.ओ. प्रवर्तन, वाराणसी), सुप्रसिद्ध बिरहा लोकगायक डॉ. मन्नू यादव, श्री अखिलेश पांडेय (पी.टी.ओ., वाराणसी) तथा श्री प्रमेन्द्र संतप्त (आर.आई., वाराणसी) सम्मिलित रहे। विद्यालय प्रबंधन की ओर से अध्यक्ष (वाराणसी) श्री दीपक कुमार बजाज, निदेशक श्री अनिल जाजोदिया एवं प्रधानाचार्या श्रीमती सुधा सिंह ने अतिथियों का स्वागत एवं आयोजन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जयपुरिया विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत कोयर (समूहगान) से हुआ। इसके उपरांत श्री सुधांशु रंजन ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा पावर-पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारत में प्रतिदिन औसतन 460 लोगों की मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं में होती है तथा लगभग 78 प्रतिशत दुर्घटनाएँ चालक की त्रुटि के कारण होती हैं। इसके पश्चात श्री राघवेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें अपने परिजनों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया तथा उनसे इसका संकल्प भी दिलवाया।

कार्यक्रम में डॉ. मन्नू यादव एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत बिरहा गायन ह्लबतिया मान हमरे भइया, अपने लेन में चलाह्व को दर्शकों ने खूब सराहा, जिसमें सड़क सुरक्षा का सामाजिक संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया।

विद्यालय अध्यक्ष श्री दीपक कुमार बजाज ने कहा कि संस्थान सड़क सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में सुरक्षित सड़क व्यवहार को बढ़ावा देता रहेगा।

मुख्य अतिथि श्री मनोज वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा के उपाय अत्यंत सरल हैं। हेलमेट एवं सीट-बेल्ट का प्रयोग, निर्धारित गति में वाहन चलाना और वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करना—इन नियमों के पालन से सड़क दुर्घटनाओं की संख्या एवं उनकी गंभीरता को 80 प्रतिशत से अधिक तक कम किया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु डॉ. राजेश श्रीवास्तव (वेस इंडिया), श्री अजय रौशन (मंचदूतम), डॉ. मन्नू यादव एवं श्री शैलेश कुमार दुबे को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समापन अवसर पर श्री मनोज प्रसाद वर्मा के नेतृत्व में सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सुरक्षित सड़क व्यवहार को प्रोत्साहित करना एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना रहा।

राजगढ़ विकासखंड क्षेत्र में मनरेगा घोटाले की गूंज, त्रिस्तरीय टीम ने शुरू की जांच

समाज जागरण

राजगढ़ मीरजापुर /विकासखंड राजगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत चौखड़ा में मनरेगा कार्यों में हुए कथित भ्रष्टाचार का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। जिलाधिकारी के कड़े निर्देश पर गठित त्रिस्तरीय जांच टीम ने शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर शिकायतों की गहनता से पड़ताल की। यह कार्रवाई शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार सिंह द्वारा शपथ पत्र के साथ जिलाधिकारी को सौंपे गए प्रार्थना पत्र के बाद शुरू की गई है।

शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार सिंह का आरोप है कि ग्राम प्रधान विनोद कुमार सिंह और तत्कालीन पंचायत सचिव ने मिलीभगत कर वर्ष 2022 और 2023 के दौरान मनरेगा योजना में भारी अनियमितता बरती। आरोप है कि बिना कार्य कराए ही फर्जी मास्टर रोल भरकर सरकारी धन का बंदरबांट किया गया।

कृष्ण कुमार सिंह ने अपने प्रार्थना पत्र में यह भी स्पष्ट किया कि इससे पूर्व खंड विकास अधिकारी (इउड) द्वारा गठित तीन सदस्यीय टीम ने मामले की जांच की थी। उस जांच रिपोर्ट में भी ग्राम प्रधान और सचिव को दोषी पाया गया था, लेकिन विडंबना यह रही कि रिपोर्ट आने के बाद भी दोषियों के खिलाफ कोई ठोस दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई। इसी सुस्ती से क्षुब्ध होकर शिकायतकर्ता ने शपथ पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई थी।

जिलाधिकारी के आदेश पर गठित नई त्रिस्तरीय टीम में सहायक अभियंता (बाणसागर), जिला लेखा अधिकारी और अवर अभियंता (भूमि संरक्षण, मिजार्पुर) शामिल रहे। टीम ने चौखड़ा गांव पहुंचकर शिकायतकर्ता की मौजूदगी में उन सभी स्थलों और अभिलेखों की जांच की, जहां फजीर्वाड़े का आरोप लगाया गया था। जांच टीम के सदस्यों ने बताया कि मौके पर साक्ष्यों का संकलन कर लिया गया है और मास्टर रोल के आंकड़ों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। जांच टीम अपनी रिपोर्ट सीधे जिलाधिकारी को सौंपेगी। ग्रामीणों में चर्चा है कि यदि इस बार निष्पक्ष जांच हुई, तो कई रसूखदारों पर गाज गिरनी तय है।

कृषि क्षेत्र मे नवाचार को प्रोत्साहन देना किसानो के हित में होती है : वीरेंद्र कुमार

- चने और गेंहू पर नैनो डीएपी के छिड़काव का किया गया प्रदर्शन।

समाज जागरण

वाराणसी। राजकीय कृषि बीज संवर्धन प्रक्षेत्र मंगुराही, सोनभद्र में शुक्रवार को चने एवं गेहूं की फसल में लगे हुए नैनो डीएपी के प्रदर्शन प्रक्षेत्र पर द्वितीय छिड़काव सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

इस अवसर पर कृषि उपनिदेशक वीरेंद्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी कमलेश कुमार पटेल, इफको क्षेत्राधिकारी अभिजीत मौर्य, एसएफए अवनीश कुमार पाण्डेय, तथा प्राविधिक इंचार्ज अमरेश कुमार की उपस्थिति मे क्षेत्रीय प्रगतिशील किसान भाईयो के समक्ष छिड़काव का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

इफको एवं कृषि विभाग के तत्वावधान मे आधुनिक नैनो तकनीक से निर्मित नैनो उर्वरक एवं सागरिका तरल का प्रयोग करते हुए इफको ड्रोन के माध्यम से नैनो डीएपी का समान रूप से फसल पर छिड़काव कराया गया, जिससे बेहद कम समय में चने की फसल (RVG204) पर एक समान रूप से बेहतर कवरेज प्राप्त हुई।छिड़काव के पश्चात उपस्थित अधिकारियों द्वारा फसल का निरीक्षण किया गया, जिसमें पौधों की हरियाली, मजबूती और समग्र बढ़वार में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला।

इसके उपरांत इफको क्षेत्राधिकारी एवं जिला कृषि अधिकारी द्वारा एक टेस्टिमोनियल वीडियो भी रिकॉर्ड किया गया, जिसमें नैनो डीएपी के प्रयोग से फसल की विकास, पोषक तत्वों की उपलब्धता और भविष्य में संभावित उत्पादन वृद्धि पर विस्तृत चर्चा की गई।

किसानों ने भी इस तकनीक को उपयोगी और लाभकारी बताया, जिससे कृषि में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

अमलाई के अतिरेक भवन में संपन्न हुआ भव्य हिंदू सम्मेलन

समाज जागरण अनूपपुर ,अमलाई। अमलाई स्थित अतिरेक भवन में हिंदू सम्मेलन का आयोजन सफल तापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन में संत समाज, मातृशक्ति एवं संघ से जुड़े वक्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। संत समाज की ओर से सूर्यमणि जी ने धर्म और संस्कारों पर अपने विचार रखे उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि कैसे हिंदू समाज पूर्व में संगठित था जिसमें जाति व्यवस्था तो थी लेकिन छुआ छूत की भावना नहीं थी और कैसे सनातन में सभी लोग एक दूसरे का सम्मान और सहयोग की भावना रखते थे

मातृशक्ति की प्रतिनिधि के रूप में सुश्री श्रुति तिवारी ने नारी शक्ति की भूमिका पर प्रभावशाली उद्बोधन दिया। वहीं संघ वक्ता के रूप में कुलदीप जी ने समाज को संगठित रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के

अध्यक्ष का दायित्व उपखंड स्तर पर राजेश कुमार गौतम द्वारा निभाया गया। कार्यक्रम में देवहरा मंडल से संजय नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रही। विशेष रूप से जिला बौद्धिक प्रमुख एडवोकेट जयप्रकाश जी ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया और संघ के सत्येंद्र जी, कुटुंब प्रबोधन प्रभाकर जी, एवं सोनम सोनी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। श्रोताओं के रूप में अमलाई क्षेत्र के समाजसेवियों के समूह से जुड़े अनेक लोग उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से संदीप पुरी, पवन गलवानी, अजय सिंह, सुरेंद्र सोनी, राजेश गौतम, संजय दहिया, अजय दहिया, अखिलेश सिंह, रवि दुबे,यदुराज पनिका, प्रदीप मिश्रा दरोगा, दीनू पासी ,विजय तिवारी ,जीवन यादव, प्रकाश राय शामिल रहे। मातृशक्ति के रूप में तारा तिवारी, रंजना सोनी, रीना यादव, विमला दुबे, सोनम सोनी सहित अनेक महिलाओं ने सक्रिय सह भागिता निभाई। सम्मेलन का उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक चेतना, पारिवारिक मूल्यों एवं हिंदू एकता को सुदृढ़ करना रहा, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा।

महरा समुदाय के समग्र विकास के लिए युवाओं का क्षमतावर्धन सामाजिक संगोष्ठी सम्पन्न

समाज जागरण

सामाजिक सद्भाव एवं आर्थिक सुदृढता के लिए " महरा समुदाय का विकास, सांस्कृतिक परंपरा, उच्च शिक्षा एवं रोजगार के अवसर " विषय पर सामाजिक संगोष्ठी ग्राम उमनिया,तह पुष्पराजगढ़ मे आयोजित की गई है` इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संतोष कुमार सोनकर जी विभागाध्यक्ष- अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग,इंदिरा गाँधी जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक (म.प्र.) विशिष्ट अतिथि मे श्रीमती अंजनी जी,एडवोकेट एवं शोध छात्रा इंदिरा गाँधी जनजातीय विश्व विद्यालय अमर कंटक एवं डॉ. डी.ए.प्रकाश खाण्डे, शा.कन्या शिक्षा परिसर पुष्पराजगढ़, जिला -अनूपपुर उपस्थित रहे हैं` इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री शीतल प्रसाद महरा जी ने किये` अथितियों द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित करते हुए शुभारम्भ किया गया मुख्य अतिथि डॉ.सोनकर जी ने महरा समुदाय को अग्रसर करने हेतु उच्च शिक्षा में जाने और अनुसंधान कार्य को प्रोत्साहन देते हुए अपने उद्बोधन को सारगर्भित बनाने के लिए उन्होंने अपने पारिवारिक जीवन के संघर्षों के कुछ कुड़ियों को जोड़ते हुए महरा समुदाय को पढ़ने और बढ़ने की प्रेरणा दिए` इसी कड़ी में श्रीमती अंजनी जी ने नारी शिक्षा और नारी सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा करते हुए महरा समुदाय को शिक्षा पर अधिक जोर देने का मार्गदर्शन किए डॉ.डी. ए.प्रकाश खाण्डे जी ने अपने उद्बोधन में समाज को शिक्षा के प्राप्त करने के लिए नशा से दूर रहें, संगठित रहने का सुझाव दिए एवं अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए अच्छे विद्यालयों का चयन करने का महत्वपूर्ण सुझाव दिये` श्री रविंद्र कुमार साकेत जी ने महरा समुदाय के समग्र विकास में सामाजिक बुराइयों को दूर करने का विचार व्यक्त किये तथा शैक्षिक विकास, उन्नत कृषि योजना पर चर्चा किये कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री शीतल प्रसाद जी ने महरा समुदाय के विकास, रोजगार और शिक्षा मे आने वाली बाधाओ एवं समाज के संघर्ष पर अपना विचार व्यक्त किये

कार्यक्रम का संचालन कर रहे श्री कमल कुमार कुरूमेश्वर शिक्षक जी ने अपने सार्थक शब्दों में जन समुदाय को संबोधित करते हुए अपने विचार व्यक्त किये अंत में श्री बलराम चंद्रवंशी जी ने कार्यक्रम के सफल बनाने के लिए सारगर्भित शब्दों में आभार प्रकट किये इस कार्यक्रम में महरा समुदाय के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे -

जिसमें श्री शीतल प्रसाद चंद्रवंशी, बलराम प्रसाद, रामविलास,कमल कुमार कुर्मेश्वर,भगवान दास जी,अंगद प्रसाद ,अवधेश प्रसाद चंद्रवंशी, चंद्रिका प्रसाद,दीनबंधु, मुकेश कुमार चंद्रवंशी रोहित चंद्रवंशी आदि माताएं एवं बहने उपस्थित रहे

सोहागपुर में माफिया की नई चाल; मजदूरों को 'ढाल' बनाकर सराफा नदी का सीना छलनी कर रहे रेत तस्कर

समाज जागरण

सोहागपुर (शहडोल)। सोहागपुर थाना क्षेत्र में रेत माफिया ने अब कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए पैंतरा बदल लिया है। सराफा नदी के तटों पर मजदूरों के हाथों में फावड़े और तगाड़ी थमाकर अवैध रूप से ट्रैक्टरों को भरा जा रहा है, ताकि पकड़े जाने पर इसे "गरीब की मजदूरी" का नाम देकर कार्रवाई की धार को कुंद किया जा सके। मजदूरों को बनाया 'मानवीय ढाल' सूत्रों के अनुसार, माफिया जान बूझकर स्थानीय और प्रवासी मजदूरों का उपयोग कर रहा है। इसके पीछे दो मुख्य कारण हैं: कार्रवाई से बचाव: यदि पुलिस या खनिज विभाग की टीम पहुँचती है, तो माफिया इसे 'छोटा-मोटा खनन' बताकर टाल देता है। बड़ी मशीनें जब्त होने पर करोड़ों का नुकसान होता है, जबकि मजदूरों और ट्रैक्टरों के मामले में सांठगांठ करना आसान होता है। सस्ते में काम: मशीनों की तुलना में मजदूरों से काम कराना माफिया के लिए कम खर्चीला और जोखिम मुक्त साबित

हो रहा है।

ट्रैक्टरों का बेखौफ रेला

सोहागपुर के ग्रामीण रास्तों पर दिन-रात अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रालियों की कतारें देखी जा सकती हैं। बिना रॉयल्टी और बिना किसी वैध दस्तावेज के ये ट्रैक्टर सरेआम थाना क्षेत्र से गुजर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि प्रशासन 'उत्खनन न होने' का दावा करता है, जबकि नदी के भीतर मजदूरों का हुजूम और सड़कों पर दौड़ते ट्रैक्टर हकीकत बयां कर रहे हैं। प्रशासनिक तंत्र की 'चुप्पी' पर सवाल मजदूरों द्वारा मैनुअल माइनिंग (Manual Mining) के भी अपने कड़े नियम हैं, जिनका पालन यहाँ शून्य है। जब दर्जनों ट्रैक्टरों में रेत भरी जा रही हो, तो यह संभव नहीं कि स्थानीय पुलिस या राजस्व अमले को इसकी भनक न हो। यह 'मौन' सीधे तौर पर मिलीभगत की ओर इशारा करता है। "क्या प्रशासन को नदी में काम कर रहे सैकड़ों मजदूर और अवैध ट्रैक्टर दिखाई नहीं देते?""मजदूरों के नाम पर चल रहे इस संगठित अवैध कारोबार पर पुलिस ने अब तक कितनी FIR दर्ज की हैं?""क्या विभाग को पता है कि मैनुअल माइनिंग के नाम पर बिना रॉयल्टी के शासन को प्रतिदिन लाखों का चूना लगाया जा रहा है?"

अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट 2026-27 का होगा लाइव प्रसारण

प्रबुद्धजन सम्मेलन का होगा आयोजन केंद्रीय बजट पर होगी विशेष चर्चा

समाज जागरण

शहडोल- अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट 2026-27 का होगा लाइव प्रसारण शनिवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट में जानकारी देते हुए बताया है कि 1 फरवरी 2026 को प्रस्तुत होने वाले 80 वें केंद्रीय बजट के संदर्भ में विकसित भारत 2047 के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी द्वारा ह्यअटल निलयह्न जिला भाजपा कार्यालय में पदाधिकारी एवं कार्यकताओं के साथ एक महत्वपूर्ण कामकाजी की गई बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने बताया कि 1 फरवरी दिन रविवार को केंद्र सरकार द्वारा बजट प्रस्तुत किया जाएगा बजट 2026-27 का लाइव प्रसारण जिला भाजपा कार्यालय में किया जाएगा बजट सत्र का लाइव प्रसारण देखने एवं प्रबुद्धजन सम्मेलन में इनकी रहेगी उपस्थित सांसद, विधायक गण, जनप्रतिनिधि, जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ भाजपा नेता, मंडल अध्यक्ष गण, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार गण, जिले के संभ्रांत नागरिक गण, व्यापारी बंधु, डॉक्टर, एडवोकेट, इंजीनियर, चार्टर्ड अका उंटेंट, किसान, महिलाएं, प्रबुद्धजैन, समाज सेवी सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहेंगे। केंद्रीय बजट 2026-27 के लाइव प्रसारण के पश्चात शहडोल नगर के कमला नगर स्थित अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा इस आयोजन मे जिले व शहर प्रबुद्धजनों का सम्मान एवं केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर उपस्थित वक्ताओं द्वारा उद्बोधन एवं प्रबुद्ध जनों से बजट को लेकर प्रतिक्रिया एवं विशेष चर्चा की जाएगी।

मनोज गुप्ता, राजेश पांडे, अमित बजाज बने संयोजक

भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में केंद्रीय बजट 2026-27 के सफल क्रियान्वयन हेतु टोली का किया गया गठन जिला मीडिया प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 फरवरी 2026 प्रस्तुत होने वाले बजट केंद्रीय बजट संबंधित प्रचार प्रसार एवं कार्यक्रमों का सुचारु रूप से संचालन हेतु जिला टोली का गठन किया गया है जिला टोली का गठन भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी द्वारा भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष राकेश पांडे, सह कोषाध्यक्ष अमित बजाज जी को संयोजक एवं सदस्य के रूप में जयप्रकाश गुप्ता राजकुमार खरया तो वही जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट को मीडिया समन्वयक एवं सोशल मीडिया समन्वयक के रूप में रिकी विश्वकर्मा जी को दायित्व सौंपा गया है।

अवैध रेत उत्खन्न परिवहन करने वाले एक टाटा कंपनी के मेटाडोर (डग्गी) एवं 02 ट्रेक्टर एवं आरोपीयो के विरूध्द की गई कार्यवाही

समाज जागरण विजय तिवारी

वेंकटनगर। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा अवैध रेत उत्खन्न करने वाले रेत माफिया के विरूद्ध लगातार चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम, एसडीओ(पी.) सुमित केरकट्टा के निर्देशन एवं थाना प्रभारी जैतहरी निरीक्षक अमर वर्मा के नेतृत्व में कार्यवाही की गई ।

दिनांक 28/01/2026 को रात्री करीब 10.00 बजे पुलिस स्टाफ चौकी वेकंटनगर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति एक स्वराज कम्पनी का ट्रेक्टर ट्राली मे सुलखारी गांव की अलान नदी से अवैध रेत चोरी कर के ट्रेक्टर ट्राली में लोड कर के सुलखारी से कच्चे रास्ते से सिंहपुर की ओर रेत बेंचने आने वाला है जो वेंकटनगर पुलिस स्टाफ द्वारा मुखबिर के बताये स्थान सिंहपुर से सुलखारी जाने वाला कच्चा रास्ता पर रूककर छिपकर ट्रेक्टर का इन्तजार किया तो सुलखारी तरफ से अंधेरे में एक ट्रेक्टर आते दिखा जिसे उपरोक्त हमराह स्टाफ के साथ हाथ देकर रूकवाया गया जो ट्रेक्टर चालक नें ट्रेक्टर को खड़ा कर अंधेरे का फायदा उठाकर ट्रेक्टर से कूदकर झाड़ीयो तरफ भाग गया जिसका पीछा किया गया जो अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया । मौके पर उपस्थित साक्षीयों के समक्ष स्वाराज 735 FE कम्पनी के ट्रेक्टर ट्राली को चेक किया गया जो उक्त ट्रेक्टर के सामने रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नही था ट्राली में भी रजि.नं. अंकित नही था ट्राली मे फुल ट्राली 03 घन मीटर रेत खनिज भरी होना पायी गई जो अज्ञात आरोपी ट्रेक्टर ट्राली चालक / मालिक का कृत्य

धारा303(2),317(5), 305 (ई) बीएनएस एवं 4/21 खान एवं खान खनिज विकास अधिनियम 1957 के तहत दण्डनीय पाये जाने से एक अदद पुराना इस्तेमाली बिना रजि. नं. का स्वाराज कम्पनी का 735 FE नीला सफेद रंग का ट्रेक्टर तथा पीछे लगी बिना नंबर की केसरिया रंग की ट्राली में लोड 03 घन मीटर अवैध रेत खनिज ट्रेक्टर ट्राली कीमति पांच लाख रुपए, अवैध रेत लोड खनिज कीमती पांच हजार रुपए की कुल मशरूका पांच लाख पांच हजार रू. का समक्ष उपरोक्त गवाहन दिनांक 28/01/26 के 22.42 बजे विधिवत जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया इसी तरह दिनांक 29/01/2026 को रात्री 12.50 बजे दौरान भ्रमण कस्बा वेकंटनगर में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की शुभांशु शुक्ला उर्फ विपुल टी.पी. शुक्ला कॉलेज के आगे तिपान नदी से अवैध रेत अपने टाटा मेटाडोर वाहन में लोड कर वेंकटनगर पड़खुरी कच्चे रास्ते से वेंकटनगर की ओर रेत बेंचने आने वाला है जो हमराह स्टाफ एवं उक्त गवाहो के मुखबिर के बताये स्थान टी.पी. शुक्ला कॉलेज के पास तिपान नदी से वेंकटनगर पड़खुरी कच्चे रास्ते की ओर आने वाले कच्चे रास्ते पर रूककर वाहन का इन्तजार किया तो तिपान नदी तरफ से एक मेटाडोर वाहन आता दिखाई दिया जिसे उपरोक्त गवाहो के समक्ष रोककर चेक किया गया तो एक टाटा मेटाडोर वाहन रजिस्ट्रेशन नं. MP65 ZB 4843 के वाहन चालक से नाम पता पूछां गया तो अपना नाम शुभांशु शुक्ला उर्फ विपुल पिता सुदेश शुक्ला उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम वेंकटनगर थाना जैतहरी जिला अनूपपुर (म.प्र.) का होना बताया एवं उक्त वाहन स्वयं के नाम पर रजिस्टर्ड होना बताया उक्त वाहन के डाला में फुल डाला 05 घन मीटर रेत खनिज भरी होना पाया गया वाहन स्वामी/चालक शुभांशु उर्फ विपुल शुक्ला से उक्त मेटाडोर वाहन के डाला में लोड रेत खनिज की वैध टीपी की जानकारी चाही गई जो वाहन स्वामी/चालक शुभांशु उर्फ विपुल शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया की मेरे पास उक्त मेटाडोर वाहन के डाला में लोड रेत खनिज का कोई कागजात टी.पी. नही है उक्त वाहन के डाला में तिपान नदी से रेत लोड करके ग्राम वेंकटनगर ले जा रहा था वाहन स्वामी/चालक शुभांशु उर्फ विपुल शुक्ला के द्वारा अपने स्वामित्व के वाहन क्र. MP 65 ZB4843 में अवैध रूप से रेत(खनिज) चोरी कर परिवहन करना पाया गया जो आरोपी वाहन स्वामी/चालक शुभांशु उर्फ विपुल शुक्ला का कृत्य धारा 303 (2),317(5), 305(ई) बीएन एस एवं 4/21 खान एवं खान खनिज विकास अधिनियम 1957 के तहत दण्डनीय पाये जाने से आरोपी उपरोक्त के कब्जे से उक्त टाटा कंपनी का मेटाडोर वाहन क्र. MP65ZB4843 मय लोड 05 घन मीटर अवैध रेत (खनिज) वाहन एवं रेत कुल कीमती 1205000/- रुपए की जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया । इसी तरह

शुभांशु शुक्ला उर्फ विपुल की टाटा मेटाडोर वाहन (डग्गी) पर कार्यवाही के दौरान रात्री 02.00 बजे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि तिपान नदी से खेलन सिंह बिना नंबर के जॉनडियर ट्रेक्टर ट्राली से अवैध रेत खनिज लोड कर वेंकटनगर की ओर आ रहा है जो मुखबिर की सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहो के मुखबिर के बताये स्थान टी.पी. शुक्ला कॉलेज के पीछे तिपान नदी की ओर कच्चे रास्ते गया जो तिपान नदी के पास पहुंचे तो एक ट्रेक्टर तिपान नदी में नदी के सूखे स्थल की रेत में चल रहा था जिसे हमराह स्टाफ के साथ रूकवाया गया मौके पर उपस्थित गवाहो के समक्ष ट्रेक्टर ट्राली को चेक किया गया तो एक जॉनडियर ट्रेक्टर ट्राली वाहन जिसके सामने एवं पीछे रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नही था एवं ट्राली में 02 घन मीटर रेत खनिज लोड पायी गयी उक्त वाहन ट्रेक्टर चालक से नाम पता पूछां गया तो अपना नाम खेलन सिंह पिता दादूराम सिंह गोंड़ उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम खोड़री टिकराटोला थाना जैतहरी जिला अनूपपुर (म.प्र.) का होना बताया एवं उक्त वाहन मालिक मथुराप्रसाद भैना निवासी भसखुरा जिला जीपीएम. (छ.ग.) के नाम पर रजिस्ट्रर्ड होना बताया चालक खेलन सिंह से मौके पर उक्त ट्रेक्टर की ट्राली में लोड रेत खनिज की वैध टीपी की जानकारी चाही गई जो ट्रेक्टर चालक खेलन सिंह नें जानकारी देते हुए बताया की मेरे पास उक्त ट्रेक्टर की ट्राली में लोड रेत खनिज का कोई कागजात टी.पी. नही है उक्त ट्रेक्टर ट्राली में तिपान नदी से रेत लोड करके ट्रेक्टर मालिक मथुराप्रसाद भैना के कहने पर ग्राम वेंकटनगर बेंचने ले जा रहा था चालक खेलन सिंह वाहन स्वामी मथुराप्रसाद भैना के द्वारा उक्त ट्रेक्टर में अवैध रूप से रेत(खनिज) चोरी कर परिवहन करना पाया गया जो आरोपी ट्रेक्टर वाहन स्वामी मथुरा प्रसाद भैना एवं चालक खेलन सिंह का कृत्य धारा 303(2) ,317 (5), 305(ई) बीएनएस एवं 4/21 खान एवं खान खनिज विकास अधिनियम 1957 के तहत दण्डनीय पाये जाने से आरोपी उक्त ट्रेक्टर चालक के कब्जे से उक्त विना रजिस्ट्रेशन नं. का ट्रेक्टर मय ट्राली जप्त किया गया । संपूर्ण कार्यवाही में एक टाटा कंपनी का मेटाडोर वाहन (डग्गी) एवं 02 ट्रेक्टर कुल कीमती 22,00,000/- रुपए एवं रेत (खनिज) कीमती 10,000/- रुपए का जप्त कर उक्त वाहनो के आरोपी वाहन चालक एवं वाहन स्वामीयो के विरूद्ध धारा 303 (2),305(ए), 317(5) BNS, 4/21 खनिज अधिनियम का अपराध पंजीबध्द किया गया है ।

उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी वेंकटनगर उप निरीक्षक प्रवीण कुमार साहू एवं सउनि. सुरेश कुमार अहिरवार, प्र.आर.158 मनोज कुमार लकड़ा, आर.281 सोनू पर्ते एवं 288 विजय टाटू की सराहनीय भूमिका रही है ।

*मां बिरासिनी के दर्शन कर विधायक ने लिया आशीर्वाद,

किसान कल्याण के रूप में मनाया जायेगा यह वर्ष -अभिलाष पाण्डेय

समाज जागरण

बिरसिंहपुर पाली -- भारतीय जनता पार्टी के जबलपुर उत्तर विधानसभा के विधायक एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष पांडे आज अल्प प्रवास पर उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली नगरी पहुंचकर आपने सपरिवार मां बिरासिनी शक्तिपीठ में माँ बिरासनी की विधि विधान से पूजा-अर्चना कर दर्शन लिए और मन वांछित वरदान मांगा। इस अवसर पर बिरा सनी शक्तिपीठ परिसर में आयोजित मानस प्रतियोगिता कार्य क्रम में भाग लिया। विधायक श्री पाण्डेय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि विधायक मध्य प्रदेश सरकार निरंतर विकास की नित नई इबारतें लिख रही है। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में जहां राज्य का बजट सीमित रहा, वहीं वर्तमान भाजपा सरकार ने 4 लाख 21 हजार करोड़ रुपये का ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत किया है, जो प्रदेश में हो रहे व्यापक विकास का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

आने वाले समय में यह बजट और भी बढ़ेगा। विधायक श्री पांडे ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में वर्ष 2025 को औद्योगिक विकास वर्ष के रूप में मनाया गया, जबकि वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में समर्पित किया जाएगा। इस दौरान किसानों की आय बढ़ाने, सिंचाई, फसल बीमा और कृषि अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए कई अहम निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 2047 का उल्लेख करते हुए कहा कि देश को आत्मनिर्भर और विश्व गुरु बनाने की दिशा में मध्य प्रदेश सरकार अग्रणी भूमिका निभा रही है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के चलते अब विकास का माहौल तेजी से मजबूत हो रहा है। इस दौरान विधायक अभिलाष पांडे ने युवाओं को विशेष संदेश देते हुए कहा कि देश का भविष्य युवा शक्ति के हाथों में है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे आगे आएं और राजनीति के माध्यम से राष्ट्र सेवा करें। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में कार्य करते समय तीन मूल मंत्र हमेशा याद रखें– नेशन फर्स्ट, ऑर्गनाइजेशन सेकंड और सेल्फ थर्ड। इन्हीं सिद्धांतों पर चलकर युवा देश और समाज के लिए सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

नकली उत्पादों के खपत की मंडी बनी बिरसिंहपुर पाली

राजश्री , बीड़ी के बाद अब नकली मसाला की खुली परतों ने खोला राज

समाज जागरण

उमरियाः----जिले का प्रमुख औद्योगिक नगरी बिरसिंहपुर पाली इन दिनों नकली खाद्य सामग्री और उत्पादों की खपत की मंडी बनकर रह गयी है। एक के बाद एक उत्पाद की नकली उत्पादों की ब्रिकी के प्रकाश में आने के बाद कतिपय व्यापारियों की काली कारगुजारियों ने पूरे बाजार को शर्मसार करके रख दिया है। इन दिनों गरम मसाले की बिक्री को लेकर चचाओं का बाजार गर्म हैं। बताया जाता है कि वर्तमान में नगर के कई किराना प्रतिष्ठानों पर नकली मसाले बिकने की बात सामने आ रही है, जिनकी पैकिंग और ब्रांडिंग इतनी चतुराई से की गई है कि वे पहली नजर में पूरी तरह असली प्रतीत होते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पैकेट, रंग, नाम और डिजाइन सब कुछ नामी कंपनियों जैसा ही देखने में रहता है, लेकिन वास्तविकता व गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर रख दिया है। इसके पहले नकली बीड़ी का मामले का खुलासा किया गया था, फिर वह मसला भी अन्दर के तहखाने में दफन हो गया,इसके पूर्व नकली राजश्री के पकड में आने और दफन की करतूत जग जाहिर हो चुकी थी। नकली उत्पादों मसाले की चर्चा ने व्यापारिक नैतिकता पर बड़ा प्रश्नचिह्न लगा दिया है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि कुछ व्यापारी अधिक मुनाफे के लालच में सस्ते और घटिया सामग्री से बने मसाले बेच रहे हैं। इन मसालों के



सेवन से स्वाद तो खराब हो ही रहा है, साथ ही सेहत पर भी नकारात्मक असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि इन मसालों की पैकिंग इतनी पेशेवर है कि आम ग्राहक आसानी से धोखा खा जाता है। बावजूद कुछ व्यापारी इन्हें धड़ल्ले से बेच रहे हैं। चर्चा है कि बाहर से सस्ते दामों पर माल मंगवाकर स्थानीय बाजार में ऊंचे दामों पर खपाया जा रहा है। नगर के जिम्मेदार व्यापारियों का कहना है कि ऐसे तत्व पूरे बाजार की छवि खराब कर रहे हैं। ईमानदारी से व्यापार करने वालों को भी शक की नजर से देखा जाने लगा है। स्थानीय लोगों ने खाद्य सुरक्षा विभाग और प्रशासन से मांग की है कि बाजार में बिक रहे मसालों की सघन जांच की जाए, सैंपल लेकर लैब टेस्ट कराए जाएं और दोषी व्यापारियों पर कड़ी कार्रवाई हो। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी, तो नकली मसालों का यह खेल न केवल उपभोक्ताओं की सेहत को नुकसान पहुंचाएगा, बल्कि पूरे व्यापारिक भरोसे को भी गहरा झटका देगा।

पशु तस्करी करने वालों के विरुध्द थाना कोतमा पुलिस द्वारा की गई एक और बड़ी कार्यवाही ,

२१ नग भैस पाडे कीमती 11 लाख रुपए , ट्रक वाहन कीमती 15 लाख रुपएं सहित 02 आरोपियों को देशी कट्टे एवं 02 नग जिन्दा कारतूस सहित किया गया गिरफ्तार

समाज जागरण अनूपपुर

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान ने जिले के समस्त थाना प्रभारियों को पशु तस्करों पर कार्य वाही के लिए निर्देशित किया है । इसी क्रम में अति. पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतमा निरी. रत्नाम्बर शुक्ल व उनकी टीम के द्वारा पशु तस्करों के विरूध्द बड़ी कार्यवाही की गई है। 31.01.2026 को रात्रि में थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ल को विश्वनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि भालूमाड़ा रोड़ से एक ट्रक जिस पर काले रंग की तिरपाल ढ़ककर बंधी है तथा ट्रक में भैंसों को ठूस-ठूंस कर भरा गया है । उक्त ट्रक भालूमाडा रोड से कोतमा होकर जंगल चौकी के सामने हाईवे से अनूपपुर तरफ निकलने वाला है । ट्रक के आगे आगे एक सफेद रंग की बालेनो कार रैकी कर रही है । मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी कोतमा द्वारा तत्काल पुलिस टीम के साथ रवाना होकर मुखबिर के बतायें स्थान जंगल चौकी हाईवे रोड़ पर रोड से नीचे आड़ में पुलिस वाहन खड़ा कर नाके बंदी की जो कि कुछ देर बाद एक ट्रक जिस पर तिरपाल बंधी थी, कोतमा तरफ से आता दिखा जिसे रोकने पर वह ट्रक नही रूका और तेजी से भागा जिसको पुलिस वाहन से पीछा करके थोडी दूर आगे पतेराटोला के पास हाईवे रोड़ में वाहन आगे लगाकर रोका गया जो कि ट्रक क्रमांक सीजी 04 एन एक्स 5617 में बैठे चालक सहित कुल तीन व्यक्ति ट्रक से कूद कर भागे जो नीचे सडक पर गिरे जिन्हे गिरते पड़ते दोडाकर दो व्यक्तियों को पकड़ा गया तथा तिसरा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर तंगल तरफ भाग गया । पकड़े गये दोनो व्यक्तियों के नाम उमेश केवट पिता स्व. दीनदयाल केवट निवासी पुरानी बस्ती कोतमा एवं अंकित द्विवेदी पिता रमेश कुमार द्विवेदी निवासी ग्राम झाली थाना कोठी जिला सतना (म.प्र.) तथा भागने वाले व्यक्ति का नाम जय भान सिंह गोंड निवासी ज्योति पेट्रोल पम्प के पास कोतमा का होना बतायें । ट्रक को खुलवाकर देखा गया तो ट्रक के अंदर 22 नग भैंस पाडे मवेशी नायलन की रस्सियों से क्रूरता पूर्वक ठूंस-ठूंस कर भरकर बांधे गये थे । ट्रक की केबिनमें देख कर तलाशी लेने पर एक पन्नी में 315 बोर का एक देशी कट्टा तथा 02 नग जिन्दा कारतूस पाये गये ।आरोपियों के संयुक्त कब्जे से ट्रक क्रमांक सीजी 04 एन एक्स 5617 कीमती 15 लाख रुपए एव 22 नग मवेशी कीमती 11 लाख रुपए ,देशी कट्टा व 02 नग जिन्दा कारतूस एवं दो नग मोबाईल जप्त कर गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार शुदा आरोपियों से पूछतांछ पर जयभान सिंह गोंड ज्योति पेट्रोल पम्प कोतमा , डूल्लू खान लहसुई गांव कोतमा, अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू निवासी मवेशी बाजार कोतमा मूल निवासी थाना बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर (उ.प्र.), आदिल खान लहसुई गांव . कन्हैया महरा निवासी ऊरा थाना रामनगर गट्टा महरा निवासी ऊरा , मोहित सिंह निवासी बुढार , साजिद खान निवासी नजिराबाद सतना , संजय पटेल उर्फ लाला निवासी गढ़िया टोला सतना का भी अपराध में संलिप्त होना पाये जाने से उक्त सभी 11 आरोपियों के विरूध्द पशु क्रूरता अधिनियम, म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम एवं आर्म्स एक्ट एवं बीएनएस की सुसंगत तथा गैर जमानती धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है । गिरफ्तार शुदा आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया जाकर पुलिस रिमांड ली जाकर और पूछताछ की जा रही है । उल्लेखनीय है कि थाना कोतमा पुलिस के द्वारा पिछले एक सप्ताह में पशु तस्करों के खिलाफ यह दूसरी बड़ी कार्यवाही है जो पशु तस्करों की कमर तोड़ने का स्पष्ट संदेश है। उक्त काईवाही में निरी रत्नाम्बर शुक्ल थाना प्रभारी कोतमा के साथ सउनि गोविन्द प्रजापति . आर. अभय त्रिपाठी , आर . संजय वर्मा आर. ऋषि पासी एवं आर. अनिल मरावी की अहम भुमिका रही है।

हितानंद शर्मा की संघ में वापसी बनाए गए सह बौद्धिक प्रमुख

समाज जागरण विजय तिवारी

भोपाल। संघ कार्यकर्ता और मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा की जिम्मेदारी में बदलाव किया गया है उन्हें मध्य क्षेत्र का सह बौद्धिक प्रमुख बनाया गया है ।शर्मा मूल रूप से अशोकनगर चंबल क्षेत्र के निवासी हैं और विद्या भारती संगठन से जुड़े हुए थे। मध्य क्षेत्र के बौद्धिक प्रमुख का दायित्व अभी नागेंद्र सिंह के पास है उनके साथ अब हितानंद शर्मा डिप्टी की भूमिका में कार्य करेंगे। वर्ष 2020 में उन्हें भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश सह संगठन मंत्री बनाया गया था यह कदम उपचुनावों से पूर्व संगठन मजबूत करने के लिए उठाया गया था ।2022 में सुहास भगत के स्थान पर उन्हें संगठन महामंत्री बनाया गया। अभी तक भारतीय जनता पार्टी के नए संगठन महामंत्री की जिम्मेदारी किस मिलेगी यह तय नहीं हुआ है।

करमा नृत्य पर जमकर थिरके विधायक

समाज जागरण

शहडोल। राजनीति की दुनिया में जहां अक्सर औपचारिकता और गंभीरता हावी रहती है, वहीं जब कोई जनप्रतिनिधि अ

3000 से अधिक छात्र, 82 विधालय के 140 अध्यापकों , के साथ किया गया सूर्य नमस्कार

समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद! क्रीड़ा भारती चन्द्र नगर महानगर द्वारा आज पी.डी. जैन इंटर कॉलेज के प्रांगण में विशाल सूर्य नमस्कार महोत्सव का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मातृशक्ति प्रमुख व कार्फ बाल खेल की पूर्व भारतीय कप्तान श्रीमती रीना सिंह व विशिष्ट अतिथि विधायक सदर मनीष असीजा द्वारा मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया, दीप प्रज्वलन श्रीमती प्रियंका जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजू मित्तल ने की। मंच पर उपस्थित अतिथियों अंचल , डा.पर्व मित्तल ,मयंक भटनागर ,डॉक्टर शिखा जैन का स्वागत सचिन शर्मा, सौरभ लहरी, नानू उपाध्याय द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता क्षेत्र संयोजक राजेश कुलश्रेष्ठ ने अपने ओजस्वी संबोधन में युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि योग केवल शरीर को साधने की क्रिया नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का आधार है। उन्होंने कहा कि आज के नारों की गूँज यह बताती है कि हमारी युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति और राष्ट्र के प्रति कितनी सजग है। प्रांत मंत्री रोहित जी के सटीक प्रबंधन में

योगाचार्य आदित्य सिंह, धर्मेंद्र वर्मा, शुचि बंसल, विष्णु, शीलेश, दिलीप, ज्योति गुप्ता, सरिता एवं साधना यादव ने मंच से विद्यार्थियों को ऊष्ण, सन्धि योग और सामूहिक सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। योगाचार्यों के एक-एक निर्देश पर विद्यार्थियों ने जिस तन्मयता से अभ्यास किया, वह देखते ही बन रहा था। पी.डी. जैन इंटर कॉलेज के मैदान में भक्ति, योग और राष्ट्रप्रेम की भावना उस समय जीवंत हो उठी, जब सैकड़ों विद्यार्थियों के कंठ से निकले 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की', 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारों से पूरा परिसर गुंजायमान हो गया।

82 विद्यालयों के विद्यालय प्रबंधक /प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा जिन्होंने अल्प समय में 3000 से भी अधिक विधार्थियो को भेजा साथ ही अध्यापकों ने अनुशाशन बनाये रखने में भी काफी मदद की।

महोत्सव का सफल संचालन अभिषेक मित्तल 'क्रांति' ने किया। स्वागत अध्यक्ष मयंक भटनागर ने रीना सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डॉ स्नेहलता शर्मा के नेतृत्व में 'डांसर साइज स्टूडियो' की टीम द्वारा प्रस्तुत रानी लक्ष्मी बाई के जीवन पर आधारित लघु नाटिका में कलाकारों ने अपनी सजीव प्रस्तुति के माध्यम से जब झांसी की रानी के शौर्य और बलिदान के दृश्यों को मंच पर उतारा, तो उपस्थित जनसमूह भाव-विभोर हो उठा और पूरा मैदान तालियों की गूँज से भर गया।भानू उपाध्याय, प्रदीप भारद्वाज, अंजना सिंह, अन्शू सिंह, निम्मी श्रीवास्तव, अर्चना दुबे, सत्यम राठौर, शशांक दुबे,ऋषभ शर्मा द्वारा विशिष्ट अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय मातृशक्ति प्रमुख श्रीमती रीना सिंह ने वहां मौजूद छात्राओं और महिलाओं को संबोधित करते हुए ओजस्वी विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि– "आज की बेटियों और बहनों को वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। लक्ष्मीबाई केवल वीरता का प्रतीक नहीं थीं, बल्कि वे आत्मरक्षा, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की मिसाल थीं। हर बहन को शारीरिक और मानसिक रूप से इतना सशक्त होना चाहिए कि वह समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा सके।"

महानगर उपाध्यक्ष राजेश दुबे व बंटू कुशवाह ने स्कूलों से आए हुए अध्यापकों को स्मृति चिन्ह देकर मंच से सम्मानित दिया। महानगर मंत्री अनिल परिहार द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों व स्कूलों को आभार व्यक्त किया गया महानगर अध्यक्ष रोहित राजपूत जी द्वारा पुलिस प्रशासन व नगर निगम को धन्यवाद ज्ञापन किया गया । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम उपरांत उपस्थित सभी विद्यार्थियों को गौरव गोयल गोयल रेस्टोरेंट के सौजन्य से खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया गया। दीपक कुशवाह, विवेक राजपूत, सौरभ शर्मा, द्वारा खिचड़ी वितरण किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह बृजेश विभाग , बौद्धिक प्रमुख अमर सिंह जी, सौरभ , केशव देव शंखवार, प्रमोद राजपूत, आदि गणमान्य उपस्थित थे।

विशेष - महानगर अध्यक्ष रोहित राजपूत को क्रीड़ा भारती में सह विभाग संयोजक बनाया गया और नए अध्यक्ष के रूप में प्रमुख शिक्षाविद व समाजसेवी मयंक भटनागर को महानगर की कमान सौंपी गई। क्षेत्र संयोजक राजेश कुलश्रेष्ठ ने माला पहनाई और सदर विधायक मनीष असीजा द्वारा उनका शॉल पहनकर सम्मानित किया गया। महानगर योग प्रमुख धर्मेन्द्र वर्मा जी व क्रीड़ा केंद्र प्रमुख आदित्य जी को बनाया गया।

पुलिस ने छिनेती करने वाले तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

समाज जागरण

फिरोजाबाद। थाना उत्तर पुलिस ने छिनैती करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। उनके पास से पुलिस ने छीने गए रुपए व घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की है।

थाना उत्तर ने पुलिस ने चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर छीनेती करने वाले तीन अभियुक्तों को पकड़ा है।

पुलिस ने उन्हें गांधी पार्क के पास इस्लामिया इण्टर कॉलेज ग्राउण्ड थाना क्षेत्र उत्तर गिरफ्तार किया।

पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों के नाम संजीव कुमार उर्फ लवलेश पुत्र राकेश कुमार निवासी बदनपुर काजीपुर थाना सकरौली जनपद एटा, अभय कुमार पुत्र नरेन्द्र कुमार निवासी देवकी नगर झील की पुलिया के पास थाना उत्तर तथा संदीप पुत्र

जगदीश प्रसाद निवासी मोढ़ा कनैटा थाना रसूलपुर बताए है।

पुलिस ने अभियुक्त संजीव कुमार उर्फ लवलेश उपरोक्त से 30060 रुपये, अभय कुमार से 30120 रुपये व घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटर साइकिल तथा अभियुक्त संदीप से 30020 रुपये कुल 90200 रुपये बरामद किए।

तीनो ने गुरुवार को रात जलेसर रोड पर युवक के साथ मारपीट कर एक लाख रुपए छीन लिए थे। पुलिस ने मामले में धारा 304(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

बरामदगी तथा गिरफ्तारी के आधार पर धारा 317(2),3(5) बीएनएस की वृद्धी की गयी है। पुलिस ने तीनो को जेल भेजा है।

सेवानिवृत्ति के बाद दूसरो क सहारा बनना ही जीवन की संपूर्णता : नरेंद्र कुमार सिंह

- मंडलीय कार्यालय के सहायक आयुक्त का विदाई समारोह संपन्न।

समाज जागरण

हरहुआ। स्थानीय मंडलीय सहकारिता कार्यालय के सहायक आयुक्त देवेंद्र प्रताप सिंह का सेवानिवृत्ति समारोह शुक्रवार को बैंक सभागार मे हुआ।

इस अवसर पर सहकारिता विभाग के अधिकारियो और कर्मचारियो ने समारोह पूर्वक उन्हे भावभीनी विदाई दी।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक तथा यूपीएसएस के प्रबंध निदेशक नरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि देवेंद्र कुमार सिंह अपने नये जीवन मे सहारो का सहारा बनें और जीवन के भंवर मे वे किनारा बने यही मेरी शुभकामना है। अपर आयुक्त ने सेवानिवृत्त अधिकारी के स्वस्थ और सुखी जीवन की मंगलकामना की।

संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक योगेन्द्रपाल सिंह ने कहा कि सात माह का साथ सर्दियों के परिचय से बढ़कर कब हो गया , इसका आभाष ही नही हुआ।उन्होने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारी के साथ हर जरूरत के वक्त विभाग और विभागीय

अधिकारी हमेशा खड़े रहेंगे।

मुख्य अतिथि देवेंद्र प्रताप सिंह ने समारोह मे शुभकामनाए देने वालो का आभार व्यक्त किया और अनुज साथियो के लिये प्रेरणा वचन के रूप मे "कोशिश करने वालो की कभी हार नही होती" कविता कही।

समारोह का संचालन कर रहे यूपी कोआपरेटिव इंस्पेक्टर्स एसोसिएशन के प्राँतीय अध्यक्ष कर्नल अशोक सिंह ने सहायक आयुक्त के साथ बिताये गये क्षणों को याद करते हुए उनकी जानकारी और सहयोगी स्वभाव की प्रशंसा की।

बैठक मे सहायक आयुक्त मिर्जापुर अमितकुमारपांडेय, जिलासहकारीबैंक के सचिव/ महाप्रबंधक राजकुमार यादव ,रणेन्द्र द्विवेदी एडीसीओ, सोनिया टंडन, अजय कुमार एडीसीओ इत्यादि ने भी सेवानिवृत्त लेखाकार के संबंध मे अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्हे दूसरीच पारी के लिए बधाई दी।

समारोह मे अवधेश सिंह एडीसीओ, डाक्टर सुरेश, अजय कुमार , अमित सिंह, रोहित गुप्ता जिला प्रबंधक पीसीएफ, रामकेश सरोज जिला प्रबंधक पीसीयू, विजयनाथ तिवारी, अखिलेश कुमार एडीओ, श्रीचंद, संतेश राय, अनिल शर्मा समेत मंडल के तीनो जनपदो के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

तमंचा सहित शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण

फि रोजाबाद। थाना उत्तर पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके पास से तमंचा बरामद किया है।

प पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को सत्यनगर की पुलिया के पास से पकड़ा है। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त का नाम शैलेश कुमार पुत्र पप्पू बताया है। वह कवीर नगर गली 04 थाना उत्तर क्षेत्र का रहने वाला है।

पुलिस ने अभियुक्त के पास से एक तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया है।

नंदेश्वर महादेव की 73 वी वर्षगांठ महामत्युंजय पाठ के साथ धूमधाम से सम्पन्न

समाज जागरण

फिरोजाबाद थाना लाइन पार के श्याम नगर स्थित नंदेश्वर महाराज मंदिरकी 73वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई!

श्याम नगर स्थित नंदेश्वर महादेव मंदिर की 73वीं वर्षगांठ पर पांच दिवसीय

कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा महामृत्युंजय पाठ किया गया! इसके बाद आज हवन पूजन कर महादेव का अभिषेक किया गया! इसके बाद एक भंडारे का आयोजन किया गया! जिसमें भक्त जनों ने महादेव का प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर मंदिर के निर्माण बीएस गुप्ता और उनके परिवार के लोगों द्वारा कराया गया था! इस अवसर पर संजय गुप्ता, रवि गुप्ता, अवनीश गुप्ता, प्रशांत, आशीष गुप्ता, कृतिका गप्ताके साथ हजारों धर्म प्रेमीजन उपस्थित थे!

ग्राम पंचायत को बाल श्रम मुक्त करने का लिया गया संकल्प

समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बलरामपुर को बाल श्रम मुक्त करने के क्रम में ग्राम पंचायत शिवपुरा में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में उपस्थित रोजा संस्थान

से डिस्ट्रिक्ट कंसलटेंट श्री मनोज तिवारी ने बताया कि बाल श्रम एक सामाजिक बुराई और कानूनन अपराध है जिसे समाप्त किया जाना जरूरी है। जैसा कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के मंशानुसार प्रदेश को 2027 तक और आकांक्षी जनपद बलरामपुर को 2026 तक बाल श्रम मुक्त किया जाना है । बैठक में उपस्थित पंचायत सचिव, पंचायत सहायक , भारतीय जन कल्याण सेवा संस्थान के भोला नाथ तिवारी और ग्राम सभा के लोगों ने ग्राम पंचायत को बाल श्रम मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

स्मिता परियोजना से बदली तस्वीरः तिवारीडीह विद्यालय बना ग्रीन अवेयरनेस

मॉडल स्कूल, विद्यालय प्रधानाध्यापक हरिशंकर सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका

समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी

सिद्धार्थनगर (उ.प्र.) – स्माइल फाउंडेशन द्वारा SHIF के सहयोग से संचालित SMITA (स्मिता) परियोजना ने सिद्धार्थनगर जनपद के उस्का बाजार विकासखंड स्थित कंपोजिट अपर प्राइमरी स्कूल, तिवारीडीह में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। यह परियोजना पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने और सतत जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लागू की गई थी।

विद्यालय स्तर पर इस कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन प्रधानाध्यापक श्री हरिशंकर सिंह के सक्रिय नेतृत्व एवं पहल से संभव हो सका। उनके मार्गदर्शन में गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति अपनाई गई, जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं को किचन गार्डन निर्माण, जल संरक्षण, ऊर्जा बचत, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार से जोड़ा गया।

इस परियोजना की विशेष बात यह रही कि इसमें किसी प्रकार की भौतिक सामग्री सहायता प्रदान नहीं की गई, बल्कि छात्रों को उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने एवं दैनिक जीवन में जिम्मेदार आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। परिणामस्वरूप विद्यालय परिसर में हरित गतिविधियों में छात्रों की भागीदारी बढ़ी, जल एवं बिजली के उपयोग में सुधार देखा गया तथा स्वच्छता और पोषण संबंधी जागरूकता में भी सकारात्मक बदलाव आया।

इस सकारात्मक परिवर्तन को स्थानीय मीडिया द्वारा व्यापक कवरेज मिली, जिससे परियोजना की प्रभावशीलता और विश्वसनीयता को नई पहचान मिली है।

आज कंपोजिट अपर प्राइमरी स्कूल, तिवारीडीह SMITA पहल के अंतर्गत ग्रीन अवेयरनेस मॉडल स्कूल के रूप में उभरकर सामने आया है, जो यह सिद्ध करता है कि मजबूत नेतृत्व और जागरूकता आधारित प्रयासों से स्थायी एवं दीर्घकालिक परिवर्तन संभव है।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान

जमुनहा ब्लॉक में 7 दिवसीय जागरूकता रथ रवानादेहात इंडिया के तत्वाधान में

समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी

जनपद श्रावस्ती कार्यालय खंड विकास अधिकारी, जमुनहा के परिसर से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता रथ को 7 दिवसीय अभियान हेतु रवाना किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय शिवम जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख जमुनहा एवं खंड विकास अधिकारी श्री वीरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनसामान्य को बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के उन्मूलन तथा बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में

देहात इंडिया टीम, नीति आयोग (एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन) के प्रतिनिधि, विकासखंड स्तरीय अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनमानस की सक्रिय सहभागिता रही।

यह 7 दिवसीय अभियान विकासखंड जमुनहा के विभिन्न गांवों एवं सार्वजनिक स्थलों पर संचालित किया जाएगा, जिसके माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों तथा बच्चों के अधिकारों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाई जाएगी। अभियान का उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाते हुए बच्चों को सुरक्षित, शिक्षित एवं सशक्त भविष्य प्रदान करना है।

ग्राम बाल संरक्षण समिति की बैठक संपन्न देहात इंडिया संस्था के तत्वाधान में

समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी

जनपद श्रावस्ती राजगढ़वा गाँव में ग्राम बाल कल्याण एवम् संरक्षण समिति बैठक आयोजित की गई जिसमें ग्राम स्तर पर बच्चों के अधिकारों एवं संरक्षण को लेकर ग्राम बाल संरक्षण समिति की बैठक आज उच्च प्राथमिक विद्यालय, रघुराजपुर में सुबह 11:30 बजे आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान द्वारा की गई, जबकि बीडीसी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा, पंचायत प्रतिनिधि, पुलिस व अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में सबसे पहले बाल अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता

बढ़ाने और संदिग्ध मामलों की समय पर सूचना देने पर जोर दिया गया।

तीसरे बिंदु के अंतर्गत गांव में नल से शुद्ध पेयजल उपलब्धता तथा स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा की गई। इसके अलावा आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति, बच्चों के पोषण, उपस्थिति और सेवाओं की गुणवत्ता पर भी चर्चा हुई।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। अंत में यह निर्णय लिया गया कि बच्चों के हित में लिए गए निर्णयों की नियमित समीक्षा की जाएगी और जरूरतमंद बच्चों तक सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

जॉब्स को केवल डिग्री या मार्क्स महत्वपूर्ण नहीं: कॉर्पोरेट एक्सपर्ट

समाज जागरण

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के सीटीएलडी की ओर से करियर टॉक्स- पाथवेज टु सक्सेस में एवीपीएन की टैलेंट एक्विजिशन लीडर सुश्री दीप्ति वर्मा ने स्टुडेंट्स को साझा किए तमाम टिप्स एवीपीएन की टैलेंट एक्विजिशन लीडर सुश्री दीप्ति वर्मा ने कॉर्पोरेट भर्ती प्रक्रिया की वास्तविकताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा, चयन केवल अंकों या डिग्री पर आधारित नहीं होता, बल्कि अभ्यर्थी के व्यावहारिक कौशल, सोचने की क्षमता, संवाद शैली और संगठनात्मक संस्कृति के साथ सामंजस्य पर भी निर्भर करता है। एचआर प्रोफेशनल्स उम्मीदवार को केवल डिग्री होल्डर के रूप में नहीं, बल्कि एक सम्भावनाशील पेशेवर के रूप में देखते हैं। उन्होंने स्टुडेंट्स से कहा, प्रारंभिक स्क्रीनिंग से लेकर अंतिम चयन तक, रिज्यूमे प्रस्तुति, इंटरव्यू के दौरान आत्मविश्वास, बॉडी लैंग्वेज, और प्रश्नों के प्रति दृष्टिकोण का विशेष महत्व होता है। सुश्री दीप्ति वर्मा ने छात्रों को सलाह दी कि वे कॉलेज जीवन के दौरान ही इंटर्नशिप, लाइव प्रोजेक्ट्स, स्वयंसेवी कार्य, टीमवर्क और लीडरशिप अवसरों को गंभीरता से लें, क्योंकि ये अनुभव साक्षात्कार के समय उम्मीदवार को दूसरों से अलग पहचान दिलाते हैं। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि आज के कॉर्पोरेट जगत में एडैप्टेबिलिटी, डिजिटल अवेयरनेस और निरंतर

सीखने की इच्छा सबसे बड़ी ताकत मानी जाती है। अंत में सुश्री दीप्ति वर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि करियर एक दौड़ नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक यात्रा है, जिसमें सही दिशा, धैर्य और निरंतर प्रयास से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। एक्सपर्ट सेशन में सीसीएसआईटी, टिमिट, लॉ, एग्रीकल्चर, फामेसी आदि कॉलेजों के छात्रों की मौजूदगी में सवाल-जबाव का दौर भी चला।

सुश्री वर्मा तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट- सीटीएलडी की ओर से करियर टॉक्स- पाथवेज टु सक्सेस पर आयोजित विशेषज्ञ सत्र में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहीं थीं। विशेषज्ञ सत्र का विषय कॉर्पोरेट रेडिनेस और शीर्षक हाउ एचआर एक्कुली हायर्सः द सिक्रेट सेलेक्शन टिप्स रहा। इससे पूर्व मुख्य वक्ता सुश्री दीप्ति वर्मा, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरके द्विवेदी, सीटीएलडी के डायरेक्टर प्रो. पंकज कुमार सिंह आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके एक्सपर्ट सेशन का शुभारम्भ किया। डीन प्रो. द्विवेदी ने स्टुडेंट्स से कहा, जॉब्स के लिए वर्तमान समय में केवल तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। स्टुडेंट्स को संचार कौशल, सकारात्मक दृष्टिकोण, कार्यस्थल पर अनुकूलन क्षमता तथा नैतिक मूल्यों की समझ विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट जगत में सफल बनाती है। सीटीएलडी के प्रो. पंकज कुमार सिंह बोले, कैरियर टॉक्स श्रृंखला का मकसद कक्षा में अर्जित ज्ञान और उद्योग की व्यावहारिक अपेक्षाओं के बीच की दूरी को कम करना है। उन्होंने सीटीएलडी की ओर से भविष्य में भी ऐसे उद्योग-संवाद आधारित कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता दोहराई। डॉ. जैस्मिन स्टीफन ने संयोजक, जबकि श्री प्रदीप पंवार ने सह-समन्वयक की भूमिका निभाई। संचालन सुश्री अन्वेषा सिसोदिया ने किया। कार्यक्रम में श्रीमती मणि सारस्वत आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। अंत में डॉ. दिलीप दत्त वार्ष्णेय ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग से छात्राओं को मानसिक व शारीरिक तैयारी

समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी

जनपद श्रावस्ती बाल रक्षा भारत संस्था द्वारा संचालित सखी इनिशिएटिव टू सिक्योर हर फयूचर कार्यक्रम के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक कई विद्यालयों में ट्रेनिंग के माध्यम से बालिकाओ को आत्म निर्भर और सशक्त बनाने के लिए संस्था बाल रक्षा भारत द्वारा विद्यालयों में पहुंचकर सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को सिखाया गया कि अगर बालिकाओं

को कोई आपात कालीन समस्या हो जाए तो ऐसी स्थिति से निपटने के लिए क्या करना है और उससे बचाव की तकनीक सिखाई जा रही है।

छात्राओं का कहना है आत्मरक्षा की ट्रेनिंग के जरिये हम मानसिक रूप से भी सशक्त होते हैं। ट्रेनिंग के दौरान ही कई तकनीक जैसे कोई गर्दन पर वार करे तो कैसे हम स्वयं को बचाएं, यदि सामने से वार आए तो कैसे अपने चेहरा बचाएं, आदि सिखाया जाता है।

टीएमयू के फॉरेंसिक स्टुडेंट्स ने पुलिस अकादमी का भ्रमण कर समझा समन्वय

समाज जागरण

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के फॉरेंसिक विज्ञान विभाग की ओर से डॉ. भीमराव आम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद के शैक्षिक दौरे में छात्रों ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों की कार्यप्रणाली के संग-संग आपराधिक जांच में फॉरेंसिक विज्ञान के वास्तविक जीवन में अनुप्रयोगों की बारीकियों को समझा। टीएमयू के फॉरेंसिक छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने अकादमी के इतिहास, संग्रहालय, हथियार गृह, फॉरेंसिक प्रयोगशाला,

पुस्तकालय, मिग-21 विमान का अवलोकन भी किया। इससे पूर्व फॉरेंसिक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नवनीत कुमार ने डॉ. भीमराव आम्बेडकर पुलिस अकादमी के डायरेक्टर जनरल श्री राजीव सभरवाल से भेंट करके कुलाधिपति श्री सुरेश जैन की ओर से उन्हें तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी आने के लिए आमंत्रित किया।

शैक्षणिक भ्रमण में शामिल इन 66 छात्रों ने अपराध स्थल प्रबंधन, साक्ष्य संकलन, संरक्षण प्रक्रियाओं, कानूनी प्रथाओं और पुलिस प्रशिक्षण प्रणाली से अपडेट हुए। इस शैक्षिक संवाद में फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स और पुलिस ऑफिसर्स के बीच समन्वय को टीएमयू के छात्रों ने समझा। अंत में प्राचार्य ने उप पुलिस महानिरीक्षक श्री विकास कुमार बैद्या का भी शुक्रिया अदा किया। शैक्षिक यात्रा में फॉरेंसिक के एचओडी श्री रवि कुमार, श्री योगेश कुमार, श्रीमती सौम्या त्रिपाठी के संग-संग रिसर्च स्कॉलर अजय प्रताप सिंह आदि शामिल रहे। पुलिस उप-अधीक्षक श्री हरेंद्र सिंह यादव ने अपनी टीम के साथ छात्रों को अकादमी का भ्रमण कराया। अकादमी के श्री पुष्कर कुमार शर्मा, श्री पंकज तोमर की भी उल्लेखनीय भूमिका रही।

इंटर परीक्षा- 2026 : कदाचार-मुक्त संचालन को लेकर प्रशासन अलर्ट

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

31 जनवरी। इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा-2026 को शांतिपूर्ण एवं कदाचार-मुक्त ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है। इस संबंध में जिलाधिकारी विशाल राज एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं परीक्षा केन्द्राधीक्षकों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटर परीक्षा 02 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक दो पालियों में होगी। किशनगंज जिले में कुल 20 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जहां कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के कुल 12,921 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जिलाधिकारी ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी से सतत निगरानी, सघन जांच एवं फ्रिस्किंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। परीक्षा केन्द्रों पर मोबाइल फोन एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जूता-मोजा पहनकर प्रवेश वर्जित रहेगा तथा परीक्षार्थी केवल चप्पल पहनकर ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करेंगे। परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू रहेगी। कदाचार रोकने हेतु स्टैटिक, जोनल एवं उड़नदस्ता दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष टॉल फ्री नंबर 06456-225152 पर कार्यरत रहेगा। पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा अवधि के दौरान सख्त सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने की बात कही।

नवीनगर में आकांक्षी योजना के तहत संपूर्णता अभियान का भव्य आयोजन

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के राजकीयकृत उच्च विद्यालय टंडवा (पिपराडीह)परिसर में प्रखण्ड आकांक्षी योजना के तहत संपूर्णता अभियान का भव्य आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना और हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना था। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख चित्रा कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह, अंचला धिकारी निकहत परवीन, बीपी आरओ मुकेश कुमार, चिकित्सा पदाधि कारी डॉ. अभय कुमार, पीओ नीरज कुमार और बसड़ीहा पैक्स अध्यक्ष दीपक तिवारी एवं अन्य द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच संचालन शिक्षक परवेज आलम ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ अरुण सिंह ने कहा कि संपूर्णता अभियान का लक्ष्य केवल योजनाओं की घोषणा करना नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा और रोजगार जैसी बुनियादी सेवाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करना है। बीडीओ ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रखंड क्षेत्र में 14 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा। प्रखंड प्रमुख चित्रा कुमारी ने कही कि सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जहाँ लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई साथ ही मौके पर ही कई लाभुकों का पंजीकरण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए शिविर में लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई, जबकि शिक्षा और समाज कल्याण विभाग ने भी अपनी योजनाओं का प्रसार किया। मौके पर प्रधानाध्यापक उपेन्द्र सिंह, शिक्षक धनंजय सिंह,चुन्नू सिंह, परिचारी संतोष कुमार , सुनील कुमार सहित अन्य गणमान्य एवं बड़ी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

पटना के पालीगंज में गोली मारकर एक व्यक्ति को किया घायल

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के पालीगंज प्रखण्ड क्षेत्र के उदयपुर गांव के सामने सोन नदी के उसपार एक व्यक्ति को अपराधियो ने गोली मारकर घायल कर दिया। जिसका इलाज अस्पताल मर चल रही है। जानकारी के अनुसार पालीगंज थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव के समीप सोन नदी के उसपार शनिवार को गोलीबारी हो गयी। जिसके दौरान गोली लगने से एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान उदयपुर गांव निवासी सत्य नारायण पांडेय के पुत्र टाइगर कुमार के रूप में हुई। घायल को इलाज के लिए पालीगंज अस्पताल लाया गया। जहां से डॉक्टरों ने घायल की गम्भीर स्थिति को देख बेहतर इलाज के लिए पटना स्थित पीएमसीएच भेज दिया। वही घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचकर पालीगंज पुलिस ने मामले की जांच कर लौट आयी। घटना को लेकर इलाके में कई प्रकार की चचाएं हो रही है। किसी का कहना है कि गोलीबारी बालू घाट पर बर्चश्व को लेकर हुई है तो किसी का कहना है कि मजदूरी को लेकर गोलीबारी हुई है। वही पुलिस के अनुसार जबतक थाने में पीड़ित की ओर से आवेदन नही दी जाती है तबतक कुछ भी कहना उचित नही है। पुलिस हर पहलू पर मामले की जांच कर रही है।

230 लीटर देशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार एक बाइक जप्त

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)



नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के चितवाबांध शिकारपुर मोड़ के समीप से 230 लीटर देशी शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार कर बाइक जप्त कर लिया गया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान शौकीन चौधरी और बढ़क चौधरी थाना क्षेत्र के सूर्यपुरा गांव निवासी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह ने बताया कि इस क्षेत्र में शराब के कारोबार की गुप्त सूचना पर तलाशी अभियान चलाया जहां एक बाइक पर सवार देशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है मामले में बताया गया कि शराब और बाइक को जप्त कर थाना लाया गया है और मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर दोनों को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है।

पटना में प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ छह तस्कर गिरफ्तार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के मालसलामी थाना क्षेत्र में देर रात की गई छापेमारी में करीब 80 लाख रुपये कीमत का प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया गया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने छह तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। तस्कर बड़ी चालाकी से कफ सिरप को मसालों के बीच छुपाकर ले जा रहे थे, लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते उनका मंसूबा नाकाम हो गया।पुलिस अधिकारियों के अनुसार मालसलामी थाना पुलिस को नगला इलाके के पास बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना में बताया गया था कि कुछ वाहन देर रात इलाके से गुजरने वाले हैं, जिनमें अवैध रूप से नशीला कफ सिरप ले जाया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत एक विशेष टीम का गठन किया गया और इलाके में नाकाबंदी कर सघन जांच शुरू की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने नगला के पास पांच बोलोरो पिकअप गाड़ियों को रोका। तलाशी लेने पर गाड़ियों में रखे तेजपत्ता और मिर्च की बोरियों के नीचे बड़ी मात्रा में कफ सिरप छुपाकर रखा गया था। जांच में सामने आया कि कुल 4500 लीटर प्रतिबंधित कफ सिरप इन वाहनों में लादा गया था। जब्त किए गए कफ सिरप की बाजार कीमत करीब 80 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तुरंत सभी वाहनों को जब्त कर लिया और मौके से छह लोगों को हिरासत में लिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डॉ. गौरव कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि ये सभी प्रतिबंधित कफ सिरप हिमाचल प्रदेश से लाए गए थे। इन्हें बिहार के कटिहार जिले में सप्लाई करने की योजना थी। कटिहार और आसपास के इलाकों में नशीले कफ सिरप की मांग को देखते हुए तस्कर इस खेप को वहां पहुंचाना चाहते थे। इस मामले में गिरफ्तार किए गए छह तस्करों की पहचान मुकेश कुमार और गुड्डू कुमार, दोनों वैशाली जिले के रहने वाले, मोहम्मद रहीम, सूर्य प्रकाश और मोहम्मद सागर, तीनों कटिहार जिले के निवासी, तथा मिथिलेश कुमार, जो सहरसा जिले का रहने वाला है, के रूप में हुई है। पुलिस का मानना है कि यह सिर्फ एक खेप का मामला नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक संगठित नेटवर्क काम कर रहा है। गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस गिरोह का सरगना कौन है और किन-किन राज्यों में इसका नेटवर्क फैला हुआ है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इससे पहले कितनी बार इसी तरह की खेप बिहार लाई गई और किन-किन जगहों पर इसकी सप्लाई की गई।

पटना में आपसी विवाद के दौरान हुआ गोलीबारी

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के बिहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत सदिसोपुर गांव में शनिवार की सुबह आपसी विवाद के बाद करीब दस अज्ञात युवकों ने एक घर को निशाना बनाते हुए फायरिंग कर दी। अचानक हुई इस गोलीबारी से पूरे इलाके में दहशत फैल गई और लोग अपने-अपने घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। घटना में घर मालिक राजेश चौधरी के पुत्र अमित कुमार के हाथ में चोट आई है, हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी को गोली लगने की पुष्टि नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की रात कुछ युवकों और राजेश चौधरी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि उस समय विवाद को किसी तरह शांत करा दिया गया था, लेकिन मामला पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। इसी रंजिश के चलते शनिवार सुबह लगभग दस की संख्या में युवक दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर राजेश चौधरी के घर पहुंचे और अचानक फायरिंग शुरू कर दी। गोली चलने की आवाज से मोहल्ले में हड़कंप मच गया। परिवार के सदस्य जान बचाने के लिए घर के अंदर इधर-उधर भागने लगे। घटना के दौरान राजेश चौधरी का पुत्र अमित कुमार घबरा कर बाहर की ओर निकला, तभी उसे हाथ में चोट लग गई। परिजन तत्काल उसे सुरक्षित स्थान पर ले गए। बताया जा रहा है कि चोट गंभीर नहीं है, फिर भी युवक को प्राथमिक उपचार दिलाया गया। फायरिंग के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गए, लेकिन पुलिस को देखकर वे अपनी दो मोटरसाइकिलें वहीं छोड़कर भाग निकले। सूचना मिलते ही बिहटा थाना प्रभारी अमित कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे इलाके को घेराबंदी कर अपने नियंत्रण में लिया। पुलिस ने मौके से दो खाली कारतूस बरामद किए हैं। साथ ही आरोपियों द्वारा छोड़ी गई दोनों मोटरसाइकिलों को जब्त कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस इसे आपसी रंजिश से जुड़ा मामला मान रही है, हालांकि सभी पहलुओं पर बारीकी से छानबीन की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि फायरिंग में शामिल युवकों की पहचान की जा सके। इसके अलावा, स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। जिन मोटरसाइकिलों को जब्त किया गया है, उनके रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर मालिकों की जानकारी निकाली जा रही है, जिससे आरोपियों तक पहुंचने में मदद मिल सके। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस मामले में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा

पटना में स्प्रे मार कर महिला से 50 हजार रुपए की लूट

सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के बिहटा थाना क्षेत्र स्थित श्री रामपुर बाजार में एक वृद्ध महिला से 50 हजार रुपये लूट लिए गए। यह घटना श्रीरामपुर बाजार स्थित इंडियन बैंक के बाहर हुई। बदमाशों ने महिला के चेहरे पर स्प्रे कर उसे बेहोश किया और फिर नकदी छीनकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, पीड़ित महिला उषा देवी बैंक से 50 हजार रुपये निकालकर बाहर आ रही थीं। तभी दो युवकों ने उनका पीछा किया और बैंक परिसर से बाहर निकलते ही उनके चेहरे पर स्प्रे कर दिया। स्प्रे के प्रभाव से महिला को चक्कर आने लगे और वह बेहोशी की हालत में हो गईं इसी दौरान, अपराधियों ने महिला के पास से रुपयों से भरा बैग छीन लिया। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों बदमाश मौके से फरार हो गए। महिला ने होश में आने पर अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी।परिजन की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें दो युवक महिला का पीछा करते और घटना को अंजाम देते साफ तौर पर दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित उषा देवी ने बताया कि बैंक से पैसे निकालने के बाद जब वह सीढ़ियों से उतर रही थीं, तभी एक युवक ने उनके चेहरे पर स्प्रे किया। कुछ दूर चलने के बाद दूसरे युवक ने दोबारा स्प्रे किया, जिससे वह पूरी तरह बेहोश हो गईं और इसी दौरान उनका बैग छीन लिया गया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

पटना में चाकू मारकर अज्ञात युवक की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के आलमगंज थाना के कंटाही घाट गंगा किनारे झाडियो से शनिवार को अज्ञात युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। जिसके शरीर और चेहरे पर धारदार हथियार के निशान है। नागरिको की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए पटना स्थित नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि मृतक की उम्र 24 से 25 वर्ष है। युवक की चाकू मार कर हत्या की गयी है। युवक की पहचान होने पर ही मामला स्पष्ट होगा। पुलिस हत्या मान कर अनुसंधान आरंभ की है। थानाध्यक्ष के अनुसार हर बिंदु पर छानबीन की जा रही है।

पटना के गोपालपुर थाना के मालखाना में लगी भीषण आग

50 से अधिक जब्त वाहन जलकर हुआ राख

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के गोपालपुर थाना के मालखाना में शनिवार को भीषण आग लगने से 50 से अधिक जब्त वाहन जलकर पूरी तरह राख हो गए। यह मालखाना सड़क किनारे घनी आबादी के बीच एक खाली जमीन पर बनाया गया था, जहां न तो छत थी और न ही चारदीवारी। खुले आसमान के नीचे लापरवाही से रखे गए वाहनों में अचानक आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल पाया लेकिन आशंका जताई जा रही है कि किसी ने सिगरेट या बीड़ी पीने के बाद वहां फेंक दिया जिससे वहां आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शनिवार दोपहर अचानक मालखाना क्षेत्र से आग की तेज लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और वहां खड़े दोपहिया व चारपहिया वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। वाहनों के टायर फटने से तेज धमाकों की आवाज सुनाई देने लगी, जिससे आसपास के लोग दहशत में आ गए। घनी आबादी होने के कारण लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थान की ओर भागने लगे। घटना की सूचना मिलते ही गोपालपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और अपने स्तर से आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि प्रयास नाकाम रहे। इसके बाद अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। दमकल की दो बड़ी गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। बताया जा रहा है कि गोपालपुर थाना में जब्त वाहनों को रखने के लिए कोई समुचित व्यवस्था नहीं थी। थाना द्वारा विभिन्न कांडों में जब्त किए गए चारपहिया और दोपहिया वाहनों को प्रखंड मुख्यालय के ठीक सामने सिरपतपुर स्थित पटना गया रोड के किनारे एक खाली जमीन पर खड़ा किया गया था। यह स्थान पूरी तरह खुला था और चारों ओर घनी आबादी बसी हुई है, जहां किसी भी समय बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। शनिवार को वही आशंका सच साबित हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी टू सदर रंजन कुमार भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, हालांकि सभी पहलुओं पर जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्तर पर लापरवाही सामने आती है तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस घटना में जब्त वाहनों के जलने से सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं, घनी आबादी के बीच इस तरह खुले मालखाना बनाए जाने पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल पुलिस और प्रशासन मामले की जांच में जुटे हुए हैं।

नकली विदेशी शराब भारी मात्रा में जब्त

विष्णुगढ़ पुलिस ने शराब माफियाओं की तोड़ी कमर प्रखंड में सक्रिय है नकली विदेशी शराब बनाने वाला गिरोह

राहुल कुमार गुप्ता,संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।

विष्णुगढ़ ।प्रखंड के नरकी अंतर्गत पिपरा के एक मकान से विष्णुगढ़ पुलिस ने छापामारी में विदेशी शराब का बड़ा खेप जब्त किया ।बताते है विदेशी शराब की रॉयल स्टेज,रॉयल चैलेंज, ब्लाइंडर प्राइड,बी 7,मैक डॉवेल्स, गॉड फादर ,ब्लॉक बस्टर, हंटर बीयर समेत भारी मात्रा मे खाली बोतल,स्टिकर,रैपर समेत दो पिक अप वाहनों को जब्त किया गया है ।विष्णुगढ़ पुलिस को सूचना मिली थी नरकी क्षेत्र में अवैध रूप से बड़े पैमाने पर नकली विदेशी शराब बनाने का किया जा रहा है जिसपर पुलिस ने छापामारी कर शराब तस्करी करने वाले माफियों के मंसूबे पर पानी फेर दिया ।तस्कर इतनी चालाकी से तस्करी करते थे कि किसी को भनक भी नहीं लगती थी ।कुछ दिनों पूर्व उत्पाद अधीक्षक रांची के द्वारा विष्णुगढ़ के आठ मिल एवं बादी खरना में छापेमारी कर बड़ी मात्रा में नकली विदेशी शराब जब्त किया था ।जिसके बाद पुनः शराब तस्कर अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए प्रखंड के क्षेत्र से शराब तस्करी कर बिहार भेजने का कार्य जोरो चल रहा था विष्णुगढ़ पुलिस ने छापामारी कर शराब माफियाओं के मंसूबों को चकनाचूर कर दिया ।छापामारी दल का नेतृत्व थाना प्रभारी सपन कुमार महथा कर रहे थे ।छापामारी में चंदन सिंह,संत कुमार पाठक, दीपक कुमार सिंह एवं पुलिस बल शामिल थे ।मामले में शराब तस्करों के विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जा रही है ।इस अवैध धंधे का सरगना के तौर पे विष्णुगढ़ से तार जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। बताया जाता है अवैध शराब के इस कारोबारी के नेटवर्क विष्णुगढ़ से बिहार तक है।

इसके गोरखधंधे में कई साझेदार शामिल हैं। जिनका नाम सामने आना बाकी है।।जाहिर है बेहद गोपनीय तरीके से संचालन कर रहे इस अवैध कारोबार के संरक्षक भी कई होंगे। जिसकी पैरोकारी पर बड़े पैमाने पर शराब बनाने का कार्य किया जा रहा था।

संघर्ष और समर्पण के पर्याय उप डाकपाल अजीत कुमार कुईला को दी गई भावभीनी विदाई

दैनिक समाज जागरण 31.01.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर

जमशेदपुर बिष्टुपुर बाजार उप डाकघर के उप डाकपाल श्री अजीत कुमार कुईला की सेवानिवृत्ति पर सिंहभूम मंडल के डाक कर्मचारियों एवं पूर्व कर्मचारी नेताओं द्वारा एक भव्य एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने श्री कुईला के कर्तव्यनिष्ठ कार्यकाल और उनके अदम्य साहस की सराहना की।

विपरीत परिस्थितियों में बने मिसालः वर्ष 2008 से नर्सों की गंभीर बीमारी से जूझने के बावजूद श्री अजीत कुमार कुईला ने कभी हार नहीं मानी। उनके समर्पण का ही परिणाम रहा कि आवंटित लक्ष्यों की प्राप्ति में उनका डाकघर पूरे सिंहभूम मंडल में प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहा। विशिष्ट अतिथि श्री सुमित रंजन (डाक निरीक्षक, जन शिकायत) ने

श्री कुईला को पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी संयम और धैर्य के साथ उत्कृष्ट कार्य करना श्री कुईला से सीखा जा सकता है। वे विभाग के लिए एक जीवंत उदाहरण और प्रेरणा स्रोत हैं। आयोजन के मुख्य सूत्रधार डाक सहायक श्री कौशिक कुमार घटवारी ने विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया और श्री कुईला को एक विशेष स्मृति चिन्ह भेंट कर इस दिन को यादगार बनाया। श्री अमरेंद्र कुमार सिंह ने उन्हें घड़ी भेंट करते हुए पुरानी यादें साझा कीं। इसके अलावा श्री प्रणब कुमार (टाटानगर), श्री जगन्नाथ साहू, श्री जे. भट्टाचार्जी, मोहम्मद अकरम अली व अन्य सहकर्मियों ने भी उपहार व मालाओं से उनका अभिनंदन किया।

सफल आयोजनः

मंच का सफल संचालन सुश्री ज्योति कुमारी (डाक सहायक) ने किया। बिष्टुपुर उप डाकघर के समस्त कर्मचारियों और एजेंटों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम की सभी उपस्थित जनों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। समारोह में सिंहभूम मंडल के कई वर्तमान व सेवानिवृत्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

बड़ाभुमरी में भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन, विधायक संजीव सरदार हुए शामिल

दैनिक समाज जागरण 31.01.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर

जमशेदपुर पोटका प्रखंड अंतर्गत बड़ाभुमरी ग्राम में श्री श्री निताई चैतन्य जिऊ क्लब के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन शनिवार को भक्तिमय वातावरण में हुआ। यज्ञ के अंतिम दिन पोटका विधानसभा के विधायक संजीव सरदार उपस्थित होकर कथा स्थल पर माथा टेका और क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए मंगल कामना की।

भागवत कथा जीवन को सही दिशा देने का माध्यम : संजीव सरदार

इस अवसर पर विधायक संजीव सरदार ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को शुद्ध और सकारात्मक दिशा देने का सर्वोच्च आध्यात्मिक माध्यम है। यह कथा मन की शुद्धि, विकारों के नाश तथा भक्ति-ज्ञान-वैराग्य की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। भागवत कथा के श्रवण से अशांत जीवन में शांति मिलती है और भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं।

भक्तिमय माहौल में हुआ ज्ञान यज्ञ का समापन

पांच दिनों तक चले इस भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। समापन के अवसर पर पूरा वातावरण भक्ति और श्रद्धा से सराबोर रहा। कथा के दौरान भजन-कीर्तन एवं धार्मिक प्रवचनों से ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

आयोजन को सफल बनाने में इनकी रही भूमिका

कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष असित कुमार मंडल, सामल मंडल, दीपक मंडल, देवाशीष मंडल, सोमेन मंडल सहित समिति के अन्य सदस्य, झामुमो के नेतागण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।